CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 322 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, बुधवार 17 दिसम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# भजनलाल ने 682 करोड रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी और कहा सरकार की भ्रष्टाचार में जीरो टॉलरेंस की नीति

## लूणकरणसर में 40 करोड़ की लागत से बनेगा अस्पताल, चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने भजनलाल सरकार ने चिकित्सा के क्षेत्र में 50000 नौकरियां दी, कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा ने भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की खूब प्रशंसा की कार्यक्रम में विधायक जेठानंद व्यास, सिद्धि कुमारी, ताराचंद सारस्वत, विजेंद्र पूनिया, मुकेश पारीक सहित पार्टी के कई अन्य बड़े नेता भी रहे मौजूद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को बीकानेर के लूणकरणसर में 682 करोड रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी और कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार में जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है चाहे कोई कितना ही प्रभावशाली व्यक्ति हो अगर वह भ्रष्टाचार में लिफ्ट पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित है लूणकरणसर में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर और कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा ने भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की खूब प्रशंसा की और कहा कि पिछले 2 साल में भजनलाल सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं और हर क्षेत्र में राजस्थान तेजी से विकास कर रहा है कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जैसे ही मंच पर आए कार्यक्रम में मौजूद हजारों लोगों ने भजनलाल जिंदाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए और सभा में उल्लास और उत्साह का माहौल छा गया कार्यक्रम में शामिल लोगों के शानदार अभिवादन और स्वागत को देखकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हाथ जोड़कर सभा में मौजूद लोगों का हंसते हुए अभिवादन किया । मंच पर प्रभारी जिला मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा , विधायक जेठानंद व्यास, सिद्धि कुमारी सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि और पार्टी के संगठन से जुड़े नेता मौजूद थे कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी अपनी उपस्थिति दिखाई सभा में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति देखकर मुख्यमंत्री शर्मा भी काफी खुश दिखे सभा में ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में आए थे और कई देर तक तालिया की कड़कड़हाट और नारों के साथ भजनलाल शर्मा का स्वागत किया गया । कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शर्मा ने लूणकरणसर में 682 करोड रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पिछले 2 साल में हमारी सरकार ने जो वादे जनता से किए थे उन वादों को पूरा करने के लिए हम जनता के बीच में गए और हमने अब तक करीब 72 प्रतिशत वादे या तो हमने पूरे कर दिए हैं या फिर प्रक्रिया में चल रहे हैं इसी तरह से हमारी सरकार ने बजट घोषणाओं में भी करीब 73 प्रतिशत घोषणाएं या तो पूरी कर दी है या फिर प्रक्रिया में चल रही हैं उन्होंने कहा कि हमने जनता से जो वादा किया उसे हम पूरा कर रहे हैं उन्होंने कहा कि पिछले 2 साल में पानी, बिजली , सड़क, चिकित्सा, शिक्षा, कृषि ,उद्योग, रोजगार , कानून व्यवस्था , महिलाओं और युवाओं का विकास इत्यादि क्षेत्रों में कई बड़े निर्णय लिए हमारी सरकार ने कई बड़ी नीतियां जारी की जिनके अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं उन्होंने कहा कि हर साल 100000 युवाओं को नौकरी देने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहे हैं करीब 92000 से ज्यादा सरकारी नौकरियां दे दी गई है और डेढ़ लाख नौकरियां प्रक्रिया में चल रही हैं इसी तरह से निजी क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाया जा रहा है महिलाओं के समूह में बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान और प्रवासी राजस्थान जैसे कार्यक्रमों के सफल आयोजन से राजस्थान अब देश में उद्योगों के क्षेत्र में भी तेजी से विकास करेगा जिसकी वजह से यहां रोजगार के ज्यादा अवसर पैदा होंगे और सरकार के खजाने को भी संबल मिलेगा उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ के समझौते में एक चौथाई समझौते हमने 1 साल के भीतर ही धरातल पर लेकर आ गए जिन्हें देखकर प्रवासी राजस्थानी भी काफी प्रभावित है इसीलिए प्रवासी राजस्थानी भी राजस्थान में निवेश के लिए आतुर हैं जिसके फल स्वरुप प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह में एक लाख करोड़ के समझौते हुए इस तरह से राइजिंग राजस्थान और प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह प्रदेश के विकास के लिए और प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने के लिए बहुत बड़ा माध्यम बनने जा रहे हैं उन्होंने कहा कि सरकार ने चिकित्सा के क्षेत्र में भी व्यापक तौर पर कार्य किया है चाहे फ्री में इलाज करने की बात हो या फिर मुफ्त में दवाई वितरण करने की बात हो हर क्षेत्र में हमारी सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है और चिकित्सा के क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में नियुक्तियां दी गई है उन्होंने कहा कि शिक्षा, पानी, सड़क सौर ऊर्जा, बिजली ,कृषि सभी क्षेत्रों में हमने बड़े-बड़े निर्णय लिए प्रदेश के सभी जिलों में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था और किसानों को खेत में समुचित पानी मिले इसके लिए कई बड़े-बड़े समझौते किए गए जिनके बहुत अच्छे परिणाम सामने आएंगे और पानी की समस्या से राजस्थान हमेशा हमेशा से छुटकारा पा लेगा उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पहले साल के कार्यकाल में पानी के क्षेत्र पर ज्यादा कार्य किया क्योंकि पानी राजस्थान की हमेशा से बड़ी समस्या रही है लेकिन हमारा दिल और हमारा मन सच्चा है इसलिए देवों के देव इंद्र भगवान भी हमसे खुश हैं जिससे पिछले 2 साल से प्रदेश में बरसात भी अच्छी हो रही है जिसकी वजह से प्रदेश के छोटे-बड़े सभी बांध पानी से भर गए हैं हमारी सरकार ने किसानों के हितों की रक्षा के लिए भी कई बड़े फैसले लिए चाहे वह प्रधानमंत्री सम्मान निधि की राशि बढ़ाने की बात हो या फिर किसानों के कर्ज माफी की बात हो हमने हर तरह से किसानों को राहत देने का कार्य किया है इतना ही नहीं किसानों को उनकी उपज का अच्छा मूल्य मिले इसके लिए भी सरकार निरंतर कार्य कर रही है शिक्षा के क्षेत्र में भी सरकार ने व्यापक तौर पर कार्य किया है मुख्यमंत्री शर्मा ने जोड़ देकर कहा कि हमारी सरकार ने पिछले 2 साल में जो कार्य किया है इतने कार्य पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार ने 5 साल में भी नहीं किया उन्होंने कहा कि हम वादा नहीं करते बल्कि काम करके दिखाते हैं उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं के पास कोई मुद्दा नहीं है क्योंकि केंद्र में जहां मोदी सरकार अपने कार्यों से पूरी दुनिया में प्रसिद्धि पा रही है तो दूसरी तरफ प्रदेश में भाजपा सरकार ने हर क्षेत्र में जनहित के बड़े-बड़े निर्णय लिए प्रदेश के युवा हमारी सरकार पर भरोसा कर रहे हैं क्योंकि पिछले 2 साल में हमने अनेक सरकारी भर्ती परीक्षाओं का आयोजन किया लेकिन एक भी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक नहीं हुआ यह हमारी बड़ी सफलता है क्योंकि पिछलेकांग्रेस पार्टी के शासनकाल में पूरे 5 साल तक एक के बाद एक सरकारी भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होते रहे जिसकी वजह से प्रदेश के युवाओं के साथ पूरे 5 साल तक ना इंसाफी और धोखाधड़ी हुई लेकिन हमारी सरकार एक तरफ जहां सरकारी भर्ती परीक्षाओं का ईमानदारी से आयोजन करवा रही है तो दूसरी तरफ हर विभाग में बड़ी संख्या में सरकारी नौकरियां निकाल कर युवाओं को रोजगार दे रही ।







### चिकित्सा के क्षेत्र में 108 करोड रुपए के कार्य

कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि लूणकरणसर में लंबे समय से अस्पताल की मांग की जा रही थी जिसे अब पूरा किया जा रहा है उन्होंने बताया कि 40 करोड रुपए की लागत से नए अस्पताल का शिलान्यास किया गया है जबकि चिकित्सा क्षेत्र में अब तक 108 करोड रुपए के कार्य पूरे किए जा चुके हैं उन्होंने बताया कि लूणकरणसर को नगर पालिका का दर्जा दिया गया है और 161 करोड रुपए के जल कार्य स्वीकृत किए गए हैं नहर के लिए 185 करोड रुपए की राशि तथा खालों इत्यादि के विकास कार्यालय के लिए भी बजट स्वीकृत किया गया है जिससे आगामी 1 वर्ष में किसानों को पर्याप्त सिंचाई जल उपलब्ध होगा उन्होंने कहा कि किसानों को अब दिन में भी बिजली दी जा रही है गोदारा ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ 100 करोड रुपए की लागत से सड़कों का निर्माण किया गया है इन सभी विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का सुमित गोदारा ने आभार जताया उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2026 तक प्रदेश की सड़क देश में सबसे बेहतर होगी ।

अश्वनी वैष्णव की विशेष पहल

## बालोतरा पचपदरा नई रेल लाइन के फ़ाइनल लोकेशन सर्वे को मिली मंजूरी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** रेलवे द्वारा राजस्थान के महत्वपूर्ण क्षेत्र बालोतरा से पचपदरा को रेल मार्ग से जोड़ने के लिए नई लाइन के कार्य हेतु फ़ाइनल लोकेशन सर्वे को मंजूरी प्रदान की गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा राजस्थान में रेल संपर्कों की कड़ी को सुदृढ़ करने के लिए क्षेत्र में रेल संपर्क के लिए विशेष पहल की जा रही है। इसी कड़ी में राजस्थान के महत्वपूर्ण क्षेत्र बालोतरा से पचपदरा 11 किलोमीटर नई लाइन के लिए फ़ाइनल लोकेशन सर्वे को मंजूरी प्रदान की गई है। फ़ाइनल लोकेशन सर्वे के कार्य के लिए 33 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। यह रेल लाइन पचपदरा को बालोतरा , बाड़मेर और आसपास के क्षेत्रों को रेलवे नेटवर्क से जोड़ेगी। साथ ही क्षेत्र का जोधपुर एवं अहमदाबाद और दिल्ली तथा जयपुर की ओर भी सम्पर्क स्थापित होगा। यह प्रस्तावित रेल मार्ग इन क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने में निर्णायक भूमिका निभाएगा । इस नई रेल लाइन के निर्माण से पचपदरा स्थित रिफ़ाइनरी तक रेल मार्ग के माध्यम से पहुंच और सुगम होगी। साथ ही रोज़गार व्यापार कृषि और स्थानीय उद्योगों के लिए नए परिवहन का विकल्प उपलब्ध होगा। बालोतरा से पचपदरा 11 किलोमीटर नई लाइन के लिए फ़ाइनल लोकेशन सर्वे पूरा होने के बाद परियोजना की वित्तीय और तकनीकी व्यवहार्यता के आधार पर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर कार्य स्वीकृत रेलवे बोर्ड स्वीकृति हेतु प्रेषित की जाएगी। रेलवे द्वारा विभिन्न क्षेत्रों को रेल नेटवर्क से जोड़ने के लिए कार्य किए जा रहे हैं ताकि क्षेत्रवासियों को अधिकाधिक रेल सुविधाएँ प्राप्त हो सके।

## खराब मौसम के कारण मंगलवार को दिल्ली एयरपोर्ट से 131 उड़ानें रद्द



जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण मंगलवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर हवाई उड़ानें बुरी तरह प्रभावित रहीं। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) के एक अधिकारी ने बताया कि खराब मौसम के चलते अब तक कुल 131 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। अधिकारी के अनुसार, इनमें 52 उड़ानें प्रस्थान और 79 उड़ानें आगमन की थीं। उत्तर भारत में सर्दियों के मौसम में घना कोहरा आम बात है, जिसका सबसे ज्यादा असर राजधानी दिल्ली पर पड़ता है। दिल्ली एयर इंडिया का प्रमुख हब भी है, इसलिए यहां की बाधाओं का असर पूरे देश के उड़ान नेटवर्क पर पड़ता है। नागर विमानन नियामक डीजीसीएम ने इस साल सर्दियों के लिए 10 दिसंबर से 10 फरवरी तक के समय को आधिकारिक फॉग विंडो घोषित किया है। इस दौरान कोहरे की वजह से उड़ानों में देरी और रद्द होने की संभावना अधिक रहती है। इसी बीच, मौसम की मार से जूझ रही एयरलाइन इंडिगो ने भी बताया कि उसने मंगलवार को अपने पूरे नेटवर्क में 113 उड़ानें रद्द कीं। इसके अलावा, दिल्ली एयरपोर्ट पर खराब मौसम के कारण बुधवार को भी 42 उड़ानें संचालित नहीं की जाएंगी। इंडिगो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि सर्दियों में उत्तर भारत में सुबह के समय कोहरा छा जाता है, जिससे कभी-कभी उड़ानों की रफ्तार धीमी पड़ जाती है। एयरलाइन ने यह भी बताया कि उसकी टीमें हालात पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और जहां संभव हो, यात्रियों की असुविधा कम करने के लिए जमीन पर जरूरी बदलाव किए जा रहे हैं।

## लाल आतंक' ने फिर डाले हथियार: 34 नक्सलियों का सरेंडर...26 पर कुल 84 लाख का इनाम

जयपुर टाइम्स

**बीजापुर (निसं.)** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मंगलवार को 34 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया ।इनमें सात महिला और 27 पुरुष कैडर हैं। ये कैडर दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी (डीकेएसजेडसी), तेलंगाना स्टेट कमेटी और आंध्र-ओडिशा बॉर्डर डिवीजन में सक्रिय थे। राज्य शासन की व्यापक नक्सल उन्मूलन नीति, शांति संवाद विकास पर आधारित सतत प्रयासों तथा पूना मारगेम पुनर्वास से पुनर्जीवन अभियान के चलते 34 माओवादी कैडरों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया है। आत्मसमर्पण करने वाले इन कैडरों पर कुल 84 लाख रुपये का इनाम घोषित था। सरेंडर करने वालों में दक्षिण सब जोनल ब्यूरो के कैडर के साथ-साथ तेलंगाना स्टेट कमेटी तथा एओबी डिवीजन से जुड़े माओवादी भी शामिल हैं। इनमें सात महिला और 27 पुरुष कैडर हैं। जिन्होंने माओवादी विचारधारा से स्वयं को अलग कर भारतीय संविधान में आस्था व्यक्त की है।

## प्रदेश में मतदाता सूची से 41.84 नाम हटाए गए, राजस्थान में फिर एसआईआर प्रक्रिया पूरी

### कई मतदाताओं की नहीं हो पाई मैपिंग इन्हें 15 जनवरी तक नोटिस दिया जाएगा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान में मतदाता सूची की पुनरीक्षण के लिए चल रही समरी रिवीजन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है इसके बाद निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को राज्य के मतदाताओं का पहला ड्राफ्ट रोल प्रकाशित कर दिया है यह कदम आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है आयोग के अनुसार इस प्रक्रिया में मतदाता सूची से कुल 41 लाख से अधिक नाम हटाए गए हैं। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार राजस्थान की 199 विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर भीम के दौरान कुल 41.54 लाख लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं इनमें से 24.80 लाख मतदाता स्थाई रूप से अन्य स्थानों पर स्थानांतरित हो चुके हैं जबकि 4.57 लाख मतदाता अनुपस्थित पाए गए इसके अलावा 8.75 लाख मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है और 3.44 मतदाता के नाम डुप्लीकेट पाए गए बाकी 27.48 लाख नाम अन्य कारण के चलते हटाए गए जानकारी केअनुसार एसआईआर प्रक्रिया में राजस्थान के कई मतदाता ऐसे पाए गए जिनकी मैपिंग नहीं हो पाई ऐसे मतदाताओं को अगले 15 जनवरी तक नोटिस दिया जाएगा इसके बाद उन्हें आवश्यक दस्तावेज जमा कर अपने नाम को मतदाता सूची में जुड़वाने का अवसर मिलेगा इसके अलावा जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में नहीं है उन्हें फॉर्म 6 के साथ एक घोषणा पत्र जमा करना होगा इस प्रक्रिया से यह सुनिश्चित किया जाता है कि सभी योग्य मतदाता चुनाव में भाग ले सकेंगे जानकारी के अनुसार मतदाता निर्वाचन विभाग की वेबसाइट पर जाकर मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं यहां नाम जचने के दो तरीके दिए गए हैं पहला तरीका एपिक नंबर के माध्यम से नाम चेक करना है दूसरा तरीका विधानसभा और भाग संख्या के आधार पर सूची डाउनलोड करके नाम चेक करना है मतदाता सूची से जिनका नाम हटाया गया है उनके लिए हटाने का कारण भी सूची में स्पष्ट रूप से बताया गया है इसके अलावा मतदाता अपने नजदीकी ब्लॉक लेवल ऑफिसर के पास जाकर ऑफलाइन भी अपना नाम चेक कर सकते हैं राजनीतिक दलों के एजेंट को भी दी गई सूची एसआईआर की ड्राफ्ट सूची केवल आम जनता के लिए ही नहींहै बल्कि राजनीतिक दलों के एजेंट के लिए भी उपलब्ध करवाई गई है इससे दलों को भी यह जानने का मौका मिलेगा कि उनके समर्थकों के नाम मतदाता सूची में है या नहीं जानकारी के अनुसार एसआईआर और ड्राफ्ट रोल का उद्देश्य मतदाता सूची को साफ सुथरा अप टू डेट और पारदर्शी बनाना है इससे चुनाव प्रक्रिया में तृतीय की संभावना कम होगी और सभी योग्य मतदाता अपने अधिकार का उपयोग कर सकेंगे मतदाता सूची की यह अपडेट नागरिकों के लिए बहुत जरूरी है क्योंकि यह सुनिश्चित करती है कि चुनाव में हर योग्य मतदाता शामिल हो और किसी का नाम अनजाने में कट ना जाए साथ ही यह राज्य की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाता है ।



### भाजपा प्रदेश कार्यालय में एसआईआर को लेकर आज कार्यशाला

एसआईआर को लेकर आज प्रदेश भाजपा कार्यालय में शाम 3:00 बजे एक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है इस कार्यशाला में कार्यशाला में भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ओपी धनखड, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी उपस्थित रहेंगे । इस कार्यशाला में मुख्यमंत्री शर्मा और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ की और से एसआईआर अभियान को अधिक सशक्त संगठित एवं जनसरोकारों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा। यह कार्यशाला संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है जिसमें एसआईआर अभियान की आगामी रूपरेखा कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश के समस्त पदाधिकारी एसआईआर अभियान के प्रभारी सह-प्रभारी एवं अभियान को लेकर अपेक्षित पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यशाला का उद्देश्य संगठन के विभिन्न स्तरों पर एसआईआर अभियान की भूमिका को स्पष्ट करना नीति निर्धारण करना तथा आगामी गतिविधियों के लिए दिशा-निर्देश प्रदान करना है।

## मथुरा में 8 बसें-3 कारें टकराईं, 13 जिंदा जलेः शरीर के टुकड़े 17 पॉलीथिन में ले गए



जयपुर टाइम्स

**मथुरा(कासं.)** मथुरा में यमुना एक्सप्रेस वे पर मंगलवार तड़के घने कोहरे ने कहर बरपा दिया। सुबह करीब 3:30 बजे बलदेव थाना क्षेत्र में 127 किलोमीटर माइलस्टोन के पास हुए भीषण सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक यात्री घायल हो गए। मंडल आयुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया है कि चार शवों की पहचान हो गई है, अन्य के शिनाख्त के लिए टीम जुटी हुई है। 17 बैग में कंकाल और जले हुए टुकड़े लाए गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना के समय दृश्यता लगभग शून्य थी। कोहरे के चलते एक के बाद एक सात बसें और तीन कारें आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी भीषण थी कि कई वाहनों में धमाके के साथ आग लग गई। आग की लपटें उठते ही बसों में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल विभाग और यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण की टीमें मौके पर पहुंचीं। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया और घायलों को वाहनों से बाहर निकाला गया। घायलों को जिला अस्पताल मथुरा, 100 शैय्या अस्पताल वृंदावन में भर्ती कराया गया है, जबकि गंभीर रूप से घायलों को एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा रेफर किया गया है। 38 लोग जिला अस्पताल में भर्ती हैं। जिनका उपचार चल रहा है। 39 बलदेव सीएचसी पर हैं। कानपुर निवासी अमन यादव ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ कार से बांके बिहारी मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। घने कोहरे के कारण कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। तभी अचानक सामने से आए वाहन ने उनकी कार में टक्कर मार दी और उसके बाद लगातार कई वाहन आपस में टकराते चले गए। हमीरपुर की नसीमा ने बताया कि वह अपने पति के साथ मजदूरी करने पानीपत जा रही थीं। उनकी बस सामने से आ रही दूसरी बस से टकरा गई, जिसके बाद उसमें तेजी से आग लग गई। किसी तरह जान बचाई जा सकी, लेकिन उनके पति गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आगरा से नोएडा की ओर जाने वाले यमुना एक्सप्रेस वे पर लंबा जाम लग गया, जिसे बाद में यातायात पुलिस ने वैकल्पिक मार्गों से सुचारू कराया।

### मंडल आयुक्त ने दी ये जानकारी

मंडल आयुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया है कि चार शवों की पहचान हो गई है, अन्य के शिनाख्त के लिए टीम जुटी हुई है। फिलहाल घटना में प्रशासन ने दस लोगों के मरने की पुष्टि कर दी है, हालांकि बीस लोगों की जिन्दा जलकर मौत होने की जानकारी मिली है।

### घने कोहरे के कारण शून्य थी दृश्यता

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घने कोहरे के कारण दृश्यता शून्य थी। इसी दरम्यान मंगलवार तड़के करीब पौने चार बजे माइलस्टोन 27 के पास एक-एक करके एक रोडवेज बस व सात डबल डेकर बसें आपस में टकरा गईं। इसके बाद पीछे से आ रहीं तीन कारें भी इन गाड़ियों में घुस गईं। हादसा होते ही चीखपुकार मच गई। बसों में फंसे यात्री खिड़कियों के शीशे तोड़कर कूदने लगे।

CMYK

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
17 दिसम्बर, 2025

# वन राज्यमंत्री शर्मा ने राज्य सरकार की द्वितीय वर्षगांठ पर तीन दिवसीय 'जिला विकास प्रदर्शनी' का किया शुभारम्भ

## 'जिला विकास पुस्तिका' का किया विमोचन

## आमजन 18 दिसम्बर तक विकास प्रदर्शनी का कर सकते हैं अवलोकन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने वर्तमान राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में '2 सालः नव उत्थान-नई पहचान, बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान' थीम पर आधारित तीन दिवसीय जिला विकास प्रदर्शनी का मंगलवार को सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय (पीआरओ ऑफिस) में फीता काटकर शुभारम्भ एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों एवं कार्यों पर आधारित जिला विकास पुस्तिका का भी विमोचन किया। इस दौरान जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, पूर्व विधायक जयराम जाटव, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता सहित प्रबुद्ध व्यक्तियों एवं



जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे। वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने प्रेसवार्ता में राज्य सरकार की दो वर्ष की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अतिथियों ने विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में विगत दो वर्ष में विभिन्न विभागों द्वारा फ्लैगशिप तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों एवं नवाचारों को प्रदर्शित किया गया है। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने राज्य सरकार के दो वर्ष के सफलतम कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन 'विकसित भारत 2047' की परिकल्पना को साकार करते हुए प्रदेश के ऊर्जावान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार राजस्थान के चहुंमुखी विकास के संकल्प को साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि विगत दो वर्ष में सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य किए गए है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा 2024-25 एवं 2025-26 में प्रदेश को विकास की ऐतिहासिक सौगाते दी है, जिनमें अधिकांशतः घोषणाएं क्रियान्वित की जा चुकी है। साथ ही प्रगतिरत बजट घोषणाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए उन्हें अमलीजामा पहनाने की दिशा में निरन्तर काम किया जा रहा है। वन राज्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अलवर को विशेष तरजीह देते हुए दोनों बजटों में विकास की ऐतिहासिक सौगाते दी हैं, जिनमें राज्य सरकार द्वारा विगत दो वर्षों में जिले में रामजल सेतु लिंक परियोजना से जोडने के कार्यों सहित सिलीसेढ पेयजल परियोजना, नटनी का बारा वियर से जयसमंद बांध तक नहर का उन्नयन कार्य, भाखेडा एनीकट निर्माण, बायोलॉजिकल पार्क, विज्ञान केंद्र, डिजिटल प्लेटेनेरियम, अखैपुरा पुलिस थाना, अलवर शहर के हनुमान सर्किल व थानागाजी में बस स्टैण्ड निर्माण कार्य नगर वन व मातृवन, गुरूनानक वाटिका, नमोवन, कन्या महाविद्यालय, महिला पॉलोटेक्निक कॉलेज, बालिका सैनिक स्कूल एवं केंद्रीय विद्यालय जैसी अनेकों सौगाते शामिल हैं, जिन्हें सकारात्मक भाव से काम करते हुए पूर्ण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अलवर शहर की पेयजल स मस्या के निदान हेतु एमएलए लैड की एक वर्ष की सम्पूर्ण राशि पेयजल को समर्पित की गई है। उन्होंने कहा कि चम्बल नदी आधारित वृहद पेयजल परियोजना से अलवर को जोडने हेतु सार्थक प्रयास किए गए हैं, जिससे जिले की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था में और अधिक सुधार होगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य किए जा रहे हैं, जिसकी वजह से अलवर स्वच्छता रैंकिंग में 364वें स्थान से 54वें पायदान पर पहुंचा है। साथ ही वायु सर्वेक्षण में 130 शहरों की श्रेणी में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सहायक निदेशक मनोज कुमार ने बताया कि जिला विकास पुस्तिका व प्रदर्शनी में राज्य सरकार के दो साल में किए गए विकास कार्यों तथा विभागों की उपलब्धियों को फ्लेग्स एवं स्टेण्टीज के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है जिसका अतिथियों एवं आमजन द्वारा अवलोकन कर सराहना की गई। उन्होंने बताया कि जिला विकास प्रदर्शनी का आमजन 18 दिसम्बर तक कार्यालय समय प्रातः 9:30 बजे से सांय 6 बजे तक अवलोकन कर सकते हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षाविद् दिनेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, एडीएम शहर बीना महावर, यूआईटी सचिव धीगदे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह, सीडीईओ महेश गुप्ता, पं. जलेसिंह सहित पत्रकारगण, जनप्रतिनिधिगण, प्रबुद्ध व्यक्ति एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील का दो दिवसीय प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन 19 व 20 को

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील का दो दिवसीय प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन 19 व 20 दिसंम्बर को अलवर मुख्यालय पर पल्लीवाल जैन महासभा भवन, हसन खान मेवाती नगर में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के मुख्य आतिथ्य एवं वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा की अध्यक्षता में होगा। वहीं बलवीर छिल्लर जिला प्रमुख अलवर, डॉ जसवंत यादव विधायक बहरोड, सुखवंत सिंह विधायक रामगढ़, करण सिंह यादव पूर्व सांसद अलवर, बन्ना राम मीणा, जयराम जाटव व अलवर जिले के समस्त शिक्षा आधिकारियों व प्रदेश भर के विशाल शिक्षकों की उपस्थिति में संपन्न होगा। जिसमें शिक्षक, शिक्षा एवं शिक्षार्थियों से संबंधित विषयों पर गहन चिंतन व चर्चा की जाएगी।

# 'सत्य की जीत, तानाशाही को करारा तमाचा'

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कांग्रेस कमेटी अलवर के पूर्व जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने नेशनल हेराल्ड मामले में दिल्ली की राउज़ एवेन्यू कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह निर्णय सत्ता और केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग पर सत्य और न्याय की ऐतिहासिक जीत है। मिश्रा ने कहा कि कोर्ट द्वारा कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी जी एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) की शिकायत को खारिज किया जाना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि इस पूरे मामले में मनी लॉन्ड्रिंग जैसा कोई अपराध था ही नहीं। उन्होंने कहा कि यह फैसला मोदी सरकार की बदनीयती और विपक्ष को दबाने के लिए की गई गैर-कानूनी कार्रवाइयों को पूरी तरह बेनकाब करता है। कांग्रेस पार्टी शुरू से ही यह कहती आ रही थी कि नेशनल हेराल्ड मामला एक राजनीतिक प्रतिशोध से प्रेरित, मनगढ़ंत और झूठा केस है, जिसका उद्देश्य गांधी परिवार और कांग्रेस नेतृत्व को बदनाम करना था। मिश्रा ने कहा कि आज न्यायालय ने इस षड्यंत्र पर पूर्ण विराम लगाते हुए यह सिद्ध कर दिया है कि अंततः जीत सत्य और संविधान की होती है, न कि तानाशाही सोच की।

# ब्लॉक स्तरीय निष्पादन समिति की बैठक संपन्न



जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)** पीएमश्री प्यारेलाल गुप्ता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में शिक्षा विभाग की ब्लॉक स्तरीय निष्पादन समिति की बैठक मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पांचवीं-आठवीं बोर्ड, वार्षिक परीक्षा, निपुण मेला, मेगा पीटीएम व विभागीय योजनाओं पर चर्चा की गई अधिकारियों ने छात्रवृत्ति, निःशुल्क पाठ्य-पुस्तक, लाडो योजना, गार्गी पुरस्कार सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। यू-डाइस पोर्टल पर डाटा अपडेट नहीं करने वाले विद्यालयों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में ब्लॉक स्तरीय अधिकारी व प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान- कार्यालयों में स्वच्छ, सुव्यवस्थित कार्य वातावरण का संदेश



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 'नव उत्थान-नई पहचान, बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान' थीम के तहत कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत प्रातः 10:00 बजे से 11:00 बजे तक कलेक्ट्रेट परिसर में सफाई अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें अतिरिक्त जिला कलेक्टर सहित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रमदान किया। कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को सफाई अभियान के दौरान कार्यालय कक्षों की सफाई की गई, फाइलों एवं अभिलेखों को व्यवस्थित किया गया तथा अनुपयोगी एवं पुराने कागज़ात को अलग कर नियमानुसार निस्तारित किया गया। साथ ही, फर्नीचर, कंप्यूटर टेबल, अलमारियों और सार्वजनिक उपयोग के स्थानों की भी समुचित सफाई की गई, जिससे कार्यालय वातावरण अधिक स्वच्छ एवं कार्य के अनुकूल बन सके। इस अवसर पर अधिकारियों ने कर्मचारियों को नियमित स्वच्छता अपनाने, कार्यालयों में अनावश्यक सामग्री न रखने तथा स्वच्छता को दैनिक कार्यसंस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।



# बुढ़वाल में विकास रथ का स्वागत

जयपुर टाइम्स

**बहरोड़(निसं.)** राजस्थान सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर मंगलवार को ग्राम पंचायत बुढ़वाल में विकास रथ का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि व भाजपा नेता बस्तीराम यादव एडवोकेट मुख्य अतिथि रहे।

# ग्राहक जागरण से ही रुकेगा साइबर क्राइम-ग्राहक पंचायत

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा राष्ट्रीय ग्राहक दिवस के उपलक्ष्य में 15 से 31 दिसंबर तक राष्ट्रीय स्तर पर ग्राहक जागरण पखवाड़े का आयोजन किया जाता है। इसी के चलते अलवर इकाई द्वारा मंगलवार को नगर बगीची स्तिथ स्काउट एवं गाइड मुख्यालय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राहक पंचायत के जिला सह सचिव चंद्रमोहन 'मी' ने बताया कि मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में स्काउट रेंजर्स के मध्य बोलते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुनील कुमार जैन ने कहा आपदा में अवसर ढूँढने वालों के कारण इस देश में ग्राहक संगठन की आवश्यकता हुई जिससे ग्राहक पंचायत का गठन हुआ। उन्होंने कहा कि वर्तमान में तेजी से बढ़ रहे साइबर क्राइम को रोकने के लिए आमजन को ही जागरुक होना पड़ेगा। उपभोक्ता अधिनियम 2019 का उल्लेख करते हुए कहा कि अब नए अधिनियम के प्रावधानों से भ्रामक प्रचार पर लगाम लगी है जिस कारण शोषण में कमी आयी हैं। उन्होंने ग्राहक पंचायत की उपलब्धियों पर भी चर्चा की। इस अवसर पर पूर्व प्रांत आयाम प्रमुख एडवोकेट रचना गोयल ने साइबर क्राइम पर चर्चा करते हुए कहा कि आज वाट्सअप, इन्स्टाग्राम, फेसबुक व अन्य सोशल साइट्स के जरिए ऑनलाइन ठगी की जा रही है । यह ठगी 80' लालच में, 15' जल्दबाजी में एवं 5'अनजाने में होती हैं। अगर हम लालच छोड़ दें तो ठगी से बच सकते है। उन्होंने ऑनलाइन गेम्स एवं ओ टी टी प्लेटफॉर्म के दुष्परिणामों का भी विस्तृत उल्लेख किया। नगर अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि हमें खरीददारी करते समय सतर्क रहने की आवश्यकता है। इस अवसर पर स्काउट गाइड सीओ मुख्यालय राजेंद्र प्रसाद मीना ने कहा कि हमें फ्री के लालच में नहीं पड़ना चाहिए। इस दौरान सी ओ गीता सिंह एवं सुरेश कुमार ने भी संबोधित किया।

# सुरेर ग्राम पंचायत में अव्यवस्थाओं से ग्रामीण परेशान

## कांग्रेस युवा नेता चंदन पारीक ने उठाई आवाज

जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)** राजगढ़ उपखंड की सुरेर ग्राम पंचायत में बुनियादी सुविधाओं की कमी से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में स्वास्थ्य, सफाई और सड़क-प्रकाश व्यवस्था बदहाल बनी हुई है, जिससे आमजन का जनजीवन प्रभावित हो रहा है ग्रामीणों एवं कांग्रेस के युवा नेता चंदन पारिक ने बताया कि ग्राम स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पर आवश्यक दवाइयों का अभाव बना हुआ है, जिससे मरीजों को उपचार के लिए बाहर जाना पड़ रहा है। वहीं, गांव की नालियां लंबे समय से भरी हुई हैं, जिससे गंदगी फैल रही है और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है इसके साथ ही गांव में रोड लाइटें बंद पड़ी हैं या पर्याप्त संख्या में नहीं होने से रात के समय अंधेरा छाया रहता है जिससे दुर्घटनाओं और असामाजिक गतिविधियों की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं किया गया कांग्रेस के युवा नेता चंदन पारिक ने कहा कि सुरेर ग्राम पंचायत की इन गंभीर समस्याओं को लेकर वे जल्द ही प्रशासन के समक्ष सभी मुद्दे रखेंगे और ग्रामीणों को राहत दिलाने के लिए संघर्ष करेंगे।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत समृद्ध कृषि उन्नत किसान का मूलमंत्र हो रहा साकारः भागीरथ चौधरी

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली/जयपुर/(निसं.) भीलवाड़ा** संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने मंगलवार को राजस्थान के भीलवाड़ा से सांसद दामोदर अग्रवाल द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में विकसित कृषि संकल्प अभियान की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी सदन में रखी। मंत्री ने बताया कि यह अभियान देशभर में किसानों को आधुनिक, संतुलित और वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से जोड़ने की दिशा में एक प्रभावी पहल साबित हुआ है। 34 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में चल रहा अभियान : केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की ओर से देशभर में इस अभियान के तहत 2170 टीमों द्वारा 7970 कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 728 जिलों के 1.40 लाख से अधिक गांवों से जुड़े 1.35 करोड़ से अधिक किसानों ने भागीदारी की। इनमें लगभग 95.07 लाख पुरुष किसान और करीब 40 लाख महिला किसान शामिल रहीं। यह अभियान 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कृषि एवं उससे जुड़ी आर्थिक गतिविधियों पर केंद्रित रहा, जिससे जमीनी स्तर पर किसानों की वास्तविक जरूरतों के अनुसार सरकारी सहायता सुनिश्चित की गई। अभियान का राजस्थान में विशेष तौर पर क्रियान्वयन : केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने विशेष रूप से राजस्थान का उल्लेख करते हुए बताया कि राज्य में किसानों तक नवीन और उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी पहुंचाने के लिए 103 टीमों के माध्यम से 3641 कार्यक्रम संचालित किए गए। इन कार्यक्रमों के जरिए 41 जिलों के 7349 गांवों में 8.9 लाख से अधिक किसानों तक सीधी पहुंच बनाई गई, जिनमें 6.19 लाख पुरुष और 1.90




लाख महिला किसान शामिल रहे। अभियान का मुख्य उद्देश्य खरीफ मौसम के लिए संतुलित, उन्नत एवं आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रति किसानों को जागरूक करना रहा। किसानों की मांग और जरूरत के अनुसार सहायता प्रदान किए जाने के कारण राजस्थान इस अभियान में देश में चौथे स्थान पर रहा, जो राज्य में इसके प्रभावी क्रियान्वयन को दर्शाता है। भीलवाड़ा जिले की जानकारी साझा करते हुए भागीरथ चौधरी ने बताया कि यहां दो टीमों द्वारा 90 कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें 22,883 किसानों ने भाग लिया। अभियान के अंतर्गत देशभर में बड़ी संख्या में किसानों को सम्मानित किया गया तथा एफपीओ, कृषि उद्यमियों, नवाचारकर्ताओं और स्वयं सहायता समूहों को जोड़ा गया, जिससे कृषि कल्याणकारी योजनाओं और सरकारी सहायता की सीधी पहुंच किसानों तक सुनिश्चित हुई। इससे संस्थागत सुदृढ़ता के साथ-साथ तकनीकी नवाचार को भी बढ़ावा मिला है। तमिलनाडु में खेती किसानी की मजबूती के लिए बेहतर काम : इसके साथ ही केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने तमिलनाडु से आने वाले सांसद गणों की ओर से पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में आईसीएआर एवं उसके अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा वहां किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की भी जानकारी दी।

# अलवर की डॉ. दीपिका बनी राजस्थान अंडर-19 छात्रा वर्ग स्कूल बॉस्केटबॉल टीम की चीफ कोच

## अलवर में छाई खुशी

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अलवर जिले की डॉ. दीपिका अरोड़ा को फिर से शिक्षा विभाग ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। इन्हें स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया (SGFI) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में डायरेक्टरेट एजुकेशन राजस्थान बीकानेर द्वारा राजस्थान अंडर-19 स्कूली छात्रा बास्केटबॉल टीम की चीफ कोच नियुक्त किया गया है। राजस्थान टीम 2 से 6 जनवरी 2026 तक बाड़मेर में आयोजित होने वाली अंडर-19 स्कूल बॉस्केटबॉल चैंपियनशिप में भाग ले रही है। वर्तमान में डॉ दीपिका शिक्षा विभाग में Sr. PET के पद पर कार्यरत हैं और इन्हें राष्ट्रीय प्रतियोगिता की जिम्मेवारी पांचवीं बार दी जा रही है। गौरव का विषय है कि गत वर्ष भी अंडर 19 टीम को श्रेष्ठ प्रशिक्षण देकर रजत पदक दिलवा चुकी हैं। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार सोनी ने बताया की राष्ट्रीय स्तर पर डॉ. दीपिका का शानदार रिकार्ड रहा है, जो कि विद्यालय के लिए गर्व की बात है। डॉ. दीपिका ने बताया कि विभाग ने मुझ पर एक बार फिर भरोसा जताया मेरे लिए सम्मान का विषय है और मेरी पूरी कोशिश रहेगी कि मैं अपने विभाग का नाम रोशन करूं और 19 वर्ष छात्रा बास्केटबॉल राजस्थान टीम का एक बार फिर से भारत में परचम लहराए इसके लिए मैं पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हूं।



## नव उत्थान - नई पहचान, बढ़ता राजस्थान

# सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ, जिला विकास पुस्तिका का विमोचन

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ एवं जिला विकास पुस्तिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला एवं राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं पूर्व विधायक रामहित सिंह यादव द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी, जिला उपाध्यक्ष राजेश बटवाड़ा, पूर्व सभापति अशोक डाटा, मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, जिला महामंत्री पवन यादव, तरुण दुलानी की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं पूर्व विधायक किशनगढ़ बास रामहेत सिंह यादव ने कहा कि यह



कार्यक्रम केवल सरकार के दो वर्ष की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य यह बताना है कि जनसेवकों द्वारा जनता से किए गए वादों और आश्वासनों को पूर्ण ईमानदारी एवं प्रतिबद्धता के साथ धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं एवं विभिन्न योजनाओं में इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि जनता से किए गए वादे समयबद्ध रूप से पूरे हों। उन्होंने कहा कि यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन से खैरथल-तिजारा क्षेत्र में विकास कार्य तेज गति से हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं, महिलाओं, किसानों, गरीबों एवं वंचित वर्गों को केंद्र में रखकर समग्र विकास की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना का प्रचार-प्रसार कर पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने की बात भी कहीं। कार्यक्रम के दौरान अतिथिगणों द्वारा पीएम आवास योजना 2.0 शहरी के तहत दो लाभार्थियों को 50 हजार-50 हजार के चेक तथा पीएम स्वनिधि योजना के तहत 25 हजार का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। अतिथिगणों ने प्रदर्शनी में स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, राजीविका, पंज गौरव, जिला अग्रणी बैंक, वन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता एवं महिला एवं बाल विकास के स्टॉल्स का अवलोकन किया और निर्देश दिए कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत अधिक से अधिक पात्र लोगों को इस योजना से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कृषि विभाग को इस विषय में कार्यशालाएं आयोजित करने के निर्देश भी दिए। कार्यक्रम में सभी जिला स्तरीय अधिकारी गण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन शारीरिक शिक्षक हरवीर भड़ाना द्वारा किया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से आम जनता को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर पारदर्शिता, सुशासन एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देते हुए विकास के मार्ग को और अधिक प्रशस्त करने का प्रयास किया गया।

राज्य जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
17 दिसम्बर, 2025

# मुझे जगह, समय और दिन बता दें, मुझे जहां भी बुलाएंगे डिबेट में आने को तैयार हूं: जूली

## भजनलाल सरकार के 72 प्रतिशत वादे पूरे करने के दावे को नेता प्रतिपक्ष ने बताया 72 प्रतिशत का धोखा बताया

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने मंगलवार को जयपुर में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया और इस संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को खुली चुनौती देते हुए कहा कि हमारी सरकार के 5 साल के कार्यकाल और वर्तमान सरकार के 2 साल के कार्यकाल के बारे डिबेट करने को मैं पूरी तरह से तैयार हूं मुझे स्थान जगह और समय बता दीजिए मैं डिबेट के लिए हाजिर हो जाऊंगा जूली ने कहा कि पिछले 2 साल में सरकार हर क्षेत्र में विफल साबित हुई है प्रदेश का विकास पूरी तरह से थम गया है और प्रदेश की जनता बुरी तरह से त्रस्त है उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री2 साल बाद पहली बार प्रेस वार्ता कर रहे हैं जो यह दर्शाता है कि वे मीडिया और जनता के प्रति कितने गंभीर हैं। सरकार का यह दावा कि उन्होंने संकल्प पत्र के 72 प्रतिशत वादे पूरे कर दिए हैं वास्तव में यह वादे पूरे नहीं हुए बल्कि प्रदेश की जनता के साथ 72 प्रतिशत का धोखा है। प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने कहा कि किसान सम्मान निधि घोषणा पत्र में राशि 12,000 रुपए करने का वादा था बिना किसी चरणबद्ध शर्त के। लेकिन सरकार ने केवल 9000 रुपए दिए हैं। यह वादाखिलाफी है।उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन 2025 तक हर घर जल का वादा फेल हो चुका है। दिसंबर 2025 की समय सीमा सिर पर है और 34 लाख घर अभी भी प्यासे हैं। इस साल 20 लाख के लक्ष्य के मुकाबले 8 महीने में मात्र 1.66 लाख कनेक्शन दिए गए हैं। जूली ने कहा कि समर्थन मूल्य पर खरीद के मूंग, उड़द और मूंगफली की खरीद के वादे हवा हो गए। किसान टोकन के लिए तरस रहे हैं और फर्जी गिरदावरी के जरिए व्यापारियों को फायदा पहुँचाया जा रहा है। गेहूं पर 2700 रु और बाजरे के समर्थन मूल्य का वादा भी अधूरा है प्रतिपक्ष के नेता जूली ने कहा कि ट्रांसफर प्रदेश में तबादला उद्योग खुल गया है। 8 लाख कर्मचारी ठगे गए हैं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की लिस्ट व राजनीतिक द्वेष के आधार पर तबादले हो रहे हैं उन्होंने कहा कि स्कूल ड्रेस योजना में 1200 रु के वादे के मुकाबले केवल 600 रु दिए जा रहे हैं। इसमें भी जनरल ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के गरीब बच्चों को बाहर कर सरकार ने भेदभाव किया है। जूली ने कहा किपशुधन बीमा योजना वेंटिलेटर पर है। कांग्रेस राज में 80 लाख पशु पंजीकृत थे अब गिरकर 20 लाख रह गए हैं। 90 प्रतिशत से अधिक दावे खारिज किए जा रहे हैं। प्रतिपक्ष के नेता ने कहा कि एक साल में सभी रिक्त पद भरने का वादा था लेकिन शिक्षा विभाग में ही 1.25 लाख पद खाली पड़े हैं। हर संभाग में आईआईटी एआईआईएमएस की तर्ज पर संस्थान खोलने का वादा था लेकिन पुराने संस्थानों के नाम बदलने के अलावा एक भी नया संस्थान नहीं खोला गया। जमीन नीलामी रोकने के लिए कोई कानून नहीं लाया गया। कांग्रेस सरकार के कृषि ऋण राहत आयोग को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। जूली ने कहा कि पेट्रोल-डीजल वैट कम कर गुजरात-हरियाणा के बराबर दाम करने का वादा पूरा नहीं हुआ जनता आज भी महंगा तेल खरीद रही है। उन्होंने कहा कि सरकार कर्ज लो और घी पियो की नीति पर चल रही है। 2 साल में 1.55 लाख करोड़ का कर्ज बढ़ा है। हर राजस्थानी पर अब 1 लाख रुपये का कर्ज है। विकास से ज्यादा ब्याज पर खर्च हो रहा है यह बेहद चिंताजनक है कि सरकार ने विकास कार्यों पर केवल 15,397 करोड़ रुपये खर्च किए जबकि उससे कहीं ज्यादा 19676 करोड़ रुपये केवल ब्याज चुकाने में खर्च कर दिए। प्रदेश का विकास ठप है जूली ने कहा कि केंद्र से 39193 करोड़ की उम्मीद थी मिले केवल 7,171 करोड़ । कुल 2,717 घोषणाओं में से मात्र पूरी हुई हैं। 72 प्रतिशत से अधिक घोषणाएं या तो अधूरी हैं या उन पर काम ही शुरू नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कानून और शांति व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ चुकी है । भ्रष्टाचार के मामलों में सरकार अभियोजन स्वीकृति नहीं दे रही है जबकि कांग्रेस सरकार ने 1800 से अधिक स्वीकृतियां दी थीं। नेता प्रतिपक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार द्वारा स्वीकार की गई अरावली की नई परिभाषा 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ी अरावली नहीं का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 90 प्रतिशत अरावली 100 मीटर से कम है। यह फैसला अरावली को खत्म कर खनन माफियाओं को लीगल परमिट देने जैसा है। यह फैसला राजस्थान को रेगिस्तान बनाने का षड्यंत्र है जिसका कांग्रेस पुरजोर विरोध करेगी। प्रतिपक्ष के नेता जूली ने कहा किभाजपा ने 2014-18 के बीच रिफाइनरी का काम रोककर इसकी लागत 37000 करोड़ से बढ़ाकर 79000 करोड़ कर दी जिससे जनता पर 40000 करोड़ का बोझ पड़ा। जिस 90 प्रतिशत काम का श्रेय आज सरकार ले रही है वह कांग्रेस सरकार की देन है। बजट में अगस्त 2025 में उत्पादन शुरू करने का लिखित वादा अब झूठ साबित हो गया है। मुख्यमंत्री द्वारा 5 साल बनाम 2 साल की तुलना को बेमानी बताते हुए जूली ने कहा कांग्रेस ने 2 साल कोरोना के बावजूद ऑक्सीजन की कमी से मौत नहीं होने दी जबकि आज सामान्य दिनों में अस्पतालों में अव्यवस्था है। कांग्रेस ने 5 साल में 310 कॉलेज और 7 यूनिवर्सिटी खोलीं भाजपा ने 2 साल में एक भी नई यूनिवर्सिटी नहीं खोली बल्कि 3 मेडिकल कॉलेज बंद कर दिए।चिरंजीवी ओपीएस राइट टू हेल्थ और गिग वर्कर एक्ट जैसे जनकल्याणकारी फैसलों को इस सरकार ने या तो बंद कर दिया या अटका दिया।नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह सरकार केवल होर्डिंग और विज्ञापनों में चल रही है। धरातल पर किसान युवा और आमजन परेशान हैं। सरकार को झूठे आंकड़े पेश करने के बजाय जनता से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी के पक्ष में दिल्ली की अदालत के नेशनल हेराल्ड मामले में दिए फैसले का स्वागत करते हुए जूली ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा राहुल गांधी जी और सोनिया गांधी जी की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया था। इस फैसले से एक बार फिर दूध का दूध और पानी का पानी हो गया है और नरेंद्र मोदी द्वारा रचा गया षड्यंत्र पूरे देश के सामने आ गया है।मनरेगा का नाम बदले जाने को लेकर भी जूली ने इस योजना में बदलाव को मजदूरों के साथ बड़ा धोखा बताया। उन्होंने कहा भाजपा वाले गांधी जी के आदर्शों की बातें तो करते हैं लेकिन इनकी सोच एकदम गोडसे वाली है मनरेगा योजना के साथ जो अभी हुआ है ये मजदूरों के साथ बड़ा धोखा है।एक अख़बार द्वारा विधायकों के स्टिंग ऑपरेशन के मुद्दे पर जूली ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मांग की कि इस पूरे मामले की जांच करवाएं ताकि सच सामने आ सके एवं जनप्रतिनिधियों की विश्वसनीयता कायम रह सके।इस प्रेस वार्ता में उपनेता प्रतिपक्ष रामकेश मीणा चीफ व्हिप रफीक खान और प्रदेश कांग्रेस कोषाध्यक्ष रोहित बोहरा भी मौजूद रहे।

## मनरेगा का नाम बदले पर कांग्रेस की ओर से आज पूरे प्रदेश में जोरदार होगा प्रदर्शन


जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भाजपा की केन्द्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को निरस्त करने के लिए एक विधेयक पेश करने का चिंताजनक व सुनियोजित कदम उठाया है जिसके विरूद्ध आज राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार राजस्थान प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर जिला कांग्रेस कमेटियों द्वारा केन्द्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व मीडिया चेयरपर्सन स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा एक सोची समझी साजिश के तहत् मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना को कमजोर किया जा रहा है मनरेगा के तहत् मजदूरी के वित्त पोषण की जिम्मेदारी केन्द्र सरकार की थी जिससे यह एक वास्तविक राष्ट्रीय रोजगार गारंटी बनती थी। नया विधेयक को पेश कर केन्द्र सरकार इस जिम्मेदारी से पीछे हट रही है और बोझ राज्यों पर डाला जा रहा है। केन्द्र सरकार के इस कदम का विरोध करने का निर्णय अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा लिया गया है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार आज सभी जिला कांग्रेस कमेटियों द्वारा जिला मुख्यालयों पर महात्मा गांधी के चित्रों को साथ लेकर भाजपा की केन्द्र सरकार के विरूद्ध विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे तथा जनता को अवगत करवाया जाएगा कि केन्द्र सरकार द्वारा लाया जा रहा नया कानून करोड़ों लाभार्थियों को किस प्रकार प्रभावित करेगा। यह प्रदर्शन महात्मा गांधी के चित्रों के साथ किए जाएंगे जो कि केन्द्र सरकार द्वारा उनके नाम व मूल्यों को मिटाने के प्रयास के विरूद्ध प्रतिरोध का प्रतीक है।



## भारत गौरव ट्रेनें भारत की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने का सशक्त माध्यमः मदन राठौड़

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ द्वारा भारत गौरव ट्रेनों के संचालन को लेकर उठाए गए प्रश्नों के उत्तर में केंद्र सरकार ने इस महत्वाकांक्षी योजना की व्यापक सफलता और दूरदर्शी सोच को स्पष्ट किया है। राठौड़ के सवाल के जवाब में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सदन को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेल ने नवंबर 2021 में भारत गौरव ट्रेन नीति लागू की जिसका उद्देश्य भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत धार्मिक स्थलों और ऐतिहासिक धरोहरों को देश और दुनिया के सामने प्रस्तुत करना है। इस नीति के तहत थीम-आधारित पर्यटन सर्किट ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है, जिनमें सेवा प्रदाताओं को पूरी स्वतंत्रता दी गई है कि वे बाजार की मांग और व्यावसायिक व्यवहार्यता के अनुसार पर्यटन कार्यक्रम तय कर सकें। इसमें राजस्थान जैसे पर्यटन-समृद्ध राज्य के सर्किट भी प्रमुखता से शामिल किए जा रहे हैं। मदन राठौड़ ने बताया कि भारत गौरव ट्रेन योजना से देश के विभिन्न क्षेत्रों के बीच संपर्कता मजबूत हुई है और पर्यटन को अभूतपूर्व बढ़ावा मिला है। अब तक भारतीय रेल के 11 जोनों में 22 सेवा प्रदाता पंजीकृत किए जा चुके हैं जो वर्तमान में 12 रेकों का संचालन कर रहे हैं। इन ट्रेनों के माध्यम से 30 नवंबर 2025 तक 362880 पर्यटकों को लेकर 590 यात्राएँ संचालित की जा चुकी हैं, जो भारत के 24 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रमुख पर्यटन स्थलों को कवर करती हैं। यह आंकड़े इस योजना की लोकप्रियता और सफलता को स्वयं प्रमाणित करते हैं। राठौड़ ने भारत गौरव ट्रेनों को मोदी सरकार की विरासत भी विकास भी की सोच का सशक्त उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि निजी भागीदारी को प्रोत्साहन देकर सरकार ने न केवल रेलवे सेवाओं को आधुनिक बनाया है, बल्कि पर्यटन स्थानीय रोजगार और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति दी है। कुल मिलाकर भारत गौरव ट्रेन योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक मंच पर स्थापित करने और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मजबूत और सकारात्मक कदम के रूप में उभर कर सामने आई है।

## राज्यसभा में मदन राठौड़ के सवाल का केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने दिया सटीक जवाब

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने विधि आयोग के सशक्तिकरण को लेकर विधि और न्याय मंत्री से संसद के पटल पर महत्वपूर्ण सवाज लगाए। राठौड़ ने चुनाव सुधार और मानहानि कानून जैसे संवेदनशील विषयों का समयबद्ध तथा प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के संबंध में सवाल लगाए। राठौड़ के सवाल के जवाब में विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बताया कि मंत्रालय भारतीय विधि आयोग की सभी रिपोर्ट को संबंधित मंत्रालयों और विभागों को भेजकर उनकी गहन समीक्षा और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन सुधार और मानहानि विधियों से जुड़ी सिफारिशों पर भी गंभीरता से कार्य किया जा रहा है तथा इनके क्रियान्वयन की प्रगति पर लगातार निगरानी रखी जाती है। संसदीय स्थायी समिति की सिफारिशों के अनुरूप संसद के दोनों सदनों के समक्ष लंबित विधि आयोग की रिपोर्टों की स्थिति को दर्शाने वाला वार्षिक विवरण भी नियमित रूप से प्रस्तुत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में विधि आयोग में दो विधि अधिकारी तैनात हैं और आवश्यकता के अनुसार समय-समय पर विधिक सलाहकारों की नियुक्ति कर उन्हें विधिक अनुसंधान का दायित्व सौंपा जाता है। इससे आयोग के शोध कार्यों को मजबूती मिलती है और दीर्घकालिक कानूनी सुधारों की दिशा में ठोस आधार तैयार होता है। न्यायिक जवाबदेही के मुद्दे पर सरकार ने स्पष्ट किया कि पूर्व में न्यायिक मानक और जवाबदेही विधेयक 2010 पेश किया गया था हालांकि लोकसभा के विघटन के कारण वह विधेयक समाप्त हो गया। वर्तमान में उच्च न्यायपालिका के लिए स्थापित इन-हाउस प्रक्रिया के तहत न्यायाधीशों के आचरण से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की व्यवस्था मौजूद है जिससे न्यायिक गरिमा और पारदर्शिता बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही न्यायिक परिसंपत्तियों के प्रकटीकरण को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय लिया है कि न्यायाधीशों की संपत्तियों का विवरण सार्वजनिक डोमेन में, सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। यह निर्णय न्यायिक प्रणाली में पारदर्शिता और जनविश्वास को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है। राठौड़ ने इस विषय पर सरकार की पहल को न्यायिक सुधारों की दिशा में सकारात्मक कदम बताते हुए विधि आयोग को और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## कोटपूतली में बदमाशों के चंगुल से ट्रांसपोर्टर को पुलिस ने छुड़वाया, बदमाश फरार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** सोमवार की आधी रात विभिन्न गाड़ियों में सवार बदमाशों ने कोटपूतली में डेंटल कॉलेज के पास स्थित खेमजी मोटर्स ट्रांसपोर्ट कंपनी के दफ्तर पर धावा बोल दफ्तर में तोड़फोड़ करने के बाद बदमाश दफ्तर में बैठे ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक भीम सिंह शेखावत को अगवा करके ले गए सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आसपास के इलाके में नाकाबंदी करवाई और विभिन्न सड़क मार्गों पर पुलिस ने पहरा मजबूत किया पुलिस ने हरियाणा दिल्ली और आसपास की अन्य राज्यों की पुलिस को भी इस घटना के बारे में बताया इसके बाद कई राज्यों की पुलिस की ओर से अपने-अपने क्षेत्र में विभिन्न सड़क मार्गों पर सघन नाकाबंदी शुरू की गई इस बीच पुलिस बदमाशों का पीछा करते हुए हरियाणा की सीमा में घुस गई जहां पर बोल गांव के पास पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से भी सिंह शेखावत को मुक्त करवाया जानकारी के अनुसार विभिन्न गाड़ियों में सवार बदमाशों को यह एहसास हो गया था कि पुलिस ने सभी रास्तों पर नाकाबंदी तेज कर दी है इसलिए पुलिस की कड़ी कार्रवाई को देखते हुए बदमाशों ने अगवा ट्रांसपोर्टर भीम सिंह को बोल गांव के पास रात के अंधेरे में छोड़ दिया हालांकि पुलिस और बदमाशों के बीच कुछ ही दूरी का फासला रह गया था अन्यथा पुलिस बदमाशों को भी पकड़ लेती लेकिन इस ऑपरेशन में पुलिस ने बहुत ही शानदार तरीके से बदमाशों का पीछा किया जिसकी वजह से पुलिस की कड़ी नाकाबंदी को देखते हुए बदमाश घबरा गए हालांकि बदमाश रात के अंधेरे में फरार होने में कामयाब जरूर हो गए लेकिन पुलिस उन्हें चिन्हित करने का प्रयास कर रही है जब ट्रांसपोर्ट कार्यालय में बदमाश घुसे थे और अगवा करके ट्रांसपोर्टर को लेकर जा रहे थे यह दृश्य वहां मौजूद सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है इसलिए सीसीटीवी कैमरे के रिकॉर्ड के आधार पर बदमाशों को चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है पुलिस अगवा ट्रांसपोर्टर भीम सिंह शेखावत से भी पूछताछ करके यह पता लग रही है कि इस घटना के पीछे कोई पुरानी रंजिश या कोई व्यापारिक प्रति स्पर्धा तो नहीं है या कोई पैसे का लेनदेन तो नहीं है क्योंकि बदमाशों ने बाकायदा ऑफिस में तोड़फोड़ की है और फिर वह पैदा करने के लिए वे भी सिंह शेखावत को अपने साथ उठ भी ले गए इसलिए पुलिस को संदेह है कि किसी पुरानी रंजिश की वजह से बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया है इसलिए पुलिस भीम सिंह शेखावत से पूछताछ करके बदमाशों तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है पुलिस को संदेह है कि हो सकता है इस मामले में जिन्होंने भीम सिंह का अपहरण किया वह भाड़े के बदमाश हो इसलिए पुलिस पहन के पीछे इस पूरे घटनाक्रम को किसने अंजाम दिलवाया इस दिशा में भी अपनी जांच को आगे बढ़ा रही है ।

# आज हनुमानगढ़ कलेक्टर कार्यालय पर किसानों की महापंचायत, किसान नेता राकेश टिकैत भी आएंगे

## कांग्रेस विधायक अभिमन्यु पूनिया ने कहा ऐसा कौन सा कारण जिसकी वजह से फैक्ट्री को बंद करने का निर्णय सरकार नहीं ले पा रही

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के हनुमानगढ़ जिले में टिब्बी क्षेत्र में एथेनॉल फैक्ट्री को बंद करने की मांग को लेकर आज हनुमानगढ़ जिलाधीश कार्यालय पर बड़ी संख्या में किसानों के एकत्रित होने की संभावना है क्योंकि पिछले कुछ दिनों से इस सभा को सफल और ऐतिहासिक बनाने के लिए तथा सभा में ज्यादा से ज्यादा लोगों को एकत्रित करने के लिए आसपास के क्षेत्र में गांव-गांव जाकर लोगों को पीले चावल बताकर इस महापंचायत में आने की अपील की गई थी इस महा पंचायत को लेकर पूरे हनुमानगढ़ जिले में ही नहीं बल्कि श्रीगंगानगर जिले से भी बड़ी संख्या में यहां किसानों के आने की बात कही जा रही है क्योंकि इस मीटिंग में राष्ट्रीय किसान नेता राकेश टिकेट और कई बड़े किसान नेताओं के आने की बात कहीं जा रही है इस महापंचायत को लेकर कांग्रेस पार्टी के स्थानीय जनप्रतिनिधि भी युद्ध स्तर पर महापंचायत को सफल बनाने के प्रयासों में जुटे हुए हैं इसके लिए कांग्रेस विधायक अभिमन्यु पूनिया ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित करके कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी की सरकार ने इस फैक्ट्री को शुरू करने की अनुमति दी थी तो किसानों के इतने बड़े विरोध प्रदर्शन को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी को इस फैक्ट्री को बंद करने का आदेश जारी करने में कहां दिक्कत आ रही है उन्होंने कहा कि वैसे तो प्रदेश की भजनलाल सरकार ने पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार के कई फसलों को रद्द किया है और कई जन कल्याणकारी योजनाओं को या तो रद्द कर दिया या फिर उन्हें कमजोर कर दिया अब इस फैसले में फैक्ट्री को बंद करने के आदेश देने में सरकार को क्या परेशानी हो रही है उन्होंने कहा कि ऐसा कौन सा कारण है जिसकी वजह से प्रदेश सरकार इस फैक्ट्री को बंद नहीं करने का निर्णय ले रही है यह एक गंभीर विषय है कहीं ना कहीं किसी केंद्रीय मंत्री के दबाव में भाजपा की सरकार इस फैक्ट्री को बंद नहीं कर रही है जबकि इस फैक्ट्री को बंद करने की मांग को लेकर पिछले कई दिनों से किसान आंदोलन कर रहे हैं किसान अपना सारा कार्य छोड़कर कड़ाके की ठंड में इस फैक्ट्री को बंद करने की मांग कर रहे हैं किसान की मांग बिल्कुल वाजिब है क्योंकि इस फैक्ट्री के संचालन से एक तरफ जहां भूमि की उर्वरा शक्ति खत्म हो जाएगी तो दूसरी तरफ इलाके का प्रदूषण भी काफी खराब हो जाएगा जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए काफी नुकसानदायक होगा इसीलिए किसान इस फैक्ट्री को लेकर सड़कों पर है जानकार लोगों का कहना है कि कांग्रेस पार्टी के विधायक और संगठन से जुड़े नेता भी इस मामले को लेकर किसानों के समर्थन में खड़े हुए हैं पिछले दिनों जब आंदोलनकारी किसान फैक्ट्री के अंदर घुसकर वहां उत्पाद मचाया था उस समय पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े थे और हल्का बल प्रयोग भी किया था जिसकी वजह से कांग्रेस विधायक अभिमन्यु पूनिया की भी चोट आई थी इस मामले में फैक्टरी प्रशासन की ओर से दर्ज करवाई गई रिपोर्ट में अभिमन्यु पूनिया को भी आरोपी बनाया गया है पुनिया वर्तमान में विधायक हैं इसलिए पुलिस रिपोर्ट में उनका नाम होने से इस मामले की जांच सीआईडी सीबी को दी गई है लेकिन इतना जरूर है इस मामले को कांग्रेस पार्टी ने भी पूरी तरह से अपने हाथ में ले लिया है भले ही किसान महापंचायत के नाम पर आज हनुमानगढ़ जिलाधीश कार्यालय पर महापंचायत का आयोजन हो रहा हो लेकिन यह भी सत्य है कि इस आयोजन में कांग्रेस पार्टी के नेता पूरी तरह से किसानों के समर्थन में हैं इसलिए इस महापंचायत में आज बड़ी संख्या में लोगों के आने की बात कही जा रही है किसान महापंचायत को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर लिए हैं अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर बुलाया गया ।

# कोर्ट ने फिल्म निर्माता निर्देशक विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी की अंतिम जमानत खारिज की, जेल में काटनी पड़ेगी रातें

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** उदयपुर पुलिस की ओर से 30 करोड़ की धोखाधड़ी के आरोप में अरेस्ट किए गए विख्यात फिल्म निर्माता निर्देशक विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेतांबर भट्ट की अंतिम जमानत कोर्ट ने मंगलवार को खारिज करती है विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी को अब उदयपुर जेल में ही रातें बितानी पड़ेगी जानकारी के अनुसार उदयपुर के डॉक्टर अजय से फिल्म निर्माण में मोटा मुनाफा देने की बात कह कर आरोपी विक्रम भट्ट ने करीब 30 करोड रुपए अलग-अलग किस्तों में ले लिए थे लेकिन पैसे लेने के बाद आरोपी विक्रम भट्ट ने न तो उन्हें अपने वादे के मुताबिक विक्रम भट्ट न तो फिल्म की इनकम में उन्हें हिस्सा दिया और ना ही उनके पैसे वापस लौट आए इसके बाद पीड़ित डॉक्टर ने उदयपुर पुलिस में मामला दर्ज करवाया था जिसके बाद उदयपुर पुलिस आरोपी विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेतांबर भट्ट को मुंबई से ट्रांजिट डिमांड पर उदयपुर लेकर आई थी यहां दोनों पति-पत्नी से पुलिस ने पूछताछ करके इन्हें कोर्ट में प्रस्तुत किया बाद में कोर्ट ने दोनों पति-पत्नी को नायक अभिरक्षा में जेल में भेज दिया इस दौरान विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी ने स्वास्थ्य का हवाला देकर कोर्ट से अंतिम जमानत के लिए रिक्वेस्ट की थी जिस पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोनों पति-पत्नी की अंतिम जमानत को खारिज कर दिया हालांकि पत्रकारों से बातचीत के दौरान विक्रम भट्ट ने कहा था कि उन पर लगाए गए सभी एलिगेशन बिल्कुल गलत है कहीं ना कहीं पीड़ित और उनके बीच में मिसअंडरस्टैंडिंग की वजह से यह सारा विवाद खड़ा हुआ है इसे जल्दी ही सुलझा लिया जाएगा लेकिन विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी के इस मामले में अरेस्ट होने के बाद कहीं ना कहीं मुंबई के फिल्म उद्योग से जुड़े लोग भी इस मामले से काफी स्तब्ध है क्योंकि विक्रम भट्ट कई फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं अच्छे निर्माता निर्देशक में इनकी गिनती होती है लेकिन एक प्रतिष्ठित व्यक्ति की ओर से जिस तरह से उनके खिलाफ 30 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया और उसके बाद उदयपुर पुलिस की जांच में विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी दोषी पाए गए हैं तो कहीं ना कहीं मुंबई फिल्म जगत के प्रति लोगों के भरोसे में भी कमी आना स्वाभाविक है ।

संपादकीय जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
17 दिसंबर, 2025

## कहानी

### प्रायश्चित

अगर कबरी बिल्ली घर-भर में किसी से प्रेम करती थी तो रामू की बहू से, और अगर रामू की बहू घर-भर में किसी से घृणा करती थी तो कबरी बिल्ली से। रामू की बहू, दो महीने हुए मायके से प्रथम बार ससुराल आई थी, पति की प्यारी और सास की दुलारी, चौदह वर्ष की बालिका। भंडार-घर की चाभी उसकी करधनी में लटकने लगी, नौकरों पर उसका हुक्म चलने लगा, और रामू की बहू घर में सब कुछ; सासजी ने माला ली और पूजा-पाठ में मन लगाया। लेकिन ठहरी चौदह वर्ष की बालिका, कभी भंडार-घर खुला है तो कभी भंडार-घर में बैठे-बैठे सो गई। कबरी बिल्ली को मौक़ा मिला, घी-दूध पर अब वह जुट गई। रामू की बहू की जान आफ़त में और कबरी बिल्ली के छक्के-पंजे। रामू की बहू हाँडी में घी रखते-रखते ऊँघ गई और बचा हुआ घी कबरी के पेट में। रामू की बहू दूध ढककर मिसरानी को जिन्स देने गई और दूध नदारद। अगर बात यहीं तक रह जाती, तो भी बुरा न था, कबरी रामू की बहू से कुछ ऐसा परच गई थी कि रामू की बहू के लिए खाना-पीना दुश्वार। रामू की बहू के कमरे में रबड़ी से भरी कटोरी पहुँची और रामू जब आए तब तक कटोरी साफ़ चटी हुई। बाज़ार से बालाई आई और जब तक रामू की बहू ने पान लगाया बालाई ग़ायब। रामू की बहू ने तय कर लिया कि या तो वही घर में रहेगी या फिर कबरी बिल्ली ही। मोर्चाबंदी हो गई, और दोनों सतर्क। बिल्ली फँसाने का कठघरा आया, उसमें दूध बालाई, चूहे, और भी बिल्ली को स्वादिष्ट लगने वाले विविध प्रकार के व्यंजन रखे गए, लेकिन बिल्ली ने उधर निगाह तक न डाली। इधर कबरी ने सरगर्मी दिखलाई। अभी तक तो वह रामू की बहू से डरती थी; पर अब वह साथ लग गई, लेकिन इतने फ़ासिले पर कि रामू की बहू उस पर हाथ न लगा सके। कबरी के हौसले बढ़ जाने से रामू की बहू को घर में रहना मुश्किल हो गया। उसे मिलती थीं सास की मीठी झिड़कियाँ और पतिदेव को मिलता था रूखा-सूखा भोजन। एक दिन रामू की बहू ने रामू के लिए खीर बनाई। पिस्ता, बादाम, मखाने और तरह-तरह के मेवे दूध में ओटे गए, सोने का वर्क चिपकाया गया और खीर से भरकर कटोरा कमरे के एक ऐसे ऊँचे ताक़ पर रखा गया, जहाँ बिल्ली न पहुँच सके। रामू की बहू इसके बाद पान लगाने में लग गई। उधर बिल्ली कमरे में आई, ताक़ के नीचे खड़े होकर उसने ऊपर कटोरे की ओर देखा, सूँघा, माल अच्छा है, ताक़ की ऊँचाई अंदाज़ी। उधर रामू की बहू पान लगा रही है। पान लगाकर रामू की बहू सासजी को पान देने चली गई और कबरी ने छलाँग मारी, पंजा कटोरे में लगा और कटोरा झनझनाहट की आवाज़ के साथ फ़र्श पर। आवाज़ रामू की बहू के कान में पहुँची, सास के सामने पान फेंककर वह दौड़ी, क्या देखती है कि फूल का कटोरा टुकड़े-टुकड़े, खीर फ़र्श पर और बिल्ली डटकर खीर उड़ा रही है। रामू की बहू को देखते ही कबरी चपत। रामू की बहू पर ख़ून सवार हो गया, न रहे बाँस, न बजे बाँसुरी, रामू की बहू ने कबरी की हत्या पर कमर कस ली। रात-भर उसे नींद न आई, किस दाँव से कबरी पर वार किया जाए कि फिर ज़िंदा न बचे, यही पड़े-पड़े सोचती रही। सुबह हुई और वह देखती है कि कबरी देहरी पर बैठी बड़े प्रेम से उसे देख रही है। रामू की बहू ने कुछ सोचा, इसके बाद मुस्कुराती हुई वह उठी। कबरी रामू की बहू के उठते ही खिसक गई। रामू की बहू एक कटोरा दूध कमरे के दरवाज़े की देहरी पर रखकर चली गई। हाथ में पाटा लेकर वह लौटी तो देखती है कि कबरी दूध पर जुटी हुई है। मौक़ा हाथ में आ गया, सारा बल लगाकर पाटा उसने बिल्ली पर पटक दिया। कबरी न हिली, न डुली, न चीख़ी, न चिल्लाई, बस एकदम उलट गई। आवाज़ जो हुई तो महरी झाड़ू छोड़कर, मिसरानी रसोई छोड़कर और सास पूजा छोड़कर घटनास्थल पर उपस्थित हो गईं। रामू की बहू सर झुकाए हुए अपराधिनी की भाँति बातें सुन रही है। महरी बोली- अरे राम! बिल्ली तो मर गई। माँजी, बिल्ली की हत्या बहू से हो गई, यह तो बुरा हुआ। मिसरानी बोली- माँजी, बिल्ली की हत्या और आदमी की हत्या बराबर है, हम तो रसोई न बनाएँगी, जब तक बहू के सिर हत्या रहेगी। सास जी बोलीं- हाँ, ठीक तो कहती हो, अब जब तक बहू के सर से हत्या न उतर जाए, तब तक न कोई पानी पी सकता है, न खाना खा सकता है, बहू, यह क्या कर डाला? महरी ने कहा- फिर क्या हो, कहो तो पंडितजी को बुलाय लाई।

# भारतीय हितों को बल देने वाला दौरा..




*हाल की गाजा शांति योजना के कुछ हद तक सफल होने के साथ यह उम्मीद बढ़ी है कि आइमेक आखिरकार लागू किया जा सकता है। एक उदार अरब देश के रूप में जार्डन ने 1994 में ही इजरायल के साथ संबंधों को सामान्य कर लिया था। यरूशलम में विवादित अल-अक्सा मस्जिद के संरक्षक के रूप में जार्डन प्रांतीय शांति बहाल करने और आइमेक को शुरू करने में मुख्य भूमिका अदा कर सकता है। वर्ष 2018 में मोदी और जार्डन के किंग अब्दुल्लाह ने दिल्ली में 1,500 इस्लामी विद्वानों, शिक्षाविदों और मौलवियों को संबोधित किया था और उदार इस्लाम को आगे लाकर अतिवाद और आतंकवाद को खारिज करने की आवश्यकता पर जोर दिया था। इस धुरी पर भारत-जार्डन और करीब आएंगे, क्योंकि जार्डन पाकिस्तान से उत्पन्न हो रहे कट्टरपंथी जिहाद के खतरे से चिंतित है। ओमान के साथ भारत की पुरानी सामरिक साझेदारी रही है जो खाड़ी क्षेत्र में सबसे पहले सिरे चढ़ी थी। भारत-ओमान मुक्त व्यापार समझौते से द्विपक्षीय कारोबार को नई ऊर्जा मिलेगी। वर्ष*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जार्डन, इथियोपिया और ओमान के दौरे पर हैं। सतही तौर पर देखें तो लगता है कि इन तीनों देशों का भारतीय विदेश नीति के लिए कोई विशेष महत्व या सुर्खियां बटोरने वाली अहमियत नहीं है। इसके बावजूद सच्चाई यही है कि कूटनीति समाचारों में सनसनी से प्रेरित नहीं होती है। मोदी की विदेश यात्राओं के गंतव्यों का चयन दीर्घकालिक राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाने के आधार पर किया जाता है। इस संदर्भ में जार्डन और ओमान भारत के 'लिंक एंड एक्ट वेस्ट' रणनीति यानी कि पश्चिमी एशिया से जुड़ाव और सक्रिय रिश्ते बनाने की कवायद के लिहाज से अहम हैं। इसी तरह अफ्रीकी महाद्वीप में पैठ और ग्लोबल साउथ के नेतृत्व की दृष्टि से इथियोपिया का भी उतना ही महत्व है। मोदी सरकार ने आर्थिक कूटनीति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इस उद्देश्य की पूर्ति में जार्डन के साथ साझेदारी बहुत उपयोगी होगी। भारत पहले से ही जार्डन का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। मोदी की यात्रा के दौरान आयोजित हो रहा 'व्यापार मंच' इस साझेदारी को नए आयाम देगा। जार्डन के उर्वरक और परिधान क्षेत्र में भारतीय निवेश काफी बड़ा है और निर्यात में वृद्धि लाने वाले उद्यमों को बढ़ावा देना दोनों देशों के लिए लाभकारी होगा। जार्डन के साथ द्विपक्षीय सहयोग से भी अधिक महत्व क्षेत्रीय सहभागिता में है। जार्डन भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आइमेक) का प्रमुख भागीदार है। जार्डन खाड़ी देशों को रेल लाइनों के माध्यम से इजरायल के हाइफा बंदरगाह से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी है, जो यूरोप के साथ व्यापार को सुगम बनाता है। दुर्भाग्यवश अक्टूबर 2023 से इजरायल और हमास के बीच घमासान युद्ध के चलते आइमेक को मूर्त रूप देने की योजना में विलंब हुआ है। हाल की गाजा शांति योजना के कुछ हद तक सफल होने के साथ यह उम्मीद बढ़ी है कि आइमेक आखिरकार लागू किया जा सकता है। एक उदार अरब देश के रूप में जार्डन ने 1994 में ही इजरायल के साथ संबंधों को सामान्य कर लिया था। यरूशलम में विवादित अल-अक्सा मस्जिद के संरक्षक के रूप में जार्डन प्रांतीय शांति बहाल करने और आइमेक को शुरू करने में मुख्य भूमिका अदा कर सकता है। वर्ष 2018 में मोदी और जार्डन के किंग अब्दुल्लाह ने दिल्ली में 1,500 इस्लामी विद्वानों, शिक्षाविदों और मौलवियों को संबोधित किया था और उदार इस्लाम को आगे लाकर अतिवाद और आतंकवाद को खारिज करने की आवश्यकता पर जोर दिया था। इस धुरी पर भारत-जार्डन और करीब आएंगे, क्योंकि जार्डन पाकिस्तान से उत्पन्न हो रहे कट्टरपंथी जिहाद के खतरे से चिंतित है।

ओमान के साथ भारत की पुरानी सामरिक साझेदारी रही है जो खाड़ी क्षेत्र में सबसे पहले सिरे चढ़ी थी। भारत-ओमान मुक्त व्यापार समझौते से द्विपक्षीय कारोबार को नई ऊर्जा मिलेगी। वर्ष 2022 में संयुक्त अरब अमीरात के साथ भारत ने मुक्त व्यापार समझौता करके आर्थिक साझेदारी के मोर्चे पर ऊंची छलांग लगाई थी और ओमान के संग भी वैसी ही आशाएं हैं। याद रहे कि ओमान में भारतीय मूल के लगभग सात लाख प्रवासी रहते हैं और इसी 'मानवीय सेतु' के जरिये पारस्परिक वाणिज्यिक लेनदेन में वृद्धि होगी। प्रारंभिक योजनाओं में तो ओमान आइमेक से बाहर है, लेकिन ओमान के सलालाह, सोहार और दुक्म बंदरगाह अरब सागर तक सीधी पहुंच प्रदान करते हैं।

इन्हें होर्मुज से होकर गुजरने वाले जोखिम भरे मार्ग, जहां ईरान और उसके प्रतिद्वंद्वी अक्सर संघर्षरत रहते हैं, के विकल्प के रूप में आइमेक में एकीकृत किया जा सकता है। अप्रैल 2025 में ओमान और नीदरलैंड के बीच विश्व का सबसे पहला 'तरल हाइड्रोजन गलियारा' बनाने की पहल से ओमान स्वचालित रूप से आइमेक के ग्रीन कारिडोर में प्रवेश कर चुका है। भारतीय कंपनियां इन उपक्रमों की हिमायती और लाभार्थी हैं। ओमान भारत का मजबूत रक्षा साझेदार भी है। भारत की तीनों सेनाएं ओमान की सेनाओं के साथ संयुक्त अभ्यास करती हैं। ओमान का दुक्म बंदरगाह भारतीय नौसेना के समुद्री दस्यु विरोधी अभियानों, वाणिज्यिक जहाजों पर हमलों से निपटने के प्रयासों और पश्चिमी हिंद महासागर में सामुद्रिक शक्ति के तौर पर उपस्थिति के लिहाज से महत्वपूर्ण है। भारतीय वायु सेना को ओमान से अपने जगुआर लड़ाकू विमानों के लिए अतिरिक्त पुर्जे भी मिलने वाले हैं। एक तटस्थ देश के रूप में ओमान भारत को चीन और अमेरिका के अलावा महत्वपूर्ण तीसरे बड़े खिलाड़ी के रूप में देखता है, जो उसकी विदेश नीति को संतुलित करने में मदद करेगा। यह विचार भारतीय रणनीति से मेल खाता है, क्योंकि भारत खाड़ी में स्वयं को प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने में लगा है। इथियोपिया की बात करें तो भारत उसका दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और वह भारत को शुल्क मुक्त निर्यात करके कारोबार बढ़ाने का इच्छुक है। भारतीय कंपनियां वहां के शीर्ष तीन विदेशी निवेशकों में शामिल हैं। दवा एवं परिधान क्षेत्रों में भारतीय कंपनियों की उपस्थिति निरंतर बढ़ने पर है। विनिर्माण में भी भारतीय कंपनियां खासी सक्रिय हैं, जो वहां बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करती हैं। अफ्रीका में उद्योगीकरण और कौशल विकास के अभाव की पूर्ति भारत कर रहा है, जो चीन जैसे प्राकृतिक संसाधनों के शोषक और कर्ज के जाल में फंसाने वाले उत्पीड़क देश के रवैये से उलट है। इथियोपिया में ही अफ्रीकी संघ का मुख्यालय है और वह ब्रिक्स का भी पूर्ण सदस्य बन चुका है। वर्ष 2011 में इथियोपिया पहले ही भारत-अफ्रीका शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर चुका है

## सम्पादकीय

### नफरत की भावना में डूबे लोगों को रोक पाना एक मुश्किल चुनौती



ऑस्ट्रेलिया में सिडनी के बोंडी समुद्र तट पर आतंकी हमले से फिर यही साबित हुआ है कि वैश्विक स्तर पर तमाम आतंकरोधी कवायदों के बावजूद अब भी इस समस्या से पार पाना एक बड़ी चुनौती है। हथियारों से लैस पिता और पुत्र ने बोंडी समुद्र तट के पास हनुका नामक कार्यक्रम के लिए जमा हुए यहूदी समुदाय के लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें पंद्रह लोग मारे गए और कई घायल हो गए। पुलिस के वहां पहुंचने पर हुई मुठभेड़ में एक हमलावर मारा गया और दूसरा घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। गनीमत यह रही कि वहां मौजूद एक अन्य साधारण व्यक्ति ने अपनी जान जोखिम में डाल कर एक बंदूकधारी पर हमला कर दिया और उसकी बंदूक छीन ली। इस तरह उसने कई लोगों की जान बचा ली। माना जा रहा है कि इस आतंकी घटना के पीछे हमलावरों के भीतर यहूदी विरोध की भावना थी। पिछले कुछ समय से आस्ट्रेलिया में यहूदी विरोधी भावनाओं के जोर पकड़ने को लेकर चिंताएं जताई जा रही थीं। गौरतलब है कि विश्व भर में आतंकी वारदात की प्रकृति में बदलाव आया है और आतंकियों के भीतर आम नागरिकों को निशाना बनाने की प्रवृत्ति बढ़ी है। इसके बावजूद आस्ट्रेलिया की सरकार ने एक खास मौके पर ज्यादा लोगों के जमावड़े वाली जगह पर एहतियाती सुरक्षा इंतजाम पुख्ता रखने की जरूरत नहीं समझी। यह सवाल इसलिए भी गंभीर है कि हाल के दिनों में आस्ट्रेलिया में कई स्तर पर नस्लीय आग्रहों के आधार पर हमले और विरोध के मामले सामने आते रहे हैं। यों भी, अपने नागरिकों की सुरक्षा के मद्देनजर हर समय चाक-चौबंद इंतजाम रखना सरकार का दायित्व है, लेकिन सरेआम अंधाधुंध गोलीबारी की ताजा घटना से साफ है कि सरकार इसमें नाकाम हुई। हालांकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस हमले की निंदा हुई है और आस्ट्रेलिया की सरकार से लेकर मुस्लिम-अरब देशों की ओर से भी आतंकवाद और हिंसा के सभी रूपों को खारिज किया गया है। मगर यह भी सच है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना और विरोध के बावजूद किसी समुदाय से नफरत की भावना में डूबे लोगों को रोक पाना एक मुश्किल चुनौती है। गौरतलब है कि इससे पहले इजराइल में लगभग इसी तरह के एक जमावड़े में हमास के आतंकवादियों ने यहूदी समुदाय के लोगों पर हमला किया था और उसमें बारह सौ से ज्यादा की मौत हो गई थी। उसका अंजाम आज भी हमास और इजराइल के युद्ध और उससे उपजी त्रासदी के रूप में दुनिया के सामने है। इसी प्रकृति के एक अन्य हमले में भारत में कश्मीर के पहलगाम में हमलावरों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलीबारी कर कई लोगों को मार डाला था। आस्ट्रेलिया के बोंडी समुद्र तट पर हुए आतंकी हमले का एक पहलू बेहद अहम है कि जहां बंदूकधारी हमलावरों की पहचान मुसलिम बताई गई है, वहीं अपनी जान हथेली पर रख कर उनसे भिड़ने और एक हमलावर को रोकने में कामयाब रहा व्यक्ति भी मुस्लिम समुदाय से ही है। इसे आतंकवाद के विरुद्ध एक स्वतः स्फूर्त इंसानी प्रतिक्रिया के तौर पर देखा जा सकता है, जिसकी जरूरत समूची दुनिया में महसूस की जा रही है।

# भाजपा में पीढ़ीगत परिवर्तन का संदेश



बिहार से भाजपा विधायक नितिन नवीन को कार्यकारी भाजपा अध्यक्ष बनाया जाना केवल एक संगठनात्मक पदोन्नति नहीं है, बल्कि भाजपा के भीतर चल रही पीढ़ीगत, क्षेत्रीय और रणनीतिक पुनर्संरचना की अभिव्यक्ति है। यह निर्णय ऐसे समय में सामने आया है, जब पार्टी लगातार तीसरी बार केंद्र में सत्ता संभालने के बाद अब दीर्घकालिक राजनीतिक स्थिरता, नेतृत्व के उत्तराधिकार और संगठनात्मक विस्तार की नई चुनौतियों से जूझ रही है। नितिन की राजनीति अपेक्षाकृत शांत, संगठन-केंद्रित और कार्यकर्ता-आधारित रही है। भाजपा के संगठनात्मक ढांचे में ऐसे नेताओं की भूमिका अक्सर निर्णायक होती है, क्योंकि पार्टी स्वयं को 'कैडर आधारित' संगठन के रूप में प्रस्तुत करती रही है। नितिन का उभार इस दावे को फिर से पुष्ट करता है कि भाजपा में केवल चुनाव जीतने वाले चेहरों को ही नहीं, बल्कि संगठन को चलाने वाले लोगों को भी निर्णायक भूमिकाएं दी जाती हैं। नितिन का चयन यह भी संकेत देता है कि भाजपा अब बिहार को केवल गठबंधन राजनीति के संदर्भ में नहीं, बल्कि राष्ट्रीय नेतृत्व निर्माण के केंद्र के रूप में भी देख रही है। इस निर्णय का एक और महत्वपूर्ण पहलू पीढ़ीगत परिवर्तन से जुड़ा है। भाजपा की पहली पीढ़ी का नेतृत्व, जो राम जन्मभूमि आंदोलन, मंडल के बाद की राजनीति और पिछली सदी के अंतिम दशक की वैचारिक लड़ाइयों से निकला था, अब धीरे-धीरे हाशिये पर जा रहा है। दूसरी पीढ़ी, जिसने 2014 के बाद सत्ता और संगठन दोनों को संभाला, अब परिपक्वता के चरण में है। ऐसे में तीसरी पीढ़ी के नेताओं को आगे लाने की आवश्यकता स्वाभाविक है। नितिन तीसरी पीढ़ी के प्रतिनिधि के रूप में देखे जा सकते हैं, जो न तो अतीत की वैचारिक लड़ाइयों के बोझ से दबे हैं और न ही केवल सत्ता के सुख से परिभाषित हैं। भाजपा आज जिस दौर में है, वहां सबसे बड़ी चुनौती विचारधारा को नए संदर्भों में प्रासंगिक बनाए रखने की है। राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक अस्मिता और विकास-ये तीनों स्तंभ भाजपा की राजनीति के केंद्र में रहे हैं, लेकिन बदलते सामाजिक और आर्थिक संदर्भों में इनकी व्याख्या भी बदलनी पड़ रही है। किसी भी बड़े दल में नेतृत्व परिवर्तन या नए पदों का सृजन आंतरिक संतुलन को प्रभावित करता है। नितिन का उभार उन नेताओं के लिए भी एक संदेश है, जो लंबे समय से राष्ट्रीय स्तर पर भूमिका की प्रतीक्षा कर रहे थे। यह संदेश स्पष्ट है कि संगठन में निरंतर सक्रियता, अनुशासन और नेतृत्व के प्रति निष्ठा का पुरस्कार मिलता है। विपक्षी दल अक्सर भाजपा पर यह आरोप लगाते रहे हैं कि पार्टी व्यक्ति-केंद्रित होती जा रही है और संगठनात्मक लोकतंत्र कमजोर हो रहा है। ऐसे में कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे पद का सृजन और उस पर अपेक्षाकृत कम विवादित, संगठनात्मक पृष्ठभूमि वाले नेता की नियुक्ति, इन आरोपों का आंशिक उत्तर भी है। यह भाजपा की उस छवि को मजबूत करता है, जिसमें वह स्वयं को एक 'संस्था' के रूप में प्रस्तुत करती है, न कि केवल व्यक्तियों के समूह के रूप में। इस निर्णय का सामाजिक अर्थ भी है। नितिन नवीन जिस सामाजिक पृष्ठभूमि से आते हैं, वह भाजपा के उस प्रयास को दर्शाता है, जिसमें वह अपनी सामाजिक आधारभूमि को लगातार विस्तारित करना चाहती है। पिछले एक दशक में पार्टी ने विविध सामाजिक समूहों को नेतृत्व में स्थान देने की कोशिश की है। नितिन का चयन इसी सामाजिक पुनर्संयोजन का हिस्सा माना जा सकता है। कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद अक्सर पूर्ण राष्ट्रीय अध्यक्ष की भूमिका की तैयारी के रूप में भी देखा जाता है। यदि नितिन इस भूमिका में सफल रहते हैं तो वे शीर्ष नेतृत्व में एक स्थायी स्थान बना सकते हैं। यह निर्णय बताता है कि भाजपा केवल वर्तमान चुनावी गणित में नहीं उलझी है, बल्कि आने वाले दशक की राजनीति को ध्यान में रखकर अपने नेतृत्व और संगठन को ढाल रही है। नितिन नवीन का उभार इसी दीर्घकालिक सोच का परिणाम और प्रतीक है। पिछले कुछ वर्षों में यह देखा गया है कि जिन दलों में संगठन कमजोर हुआ, वहां सत्ता टिकाऊ नहीं रह सकी। कांग्रेस इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। भाजपा इस अनुभव से सीखते हुए संगठन को निरंतर सक्रिय, अनुशासित और भविष्य के लिए तैयार रखने की रणनीति पर काम कर रही है। नितिन ऐसे समय राष्ट्रीय भूमिका में आए हैं, जब भाजपा को कई स्तरों पर नए प्रश्नों का सामना करना पड़ रहा है। आर्थिक विकास की गति, रोजगार, सामाजिक असंतोष, संघीय ढांचे पर उठते सवाल और विपक्ष की धीरे-धीरे बनती एकजुटता। इसके लिए संगठनात्मक स्तर पर निरंतर संवाद, फीडबैक और रणनीतिक लचीलापन आवश्यक है। ऐसे समय जब राजनीति में ध्रुवीकरण एक स्थायी स्थिति बनता जा रहा है, तब भाजपा द्वारा एक संयमित और संगठन-केंद्रित चेहरा सामने लाना पार्टी की छवि-संतुलन की रणनीति का हिस्सा हो सकता है।

# फिर वही बेतुकी मांग, चुनाव सुधार पर चर्चा



राज्यसभा में चुनाव सुधार पर चर्चा करते हुए कांग्रेस ने जिस तरह फिर से बैलेट पेपर से चुनाव कराने की अपनी मांग पर बल दिया, उससे यदि कुछ स्पष्ट हो रहा है तो यही कि वह एक ऐसा माहौल बनाने पर काम कर रही है, जिससे देश की चुनाव प्रक्रिया ही संदिग्ध हो जाए। ऐसा माहौल बनाने का उसका मकसद यह प्रचारित करना है कि भारत में लोकतंत्र खतरे में पड़ चुका है। ध्यान रहे कि राहुल गांधी देश ही नहीं, विदेश में भी भारतीय लोकतंत्र को खतरे में बता चुके हैं। यह भी छिपा नहीं कि वे लंबे समय से वोट चोरी के मुद्दे को तूल दे रहे हैं। पहले उन्होंने हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव नतीजों के हवाले से वोट चोरी के मसले को उछाला, फिर चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर के बहाने ऐसा करना शुरू कर दिया। कांग्रेस नेता केवल चुनाव प्रक्रिया पर ही सवाल नहीं उठा रहे हैं, वे यह भी प्रचारित कर रहे हैं कि वह भाजपा से मिला हुआ है और मोदी सरकार के इशारे पर एसआइआर करा रहा है। यह प्रचारित करने के लिए ही पिछले दिनों दिल्ली में आयोजित कांग्रेस की रैली में चुनाव आयोग और मोदी सरकार, दोनों पर निशाना साधा गया। इस रैली में प्रधानमंत्री के खिलाफ कांग्रेस नेताओं ने आपत्तिजनक नारे लगाकर अपनी खीझ ही उतारी। चुनाव सुधार के नाम पर ईवीएम पर सवाल उठाना और बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग करना एक तरह से देश को बैलगाड़ी युग में ले जाना है। क्या इससे बड़ी विडंबना और कोई हो सकती है कि जिस कांग्रेस ने ईवीएम के उपयोग की अनुमति दी, वही आज उसके खिलाफ खड़ी है? ईवीएम को संदिग्ध बताने के लिए न जाने कितने लोग हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट जा चुके हैं, लेकिन उन्हें मुंह की ही खानी पड़ी है। इसके बाद भी बैलेट पेपर वाली चुनाव प्रक्रिया को भरोसेमंद बताने की बेतुकी मांग होती रहती है। इस मांग का समर्थन करने वाले अधिक दल नहीं हैं, लेकिन कांग्रेस अपना रवैया बदलने को तैयार नहीं। वह यह समझने को तैयार नहीं कि उसकी ओर से ईवीएम को लेकर जो नैरेटिव बनाया जा रहा है, उसमें कोई दम नहीं। यह एक ऐसा घिसा हुआ बेकार का नैरेटिव है, जिसका कहीं कोई असर नहीं। यदि कांग्रेस अपनी कमजोरियों पर ध्यान देन

## स्थायी प्रभारी नियुक्त करने की स्वायत्त शासन मंत्री से की मांग

जयपुर टाइम्स

**नावां(निस)।** शहर में राज्य सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर 'शहरी समस्या समाधान शिविर-2025' का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 16 से 24 दिसंबर तक चलेगा। इसका उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना है, जिसमें पूर्व के लंबित और नए आवेदन शामिल हैं। हालांकि, शिविर के निरीक्षण में कई व्यवस्थागत कमियां सामने आई हैं। इस संबंध में नगरपालिका मंडल नावां की अध्यक्ष सायरी गांधी ने शहरी विकास व स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा को पत्र लिखा है। उन्होंने 14 दिसंबर को जारी संशोधित आदेश के तहत आयोजित शिविर में खामियों की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान पता चला कि नगरपालिका नावां में कोई स्थायी शिविर प्रभारी अधिकारी मौजूद नहीं है। पालिका के कनिष्ठ अभियंता नरेंद्र सारस्वत को दो दिन के लिए नगरपालिका बोरावड़ का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। इसी तरह, नगर परिषद कुचामन सिटी के आयुक्त शिकेश कांकरिया भी अन्य नगरपालिकाओं के अतिरिक्त प्रभार के कारण शिविर में उपस्थित नहीं हो पाए। अध्यक्ष सायरी गांधी ने बताया कि अधिकारियों पर अतिरिक्त कार्यभार होने से इस महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी शिविर में आमजन के लंबित प्रकरणों का समय पर निस्तारण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने मांग की है कि नावां में शहरी समस्या समाधान शिविर-2025 के लिए एक स्थायी और नियमित अधिकारी नियुक्त किया जाए, ताकि जनता की समस्याओं का प्रभावी ढंग से समाधान हो सके।

### 19 दिसंबर को मुख्यमंत्री का धौलपुर प्रस्तावित दौरा

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रस्तावित यात्रा की तैयारियों का लिया जायजा

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिले में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म व जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी, एसपी विकास सांगवान ने सभा स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे की तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को हैलीपैड निर्माण के निर्देश दिए। सभा स्थल पर टैंट, पेयजल, एंबुलेंस मय मेडिकल टीम, अस्थायी शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभागीय अधिकारी निर्देशानुसार संबंधित दायित्वों की कार्य योजना तैयार करें। इस दौरान सम्बन्धित विभागीय अधिकारी एवं अन्य उपस्थित रहे।

## स्वच्छता अभियान के लिए श्रम दान

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राजस्थान सरकार के दो वर्ष का कार्याकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यालय कमाण्डेन्ट होमगार्डस धौलपुर में स्वच्छता अभियान के लिए श्रम दान का आयोजन कार्यालय व कचहरी परिसर में किया गया। जिसमें होमगार्डस स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा स्वच्छता के महत्व को केन्द्र में रखते हुए परिसर में साफ-सफाई साथ ही स्वच्छता के महत्व का भी प्रचार-प्रसार किया। कचहरी परिसर में प्लास्टिक के गिलास, बोतले, पॉलिथीन, गुटखे की पन्नी, चाय के गिट्टी के कुल्हड आदि को इकट्ठा कर परिसर में सफाई की। इस उपलक्ष्य पर कमाण्डेन्ट की ओर से स्वच्छता के लाभों से उपस्थित होमगार्ड को परिचित कराया तथा अपने घरों व आस पास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने हेतु सभी को प्रतिज्ञा दिलवाई। अन्त में भारत माता की जय उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में होमगार्डस के साथ होमगार्डस कमाण्डेन्ट डॉ. भानू शर्मा, प्रशिक्षण प्रभारी चन्दगी राम, वरिष्ठ सहायक हरेन्द्र व आरक्षी शिवकुमार ने भी भाग लिया।

## सरकार के दो साल पूर्ण होने पर स्वच्छता अभियान चलाया

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिले में राज्य सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाड़ी कमल कुमार जांगिड़ के सुपरविजन में सुबह 10 बजे से 11 बजे तक कार्यालय पुलिस अधीक्षक सहित जिले के सभी थानों/चौकियों व कार्यालयो में विशेष कार्यालय स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत जिले के पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया व थाना व कार्यालयों में साफ सफाई की। इस अभियान में स्वच्छ कार्यालय, स्वस्थ वातावरण और बेहतर पुलिस सेवा के संकल्प के साथ सभी की सक्रिय सहभागिता रही। इस विशेष स्वच्छता अभियान के जरिए स्वच्छ, स्वस्थ और अनुशासित कार्य वातावरण का संदेश दिया गया है।

## मलसीसर की छात्रा जिले में दूसरे स्थान पर

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** ग्रीन ग्रोथ स्किल अभियान के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मलसीसर की छात्रा जयश्री प्रजापत ने जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया, जिसमें पुरस्कार स्वरूप 7000 रुपये माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की ओर से छात्रा को मिलेंगे। प्राचार्य धर्मसिंह मीना ने बताया कि छात्रा की इस उपलब्धि से स्कूल में खुशी की लहर है।

# जिला कलक्ट्रेट में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

### जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अगुवाई में स्वच्छता अभियान

### राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर जयपुर जिले में व्यापक स्वच्छता अभियान

### समस्त राजकीय कार्यालयों, अस्पतालों एवं विद्यालयों में चला विशेष सफाई अभियान

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(एंजेसी)** राजस्थान सरकार के सफलतापूर्वक दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को जयपुर जिले में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत व्यापक स्तर पर साफ-सफाई गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत जिले के समस्त राजकीय कार्यालयों, अस्पतालों, विद्यालयों सहित अन्य सभी राजकीय भवनों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जिला कलेक्ट्रेट परिसर में भी विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अगुवाई में जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साह, उमंग और सामूहिक सहभागिता के साथ परिसर की साफ-सफाई कर श्रमदान किया। अभियान के दौरान कार्यालय परिसर, बरामदे, रिकॉर्ड कक्ष, पार्किंग क्षेत्र सहित आसपास के स्थानों की गहन सफाई की गई तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया। जिला कलेक्ट्रेट के साथ-साथ जिले के समस्त उपखंडों में भी उपखंड स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने कार्यालयों तथा अन्य राजकीय भवनों में स्वच्छता अभियान संचालित किया गया। इस दौरान कार्यालय परिसरों में लंबे समय से अनुपयोगी पड़ी सामग्री, कबाड़ एवं अनावश्यक वस्तुओं का चिन्हांकन कर उनका विधिवत निस्तारण किया गया, जिससे कार्यालयों में सुव्यवस्था एवं कार्यकुशलता में वृद्धि हो सके। स्वच्छता अभियान के दौरान आमजन को भी स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वच्छ परिवेश, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई बनाए रखने के संबंध में संदेश दिए गए तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि सतत प्रक्रिया है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित यह स्वच्छता अभियान स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुसंस्कृत राजस्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## पांचोता में उल्लास-नव भारत साक्षरता के तहत कलाजत्था का आयोजन

जयपुर टाइम्स



**नावां(निस)।** नावां शहर के ग्राम पांचोता में जिला कलक्टर व अध्यक्ष जिला साक्षरता निष्पादक समिति नागौर की ओर से अनुमोदित कार्य योजना के अंतर्गत उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए सामुदायिक गतिशीलता व वातावरण निर्माण के उद्देश्य से नावां ब्लॉक के ग्राम पंचायत मुख्यालय पांचोता की मुख्य चौपाल पर कलाजत्था कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाबू खां एण्ड पार्टी, शेषमा का बास की ओर से साक्षरता गीत, नुक्कड़ नाटक, प्रेरणादायी व जागृति गीतों की प्रभावी प्रस्तुतियां दी गईं। प्रस्तुतियों के माध्यम से उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के पांचों आयामों की गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, कार्मिक व विद्यार्थी उपस्थित रहे। साक्षरता जिला मुख्य संदर्भ व्यक्ति चम्पालाल कुमावत ने कार्यक्रम की गतिविधियों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को अपने परिवार व आसपास के असाक्षरों को पढ़ाने के लिए स्वयंसेवी शिक्षक बनने के लिए प्रेरित किया। वहीं ब्लॉक साक्षरता समन्वयक अशोक कुमार बोहरा ने असाक्षरों से कार्यक्रम से जुड़कर साक्षर बनने तथा विभिन्न कौशल प्राप्त करने की अपील की। इस अवसर पर पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी मदनलाल शर्मा, उपाचार्य देवेन्द्र सिंह, पूर्व सरपंच नेमीचन्द जैन, ब्लॉक साक्षरता संदर्भ व्यक्ति रेशमा लाखीवाल, शिक्षक तेजाराम, हर्षा भडाणा, चौथूराम, गंगासहाय मीणा, महेश कुमार मीणा, राजवीर मीणा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नावां में शहरी समाधान शिविर चढ़ा अव्यवस्थाओं की भेंट

### अधिकारियों की अनुपस्थिति से जनता परेशान

जयपुर टाइम्स



**नावां(निस)।** नावां शहर की नगरपालिका सभागार में राजस्थान सरकार की ओर से आयोजित शहरी समाधान शिविर के अंतर्गत 16 दिसंबर से 24 दिसंबर तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सरकार की मंशा आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने की है, लेकिन शिविर के पहले ही दिन व्यवस्थाओं की पोल खुल गई। शिविर में नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी सहित कई विभागों के जिम्मेदार अधिकारी अनुपस्थित रहे, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शिविर में केवल जलदाय, विद्युत व समाज कल्याण विभाग के अधिकारी या उनके प्रतिनिधि ही मौजूद नजर आए, जबकि राजस्व विभाग, चिकित्सा विभाग, महिला व बाल विकास, सांख्यिकी विभाग सहित अनेक महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारी शिविर में नहीं पहुंचे। इससे सरकार के इस जनकल्याणकारी कार्यक्रम के प्रति विभागीय उदासीनता स्पष्ट रूप से सामने आई। शिविर का समय प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक निर्धारित किया गया है, लेकिन दोपहर 12 बजे तक शिविर स्थल पर मात्र तीन कर्मचारी ही मौजूद पाए गए, जबकि अन्य कर्मचारी शिविर छोड़कर चले गए। अधिकारियों और कर्मचारियों की कमी के चलते नागरिक अपनी समस्याओं के समाधान के लिए इधर-उधर भटकते रहे। स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताते हुए मांग की है कि सरकार की ओर से आयोजित शहरी समाधान शिविर में सभी संबंधित विभागों के अधिकारी समय पर उपस्थित रहें, ताकि आमजन की समस्याओं का शीघ्र और प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो सके।

## शहरी समस्या समाधान शिविर-2025' का शुभारम्भ



जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निस)।** राजस्थान सरकार के 02 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगरपरिषद कुचामन सिटी में शहरी सेवा शिविरों के दौरान प्राप्त आवेदनों व नवीन आवेदनों के निस्तारण के लिए 'शहरी समस्या समाधान शिविर-2025' का शुभारम्भ राज्य मंत्री राजस्व, सैनिक कल्याण बोर्ड, उपनिवेशन विभाग, राजस्थान सरकार की ओर से नगरपरषद परिसर में किया गया सर्वप्रथम उपखण्ड अधिकारी विश्वामित्र मीणा एवं नगरपरिषद सभापति की ओर से मंत्री का माल्यापण-साफा पहनाया जाकर व गुलदस्ता भेंट किया जाकर स्वागत किया गया। नगरपरिषद् आयुक्त शिकेश कांकरिया की ओर से शहरी सेवा शिविर-2025 एवं उसके पश्चात् गत 02-03 माह में नगरपरिषद् की ओर से करवाए गए विकास कार्यों की उपलब्धियां के बारे में और नये विकास कार्यों के लिए आमंत्रित निविदाओं के सम्बस्ध में जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान मंत्री व सभापति की ओर से 27 पट्टे व विभिन्न प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। शिविर में कॉलोनी के वासियों की ओर से जल-भराव की समस्या से मंत्री महोदय को अवगत करवया गया, जिसके सम्बन्ध में मंत्री की ओर से नगरपरिषद आयुक्त व सभापति को निर्देशित किया गया। सभापति ने बताया कि नगरपरिषद की ओर से निविदाए आमंत्रित की जाकर कार्यादेश जारी किया जा चुका है। जल्द कार्य प्रारम्भ कर दिया जाएगा। मंत्री ने पेयजल लाईन के सम्बन्ध में जानकारी ली जिसमें रूडिप के अधिकारियों की ओर से माह मार्च-2026 तक शहर में पेयजल लाईन शुरू करने का आश्वासन दिया गया। शिविर में जनप्रतिनिधि अनिल सिंह मेड़तिया, बाबूलाल कुमावत, नन्दाराम बुगालिया, खेताराम सिसोदिया, भागीरथराम, नरसीराम, तुलसीराम, अयुब शेख, छीतरमल कुमावत, विक्रम राजौरिया व अन्य आमजन मौजूद रहे। अन्य विभागों के प्रतिनिधिगण भी आमजन को लाभान्वित करने के लिए मौजूद रहे, जिनमें जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में 3 आवेदन, अ.वि.वि.नि.लि. विभाग में 22 प्रकरण, सार्वजनिक निर्माण विभाग में 01 प्रकरण, महिला व बाल विकास विभाग के 36 प्रकरण, सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के 12 प्रकरण, खाद्य विभाग की ओर से आयोजन विभाग के 30 प्रकरण दर्ज किए जाकर निस्तारित किए गए। नगरपरिषद की ओर से शिविर में कृषि भूमि नियमन के 127 प्रकरण, 69- ए के 17, पुन्वैध के 05 प्रकरण, भवन निर्माण स्वीकृति के 28 प्रकरण, नामान्तरण के 02 प्रकरण, जन्म-मृत्यु के 20 प्रकरण, स्ट्रीट लाईट मरम्मत के 10 प्रकरण निस्तारित किये गये। इस दौरान नगरपरिषद् में अनुमानित 30.87 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ। शिविर प्रभारी राजस्व अधि. प्रवीण जनागल, सहा. शिविर प्रभारी सहा. अभि. ललित कुमार, सहा.प्रशा. अधिकारी महेश कुमार, कनि. अभि, जुगलकिशोर, वरिष्ठ प्रारूपकार सुरेन्द्र कुमार, कार्य मु. स्व.नि राजेन्द्र कुमार, वरिष्ठ सहायक कनवरलाल सहित नगरपरिषद् के अन्य कार्मिक शिविर में उपस्थित रहे ।

## आम रास्ता खुलवाने की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**नावा सिटी(निस)।** उपखंड मुख्यालय नावा के वार्ड नंबर 4 में स्थित श्री श्याम बाल निकेतन स्कूल के सामने से गुजरने वाले लगभग 10 फुट चौड़े आम रास्ते को लेकर विवाद सामने आया है। इस रास्ते को अवरुद्ध किए जाने के विरोध में वार्ड निवासी नरेश ओझा ने एसडीएम दिव्या सोनी, तहसीलदार रामेश्वर गढ़वाल व पालिका अध्यक्ष शायरी गांधी को ज्ञापन सौंपकर रास्ता खुलवाने की मांग की है। नरेश ओझा ने ज्ञापन में बताया कि यह आम रास्ता कई वर्षों से अस्तित्व में है और कॉलोनी काटे जाने के समय से ही स्थानीय नागरिकों की ओर से उपयोग में लिया जा रहा है। इस रास्ते का उपयोग स्कूली बच्चों, राहगीरों सहित आसपास के निवासियों द्वारा नियमित रूप से किया जाता है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका की ओर से इस रास्ते पर पूर्व में पक्की सीसी सड़क का निर्माण भी करवाया गया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह सार्वजनिक रास्ता है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि रास्ते से सटे भूखंड के मालिक की ओर से हाल ही में पक्की दीवार का निर्माण करवाया जा रहा है, जिससे आम रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। इससे स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नरेश ओझा ने बताया कि राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नावा नगर पालिका भवन में आयोजित समाधान शिविर में भी उन्होंने यह समस्या रखी थी। समाधान शिविर के दौरान नगर पालिका टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और प्रथम दृष्टया रास्ता अवरुद्ध किए जाने को अनुचित मानते हुए निर्माण कार्य को रुकवाया गया। इस मौके पर नगर पालिका की टीम से जितेंद्र ट्रेलर, भरत लखन सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। राजू नरेश ओझा ने प्रशासन से मांग की है कि आम रास्ते को तत्काल प्रभाव से अतिक्रमण मुक्त करवाया जाए , ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन की ओर से मामले की जांच कर शीघ्र उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।


राजस्थान सरकार

## कार्यालय उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग जिला चूरू

**आयकर कार्यालय के पास शेखावत कॉलोनी सड़क, चूरू (राजस्थान)**

E-MAIL- daochuru@gmail.com dao.chu.ayu@rajasthan.gov.in Telephone No. 01562-250146

क्रमांक :- स्टोर / निविदा / औषधि सप्लाई / 2025-26/4894 दिनांकः- 16/12/25

### खुली निविदा संख्या 16 / 2025

निदेशालय के पत्रांक राजरिफरेन्स नं. 18846448 दिनांक 14.11.2025 के क्रम में राज्य वार्षिक कार्ययोजना वर्ष 2025-26 के तहत चूरू जिले के 125 औषधालयों पर औषधियां पहुँचाने के लिए वाहन किराये पर लेने हेतु दिनांक 23.12.2025 को प्रातः 10:30 बजे तक मुहरबन्द लिफाफों में खुली निविदा आमंत्रित की जाती है :

| क्र.सं. | विवरण | अनुमानित मूल्य | बिड प्रपत्र शुल्क (GST 18' सहित) | बोली प्रतिभूति घोषणा (2') | कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि (5') | बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | बोली खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जिले के 125 औषधालयों पर औषधियां (लगभग 3000 कार्टून मध्यम साईज ) पहुँचाने के लिए वाहन (बोलेरो कैम्पर / पिकअप) किराये पर लेने हेतु | रूपये रु. 204620/- लगभग | रू.500 मात्र | 4093 /- रूपये | 10231/- रूपये | 23.12.2025 को प्रातः 10:30 बजे तक | 23.12.2025 दोपहर 01.00 बजे |

**बिड की शर्तें -**

1. बिड प्रतिभूति राशि के बिना प्राप्त बोलियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
2. बिड प्रपत्र, बिड सूचना से संबंधित नियम / शर्ते, बिड से संबंधित दस्तावेज आदि निर्धारित बिड प्रपत्र शुल्क रू. 500 का डीडी / बैंकर्स चैक उप निदेशक आयुर्वेद विभाग चूरू के नाम से जमा कराकर दिनांक 23.12.2025 को प्रातः 10 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है या वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in से बिड प्रपत्र Online Download कर भरकर प्रस्तुत किया जा सकता है।

**उप निर्देशक**
**आयर्वेद विभाग चूरू**

## गायों को खिलाया हरा चारा



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम तिडोकी के मनोज कस्वा ने सालासर में गायो को हरा चारा व गुड़ खिलाया। सालासर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकुमार ढाका ने बताया कि बताया कि गौ सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। इस दौरान दीनदयाल गुलेरिया, राम रतन ढुकिया, अनिल ढुकिया, आरीफ डिडवाना, रामस्वरूप ढाका, विद्याधर ढुकिया सहित सालासर आदि ने इस कार्य की सराहना की।

## हरियाजून में गोपालदास महाराज की 51वीं बरसी श्रद्धा से मनाई



जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निस)।** शहर के निकटवर्ती ग्राम हरियाजून की टिकल्या पहाड़ी पर स्थित प्राचीन गोपेश्वर महादेव मंदिर में पूज्य संत स्व. गोपालदास महाराज की 51वीं बरसी पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन श्रद्धा व भक्ति भाव से किया गया। बरसी के अवसर पर सोमवार रात्रि को मंदिर परिसर में भव्य जागरण व भजन संध्या का आयोजन हुआ। भजन संध्या में पालड़ी बालाजी के महंत गोपालदास महाराज, पांचोता मंदिर के महंत गिरधरदास महाराज, जीवनपुरी के महंत और भादी पीठ मंदिर के गायक कलाकार श्रीकांत गौड़, हेमराज एवं पूरणमल ने भगवान शिव के एक से बढ़कर एक भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और वातावरण शिवमय हो गया। भोर तक चली भजन संध्या में अनेक संत-महात्मा व आसपास के गांवों से आए श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मंदिर के महंत शिवगिरी महाराज ने कलाकारों का माला पहनाकर स्वागत किया। दूसरे दिन मंगलवार को मंदिर परिसर व संत गोपालदास महाराज के समाधि स्थल को रंग-बिरंगे फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया। इसके पश्चात समाधि स्थल पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंदिर समिति से जुड़े भंवरलाल शर्मा, गोपाल शर्मा मंडावरा, भंवर ठोलिया, रामचंद्र पारीक, नेमाराम आंवला, रामदेव सवाईपुरा, धनराज गुर्जर, अभिमन्यु जोशी, सीताराम सोनी, अक्षय दवे, धनराज सोनी, महावीर शर्मा जूसरी, दुर्गासिंह सहित अनेक श्रद्धालुओं ने व्यवस्थाओं को संभालने में सहयोग किया।

# 2 सालः नव उत्थान-नई पहचान, बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान अन्त्योदय की संकल्पना हो रही साकार

### बेघर व वंचित परिवारों को मिला उनका अधिकार

### खाद्य सुरक्षा योजना में 70 लाख से अधिक नए पात्र लोगों को किया शामिल

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अन्त्योदय की संकल्पना को साकार करने की दिशा में प्रदेश में नीतियां, नवाचार और योजनाएं गरीब, कमजोर, श्रमिक और जनजातीय समुदायों के विकास को समर्पित हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने सुनिश्चित किया है कि योजनाओं का लाभ हर वंचित और जरूरतमंद तक पहुंचे और उनके जीवन में स्थाई और सार्थक परिवर्तन लाया जा सके। राज्य सरकार ने सुनिश्चित किया कि दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे लोगों को सरकार से जुड़े कार्यों और योजनाओं का लाभ लेने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ें। इसके लिए प्रदेश भर में 24 जून से 9 जुलाई 2025 तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा आयोजित किया गया। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर लोगों को योजनाओं में जोड़ा गया तथा भूमि विवादों का निपटारा, बीपीएल सर्वे, जल संरक्षण, कृषि सहायता जैसे काम हाथों हाथ किए गए। शिविरों में लोगों के वर्षों से लंबित काम पूरी पारदर्शिता और तत्परता से करवाए गए। यह शिविर राज्य सरकार की नई कार्य संस्कृति, जनकल्याण और संवेदनशीलता की भावना के परिचायक बने। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में राज्य में कमजोर वर्गों की आजीविका को सुरक्षित करने, उन्हें आवश्यक सुविधाएँ प्रदान करने और उनके आर्थिक-सामाजिक स्तर को ऊपर उठाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और सामुदायिक विकास को विशेष पहलों के माध्यम से गति दी जा रही है। राज्य की डबल इंजन सरकार में श्रमिकों को सुरक्षा, सम्मान और आर्थिक संबल मिला है। प्रदेश में बेघर व घुमन्तु परिवारों को पट्टों का आवंटन सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो रहा है। निर्माण श्रमिकों को 806 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदेश में डबल इंजन की सरकार श्रमिकों की सुरक्षा व कल्याण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। प्रदेश में गत दो वर्षों में 17 लाख 41 हजार श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण किया गया है। इसी प्रकार पीएम श्रम योगी मानधन योजना में 24 हजार 191 श्रमिकों ने पंजीकरण कराया है। निर्माण श्रमिकों के सशक्तिकरण और उन्हें योजनाओं का लाभ देने के लिए 3 लाख 50 हजार नए निर्माण श्रमिकों को पंजीकृत किया गया है। साथ ही 7 लाख 22 हजार निर्माण श्रमिकों को 806 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। राज्य सरकार की ओर से श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी में 26 रुपये प्रतिदिन की वृद्धि कर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।

### 15 करोड़ से अधिक को मिली 8 रुपये में भोजन की थाली

राज्य सरकार का उद्देश्य है कि प्रदेश का कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति बुनियादी सुविधाओं और कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे। इसलिए सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करते हुए राज्य सरकार ने खाद्य सुरक्षा योजना में मात्र दो वर्षों में ही 70 लाख से अधिक नए पात्र लोगों को शामिल किया है, इससे जरूरतमंद परिवारों को कम कीमत पर खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है। अन्नपूर्णा रसोई योजना के तहत गत दो वर्षों में मात्र 8 रुपये में 15 करोड़ से अधिक पौष्टिक भोजन की थालियां परोसी जा चुकी हैं। इस पहल से श्रमिकों, मजदूरों, छात्रों और निर्धन परिवारों को बड़ी राहत मिल रही है। घुमन्तु, अर्द्ध-घुमन्तु आदि समुदायों के 22 हजार से अधिक परिवारों को आवासीय पट्टे प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत गत दो वर्षों में ठेला या फेरी लगाकर आजीविका कमाने वाले 87 हजार 346 लोगों को लाभान्वित किया गया है। योजना के तहत इन्हें बिना किसी गारंटी के ऋण दिया जा रहा है, जिससे वे अपने छोटे व्यवसायों को पुनर्जीवित कर सकें और विस्तार दे सकें। इस योजना के माध्यम से छोटे उद्यमियों को आर्थिक मजबूती मिल रही है, वे आत्मनिर्भर बन रहे हैं। राज्य सरकार ने विमुक्त, घुमन्तु, अर्द्ध-घुमन्तु समुदायों और बीपीएल परिवारों के आवासहीन व्यक्तियों को भूमि आवंटित करने का ऐतिहासिक कदम उठाया है। गत दो वर्षों में लगभग 22 हजार 323 पात्र परिवारों को आवासीय पट्टे आवंटित किए जा चुके हैं।

### जनजातीय समुदायों के उत्थान के लिए हो रहे हरसंभव प्रयास

राज्य सरकार जनजातीय क्षेत्रों के विकास को विशेष प्राथमिकता दे रही है। जनजातीय समाज को सशक्त बनाने के लिए आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत 5 हजार 947 ग्रामों के विलेज एक्शन प्लान स्वीकृत किए गए हैं। प्रदेश में 5 हजार 773 आदि सेवा केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। यह केंद्र एकल खिड़की सेवा के रूप में कार्य कर रहे हैं। यहां ग्रामीण विभिन्न विभागों से संबंधित सेवाएं एक ही जगह पा सकते हैं। प्रदेश में जनजाति उत्थान के लिए प्रदेश में धरती आबा जन जातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत प्रदेश के 6019 गांवों का चयन कर वहां शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और आजीविका से संबंधित योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्रदेश में जनजाति बहुल 20 जिलों में 135 नए आंगनवाड़ी केंद्र भी संचालित किए गए हैं। राज्य सरकार की ओर से जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर राज्य के वन क्षेत्रों में सामुदायिक पट्टों, चारागाह विकास और अन्य कल्याणकारी कार्यों को गति दी गई। प्रदेश में 530 वनधन विकास केंद्रों के माध्यम से 1 लाख 53 हजार महिला सदस्यों को लाभान्वित किया गया है। जनजातीय क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विकास के साथ-साथ सामाजिक-आर्थिक उन्नति के कार्य निरंतर किए जा रहे हैं।

### जीवन ज्योति बीमा से श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चितः

राज्य सरकार श्रम सुधारों की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। प्रदेश में श्रम संबंधी चार संहिताओं- सामाजिक सुरक्षा संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, स्वास्थ्य एवं कार्य-सुरक्षा संहिता तथा मजदूरी संहिता के नियमों का पुनः प्रकाशन प्रक्रियाधीन है। इन सुधारों से राज्य में श्रमिकों के लिए सरल और प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी। श्रमिकों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार की ओर से समस्त 25 हजार 535 लाइसेंसधारी पल्लेदारों और हम्मालों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से जोड़ा गया है। इनमें प्रदेश की कृषि उपज मंडी समितियों में कार्य कर रहे 17 हजार 802 लाइसेंसधारी पल्लेदार और हम्माल श्रमिक शामिल हैं।

## गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति ने एएसपी विमल सिंह नेहरा का किया सम्मान




जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निस)।** न्यू कॉलोनी स्थित रामेश्वरम् में गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति कुचामन शाखा की ओर से राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्याम सुन्दर मंत्री के आतिथ्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमल सिंह नेहरा का माला शाल दुपट्टा पहनाकर संस्था का मोमेन्टो भेंट कर अभिनंदन किया। साथ ही संस्था की जानकारी का फ़ोल्डर एवं गीता की पुस्तक भेंट करते हुए बताया कि यह संस्था विरक्त त्यागी संत ब्रह्मलीन स्वामी रामसुखदास महाराज की प्रेरणा से 29 वर्ष पूर्व बनी हुई संस्था है जिसमें कोषाध्यक्ष का पद एवं चन्दा संग्रह नहीं होता है और यह संस्था भ्रूण हत्या रोकथाम, मातृशक्ति सम्मेलन, भारतीय संस्कृति और संस्कार के कार्यक्रम, मातृ-पितृ पूजन के कार्यक्रम, गीता ज्ञान परीक्षा आदि अनेक कार्यक्रम आयोजित करती है। अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक ने संस्था की ओर से किए जा रहे भारतीय संस्कृति से जुड़े कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर एएसपी विमल सिंह नेहरा के दस वर्ष बाद पदोन्नति के साथ वापस कुचामन पधारने पर अभिनन्दन किया और नशा के रोकथाम तथा कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने की आशा जताई जिस पर एएसपी नेहरा ने सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्यामसुन्दर मंत्री, प्रदेश मंत्री श्याम सुन्दर सैनी, कुचामन शाखा के उपाध्यक्ष मुरलीधर गोयल, प्रबंध समिति सदस्य व श्री कुचामन गौशाला के अध्यक्ष नन्द किशोर बिड़ला, सुरेश झंवर, राजू नेहरा व युवा अध्यक्ष भरत स्वामी उपस्थित रहे।

### राजनैतिक दलो के साथ बैठक का आयोजन

## मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रमः मतदाता सूची प्रारूप जारी

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से राज्य में 27 अक्टूबर को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्यक्रम घोषित किया गया था, जिसके अन्तर्गत 4 नवम्बर से 11 दिसम्बर तक गणना चरण के दौरान सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरण व संग्रहण का कार्य सम्पन्न किया गया है। गहन पुनरीक्षण कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 9 लाख 17 हजार 846 थी, जिनको गणना प्रपत्र वितरित किए गए थे। जिले की विधानसभा क्षेत्र में गणना चरण के दौरान कुल 8 लाख 69 हजार 133 मतदाताओं की ओर से अपने गणना प्रपत्र भरकर जमा करवा दिए गए हैं, जिनका नाम 16 दिसम्बर को जारी प्रारूप मतदाता सूची में सम्मिलित कर दिया गया है। गणना चरण के दौरान 4 नवम्बर से 11 दिसम्बर तक जिले के प्रत्येक मतदान केन्द्र पर बीएलओ की ओर से राजनैतिक दलों की ओर से नियुक्त बूथ लेवल एजेण्ट के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें बूथ क्षेत्र में अप्राप्त गणना प्रपत्रों की सूची मय उनके कारण बीएलओ की ओर से बूथ लेवल एजेण्ट को उपलब्ध कराई गई, जिससे वे इस सूची का अवलोकन कर गणना प्रपत्रों की अप्राप्ति का कारण जान सकें तथा इस संबंध में यदि आवश्यक हो तो, सुधारात्मक कार्यवाही कर सकें। इन बैठकों का बैठक कार्यवाही विवरण और अप्राप्त गणना प्रपत्रों की सूची मय कारण जिले की वेबसाइट गणना चरण के दौरान कुल 48 हजार 713 मतदाताओं के गणना प्रपत्र अप्राप्त रहे। अप्राप्त गणना प्रपत्रों में मृत 11 हजार 285 स्थायी रूप से स्थानान्तरित 28 हजार 578 अनुपस्थित 5 हजार 533, मतदाता सूची में एकाधिक स्थान पर पंजीकृत 2879 तथा अन्य 438 हैं। यह सूची मतदान केन्द्र, ग्राम पंचायत मुख्यालय, नगरीय निकाय कार्यालय में भी चस्पा की गई, ताकि यह आमजन, नागरिकों के अवलोकन के लिए उपलब्ध रहे। यह उल्लेखनीय है कि 2182 मतदाताओं के पंजीकरण हेतु फॉर्म 6 ऑनलाइन तथा 3295 फॉर्म-6 ऑफलाइन बीएलओ के माध्यम से प्राप्त हुए हैं, जिनका नाम विहित प्रक्रिया के पश्चात मतदाता सूची में जोड़ दिया जाएगा। फॉर्म-6 प्राप्त किए जाने का कार्य इस अवधि में भी सतत रूप से जारी रहेगा। आमजन अपना फॉर्म-6 ऑनलाइन वोटर हैल्पलाइन एप अथवा वोटर सर्विस पोर्टल से भी भर सकते हैं अथवा बीएलओ को भी फॉर्म-6 मय घोषणा पत्र भरकर दे सकते हैं। जो व्यक्ति 1 अप्रैल 2026, 1 जुलाई 2026 अथवा 1 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहें हों, वे भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 एवं निर्धारित घोषणा पत्र भरकर अग्रिम आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

आयोग के निर्देशानुसार इस संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई।

# जयपुर जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन

### 42.87 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम प्रारूप सूची में शामिल

### 16 दिसंबर से 15 जनवरी तक दावे एवं आपत्तियां आमंत्रित

### 14 फरवरी 2026 को होगा मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन




**जयपुर** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में दिनांक 27 अक्टूबर 2025 को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम की घोषणा की गई थी। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में मतदाता सूचियों को अधिक शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटि रहित बनाने के उद्देश्य से 04 नवंबर 2025 से 11 दिसंबर 2025 तक गणना चरण संचालित किया गया, जिसके दौरान सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संग्रहण का कार्य सम्पन्न किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक भी आयोजित की गई। भारत निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधियों एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की मौजूदगी में आयोजित बैठक में भारतीय जनता पार्टी, इण्डियन नेशनल कांग्रेस, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, सी.पी.आई.(एम.) एवं आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया गया। बैठक में प्रारूप मतदाता सूची पर दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने तथा नव मतदाता पंजीकरण हेतु फॉर्म-6 घोषणा पत्र सहित प्रस्तुत करने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। घोषणा पत्र के माध्यम से आवेदक की स्वयं अथवा उनके माता/पिता के नाम की गत गहन पुनरीक्षण से मैपिंग की जाती है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मेघराज मीणा ने बताया कि गहन पुनरीक्षण कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व जयपुर जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 48 लाख 23 हजार 379 थी, जिन सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए गए। गणना चरण के दौरान 42 लाख 87 हजार 103 मतदाताओं द्वारा अपने गणना प्रपत्र भरकर जमा करवा दिए गए हैं। इन सभी मतदाताओं के नाम मंगलवार, 16 दिसंबर 2025 को जारी प्रारूप मतदाता सूची में सम्मिलित कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि गणना चरण के दौरान दिनांक 04 नवंबर 2025 से 11 दिसंबर 2025 तक जिले के प्रत्येक मतदान केन्द्र पर संबंधित बीएलओ द्वारा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट के साथ बैठक आयोजित की गईं। इन बैठकों में बूथ क्षेत्र में अप्राप्त गणना प्रपत्रों की सूची कारण सहित बीएलओ द्वारा बूथ लेवल एजेंट को उपलब्ध कराई गई, ताकि वे इन प्रकरणों का अवलोकन कर अप्राप्ति के कारणों की जानकारी प्राप्त कर सकें तथा आवश्यकता होने पर सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। इन बैठकों की कार्यवाही विवरण एवं अप्राप्त गणना प्रपत्रों की कारण सहित सूची जिले की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराई गई है। श्री मेघराज मीणा ने बताया कि गणना चरण के दौरान कुल 5 लाख 36 हजार 276 मतदाताओं के गणना प्रपत्र अप्राप्त रहे। इनकी सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान की वेबसाइट तथा जिले की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है। अप्राप्त गणना प्रपत्रों में 74 हजार 38 मृत, 3 लाख 39 हजार 490 स्थायी रूप से स्थानांतरित, 33 हजार 733 अनुपस्थित, 84 हजार 888 मतदाता सूची में एकाधिक स्थान पर पंजीकृत तथा 4 हजार 127 अन्य श्रेणी के मतदाता सम्मिलित हैं। यह सूची संबंधित मतदान केन्द्र, ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं नगरीय निकाय कार्यालयों में भी चस्पा की गई है, ताकि यह आमजन एवं नागरिकों के अवलोकन हेतु उपलब्ध रह सके। यह उल्लेखनीय है कि गणना चरण के दौरान एवं उसके पश्चात 28 हजार 578 मतदाताओं के पंजीकरण हेतु फॉर्म-6 ऑनलाइन तथा 12 हजार 829 फॉर्म-6 ऑफलाइन बीएलओ के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। इन आवेदनों की विहित प्रक्रिया के पश्चात संबंधित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएंगे। फॉर्म-6 प्राप्त किए जाने की प्रक्रिया सतत रूप से जारी रहेगी। आमजन वोटर हेल्पलाइन एप अथवा वोटर सर्विस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं अथवा संबंधित बीएलओ को फॉर्म-6 घोषणा पत्र सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। श्री मेघराज मीणा ने बताया कि वे सभी व्यक्ति, जो दिनांक 1 अप्रैल 2026, 1 जुलाई 2026 अथवा 1 अगस्त 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हों, वे भी अग्रिम रूप से फॉर्म-6 एवं निर्धारित घोषणा पत्र भरकर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मेघराज मीणा ने बताया कि मतदाताओं की सुविधा एवं सुगमता को ध्यान में रखते हुए जिले में 1,200 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केन्द्रों का पुनर्गठन भी किया गया है। पूर्व में जिले में 4,302 मतदान केन्द्र कार्यरत थे। पुनर्गठन एवं सुव्यवस्थितिकरण के उपरांत 746 नवीन मतदान केन्द्र सृजित किए गए हैं तथा वर्तमान में जिले में कुल 5,048 मतदान केन्द्र हो गए हैं। इस प्रकार जिले में 1,200 से अधिक मतदाताओं वाला कोई भी मतदान केन्द्र शेष नहीं रहा है। श्री मेघराज मीणा ने बताया कि आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत 16 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक मतदाता सूची से संबंधित दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इस अवधि में प्रारूप मतदाता सूची में सम्मिलित मतदाताओं के संबंध में अथवा अन्यथा भी दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकती हैं। संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा प्राप्त आवेदनों की सूचियां फॉर्म-9, 10, 11, 11-ए एवं 11बी में तैयार कर उनके कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रत्येक कार्य दिवस को प्रदर्शित की जाएंगी तथा प्रति सप्ताह मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ साझा की जाएंगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्णय के विरुद्ध 15 दिवस की अवधि में प्रथम अपील जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष की जा सकती है। प्रथम अपील के निर्णय से असंतुष्ट होने की स्थिति में 30 दिवस की अवधि में द्वितीय अपील मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जा सकेगी।

## मनुष्य को मौत से नहीं माया से डरना चाहिए



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** श्री तिलस्वा नाथ गौशाला में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक पंडित हरि ओम बनेठ वालों ने कहा कि मनुष्य को मौत से नहीं माया से डरना हैं। ये माया बार-बार जीव को जन्म-मरण के चक्कर में उलझाती है। जीवन में संगत व पंगत का विशेष ध्यान रखना चाहिए। एक बार मरते- मरते भी भगवान की ओर आ जाएंगे तो इस भव सागर से तर जाएंगे। रविवार से प्रारम्भ हुई कथा की पूर्णाहुति 21 दिसम्बर को होगी। प्रतिदिन दोपहर 12 से 3 बजे तक हो रही कथा में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रोता पहुंच रहे हैं।

## न्याय आपके द्वार कैम्प का आयोजन




जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण बिजौलिया न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देश पर सुखपुरा में न्याय आपके द्वार कैम्प का आयोजन किया गया। तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण से पीएलवी रामबाबू माथुर ने खान श्रमिकों को कानूनी जानकारियां प्रदान की। न्याय आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर बताया कि पानी ,बिजली, शिक्षा, सड़क ,बीमा व चिकित्सा जैसी सुविधाओं में आ रही समस्याओं का समाधान किया जाएंगा। सिलिकोसिस पीड़ित खान श्रमिको ने पेंशन सत्यापन करने में आ रही समस्याओं व श्रमिकों की मृत्यु के बाद सहायता राशि नहीं मिलने की समस्या से अवगत करवाया।

## शिक्षा आपके द्वार' कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षण सामग्री का वितरण



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में हुनर शक्ति फाउंडेशन के तत्वावधान में 'शिक्षा आपके द्वार' कार्यक्रम के अंतर्गत आज जरूरतमंद बच्चों के बीच शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को शिक्षा से जोड़ना और उन्हें अध्ययन के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को कॉपी किताबें पेंसिल पेन रबर शार्पनर व अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। फाउंडेशन के सदस्यों ने बच्चों से संवाद कर उन्हें नियमित रूप से पढ़ाई करने अपने सपनों को साकार करने और शिक्षा को जीवन का मजबूत आधार बनाने के लिए प्रेरित किया। हुनर शक्ति फाउंडेशन के सचिव नीरज झा ने बताया कि 'शिक्षा आपके द्वार' कार्यक्रम के माध्यम से संस्था का प्रयास है कि कोई भी बच्चा संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे। फाउंडेशन भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के वंचित वर्गों तक शिक्षा की रोशनी पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। स्थानीय अभिभावकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयास बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ आयोजन का समापन किया गया। कार्यक्रम में संस्था से दिलीप कुमार निषाद, कंप्यूटर ऑपरेटर विनोद चौहान आदि लोग शामिल रहे।

## ऊनी स्वेटर पाकर बच्चों के खिले चेहरे

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** मानव सेवा संघ के सौजन्य से मंगलवार को जिले के दो स्कूलों में क्लास एक से आठ के लगभग 160 बच्चों को ऊनी स्वेटर वितरित किए गए जिन्हें पाकर गरीब बच्चों को बहुत खुशी हुई। मानव सेवा संघ के अध्यक्ष डॉ डी के बंसल ने बताया कुछ दानदाताओं के सहयोग से सर्दियों में गत 20 वर्षों से गरीब विद्यार्थियो को ऊनी स्वेटर वितरण किया जाता है जिससे बच्चों को नियमित स्कूल आने जाने में काफी मदद मिलती है, मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय खेरे का पूरा व उ प्राथमिक विद्यालय में ऊनी स्वेटर का वितरण किया गया। भारत विकास परिषद शाखा धौलपुर के अध्यक्ष एवं मानव सेवा संघ के सदस्य मुकेश गर्ग ने बताया कि इस अवसर पर बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा, प्लास्टिक के कप की रोकथाम, नशा मुक्ति, गुड टच बैड टच, कुटुंब प्रबोधन आदि विषयों पर वार्ताएं भी दी गई। इस अवसर सेवानिवृत प्रोफेसर डॉ हरिदास मीणा ने बच्चों को अच्छी तरह मेहनत करने के लिए मार्गदर्शन दिया। संस्था प्रधान पूनम बघेल एवं शा शिक्षिका जगवीरी, शशिकांत शर्मा, सुनीता पचौरी, सपना बंसल, प्रीति बंसल आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

### एरिया डॉमीनेशन की कार्रवाई का चला विशेष अभियान

# धौलपुर पुलिस की 55 टीमों ने 278 स्थानों पर दबिशें देकर 117 व्यक्तियों के खिलाफ की कार्रवाईः

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** पुलिस मुख्यालय व महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर कैलाश चंद्र विश्नोई आईपीएस के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के नेतृत्व में जिले में अलसुबह से दोपहर तक एरिया डॉमीनेशन की कार्यवाही के अन्तर्गत अवैध हथियार, अवैध खनन, अवैध शराब, मादक पदार्थों व अवांछित गतिविधियों की रोकथाम और अपराधियों की धरपकड़ के लिए धौलपुर पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के नेतृत्व व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाडी कमल कुमार जांगिड के सुपरवीजन में सभी थानों पर विशेष टीमे गठित कर अलग अलग स्थानों पर दबिशें दी गई7 इस अभियान में करीब 222 पुलिस अधिकारियों और जवानों की 55 टीमों ने कार्रवाई में भाग लेकर 278 स्थानों पर दबिश देकर 117 व्यक्तियों को गिरफ्तार/इंसदादी कार्रवाई की गई है। अभियान में 06 सामान्य प्रकरणों में वांछित, 02 जघन्य प्रकरणों में वांछित, 24 स्थाई वारंटियों /गिरफ्तारी वारंटियों को, 01 ईनामी बदमाश व इंसदादी कार्रवाई में 84 व्यक्तियों को 170 बीएनएस में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है एरिया डॉमीनेशन अभियान के अन्तर्गत पुलिस की विभिन्न टीमों की ओर से जिले भर में 24 गिरफ्तारी/स्थाई वारंटियो को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है, जिसमें 13 गिरफ्तारी वारंटियों, 01 भगौड़े व 10 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई है।

### 5 हजार के ईनामी बदमाश दीनू को किया गिरफ्तार:

एरिया डॉमिनेशन के अभियान के अन्तर्गत थानाधिकारी थाना सदर बाड़ी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 27 सितम्बर की रात्रि में गांव संडपुरा में एक व्यक्ति के घर पर डकैती के मामले में फरार चल रहे 5 हजार के ईनामी बदमाश दीनू पुत्र किशन सिंह निवासी सुखेपुरा थाना कंचनपुर जिला धौलपुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एरिया डॉमिनेशन अभियान के अन्तर्गत थाना कंचनपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे 2 आरोपियों रामेश्वर व कुश निवासीगण अठफेरिया थाना कंचनपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने 12 दिसंबर को नरेंद्र की गांव में ही जानलेवा मारपीट की थी, पुलिस ने महज 96 घंटे में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक ने बताया है अभियान के दौरान अवैध हथियार व अवैध शराब के अवैध कारोबार से जुड़े अभ्यस्त व्यक्तियों व हार्डकोर व हिस्ट्रीशीटरो के ठिकानों पर भी पुलिस टीमों की ओर से दबिश देकर उनकी गतिविधियों को चैक किया गया। वांछित आरोपियों, ईनामी बदमाशों, वारंटियों व असामाजिक तत्वो के खिलाफ धौलपुर पुलिस का धरपकड़ का अभियान जारी रहेगा।

## कार्मिक विभाग टीम ने किया विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** मुख्य सचिव की ओर से जारी आदेशों की अनुपालना में प्रमुख शासन सचिव प्रशासनिक सुधार व समन्वय विभाग के निर्देशानुसार वरिष्ठ शासन उप सचिव केआर मीना एवं अतिरिक्त निदेशक निरीक्षण के नेतृत्व में राज्य स्तरीय निरीक्षण दल के सदस्य शासन उप सचिव सुनील कुमार शर्मा, महेन्द्र कुमार सरावता, अनुभाग अधिकारी, कैलाश मीणा, पुष्कर राज जाटव, अनुभाग अधिकारी एवं लिपिक ग्रेड-द्वितीय सुरेन्द्र सिंह की ओर से प्रातः 9.45 बजे जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न राजकीय कार्यालयों, विभागों का आकस्मिक भौतिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न राजकीय कार्यालयों, विभागों की संधारित 71 उपस्थिति पंजिकाएं मौके पर ही जब्त की गई। कार्यालयों, विभागों के कुल 78 राजपत्रित में से 39 राजपत्रित अधिकारी अनुपस्थित पाए गए जो कि प्रतिशत की दृष्टि से 50 प्रतिशत है और कुल 654 अराजपत्रित कर्मचारियों में से 317 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये जोकि प्रतिशत की दृष्टि से 48.47 प्रतिशत है। इस प्रकार कुल 356 अधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। यह भी उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय स्थित कुछ कार्यालय, विभागों के कमरों के ताले लगे हुए पाए गए जिनकी उपस्थिति पंजिकाए जब्त नहीं की जा सकी एवं उपस्थिति पंजिकाएं निर्धारित मापदण्डानुसार संधारित नही की जा रही है, साथ ही कई कार्यालयों में साफ-सफाई की व्यवस्थाएं सही नही पायी गयी तथा कई कार्यालयों में रिकॉर्ड अव्यस्थित पाया गया। विभागों की ओर से जारी समय-समय पर परिपत्रों की पालना सुनिश्चित नहीं की जा रही हैं। अनुपस्थित कार्मिको पर नियमानुसार सीसीए नियमों तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के लिए रिपोर्ट उच्च स्तर पर प्रस्तुत की जाएगी।

## प्रभारी मंत्री बेढम ने किया जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी का अवलोकन



### जिला विकास पुस्तिका का किया विमोचन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने मंगलवार को राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सूचना केंद्र में 2 साल नव उत्थान-नई पहचान, बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान थीम पर आयोजित जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रभारी मंत्री ने इस दौरान जिले में किए गए नवाचारों व विभिन्न विभागों की ओर से विगत दो वर्ष में हासिल की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निरामय राजस्थान अभियान, पीएम सूर्यघर योजना, युवाओं को नियुक्तियां, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान, यूनिटी मार्च, पालनहार योजना, नीति आयोग के सम्पूर्णता अभियान कार्यक्रम, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, मुख्यमंत्री निशुल्क जांच, मुख्यमंत्री निशुल्क दवा, नए चिकित्सा संस्थान, नवाचार, वन विभाग, हरियालो राजस्थान, बीएससी नर्सिंग कॉलेज, उज्ज्वला योजना, मनरेगा सहित जन सुनवाई एवं रात्रि चौपाल विभिन्न विभागों की उपलब्धियों से संबंधित प्रदर्शनी को देखा। जिला प्रभारी मंत्री ने सूचना केन्द्र में जिला विकास पुस्तिका का विमोचन किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, सहायक निदेशक सूचना एवं जन सम्पर्क राजकुमार मीणा, प्रदीप किशोर जोनवाल, प्रवीन अवस्थी, सुधांशु सक्सैना, आदित्य शर्मा, अंकित कुमार बंशीवाल, जिला अध्यक्ष भाजपा राजवीर सिंह राजावत, प्रधान दुष्यंत बघेल, वाचाराम बघेल, डॉ. शिवचरण कुशवाह, जसराज, विक्रम चौधरी, तोताराम सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** दो दिवसीय प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन इस वर्ष 19 और 20 दिसंबर को लक्ष्मणगढ़ अलवर के आराध्या रिसॉर्ट में भव्यता के साथ आयोजित होने जा रहा है। इस महत्वपूर्ण आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के पोस्टर का विमोचन धौलपुर में मंगलवार को जिला पुलिस अधीक्षक विकास सागवान ने किया। जिला पुलिस अधीक्षक की ओर से संघ के पदाधिकारियों सम्मेलन की सफ़लता के लिए शुभकामनाएं दी। चन्द्रभान चौधरी, मनोज पोसवाल, भारत गुर्जर ने अपने संयुक्त बयान में बताया कि राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मेलन को सफल बनाने का आवाह्न किया। उन्होंने पारदर्शिता, समर्पण, और समयबद्धता को सफलता का मूल मंत्र बताया। राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत हमेशा शिक्षकों की समस्याओं का पक्षधर रहा है। उन्होंने सभी शिक्षकों से प्रदेश स्तरीय शिक्षक सम्मेलन में शामिल होने की अपील की है। शैक्षिक सम्मेलन की तैयारियों के बारे में कहा कि किसी भी वृहद आयोजन की सफलता कार्यकर्ताओं के सामूहिक और समर्पित प्रयास पर निर्भर करती है।उन्होंने कहा कि हमारा सर्वोच्च दायित्व संगठन की निर्धारित रीति-नीति का अक्षरशः पालन करना है। शिक्षक संघ एकीकृत एक परिवार है, और इस परिवार के कार्यकर्ता होने के नाते हमें अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं से ऊपर उठकर काम करना होगा। प्रत्येक सदस्य अपनी जिम्मेदारी को समझे और ईमानदारी से उसका निर्वहन करे। उन्होंने कहा कि सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि शिक्षक हित और शैक्षणिक गुणवत्ता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन है। सम्मेलन को सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए जिला स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई वह सभी शिक्षक साथी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा के साथ निभाते हुए आयोजन को सफल बनाने के लिए जुटें। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों व शिक्षकों ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ रनजीत मीना के मार्गदर्शन पर चलने और इस आयोजन को राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के इतिहास का एक अविस्मरणीय और सफल आयोजन बनाने का सामूहिक संकल्प लेकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर भागीदारी का संकल्प लिया।

## जादूगर शो में 12 साल की भावना दिखाएंगी जादू

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** शहर के जगन टॉकीज में शाम 6 बजे से जादूगर शो का शुभारंभ होने जा रहा है जिसे लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। कक्षा 7 में पढ़ने वाली महज 12 साल की भावना बनी जादूगर भावना अपनी जादुई दुनिया की शुरुआत धौलपुर जिले से करने जा रही है। भावना ने बताया कि वह बचपन से ही जादू की प्रेरणा अपने माता-पिता से लेकर जहां तक पहुंची है। फ्रंट पर जादू का करतब दिखाते हुए नजर आएंगी। मुख्य पर्दे की शुरुआत धौलपुर से ही करेगी इतना ही नहीं पिता जादूगर विश्वनाथ चौरसिया ने बताया कि उनकी बेटी फ्रंट पर्दे पर आकर जादू दिखा रही है तो उनके लिए यह गर्व की बात है तो वही जादूगर की मां ने हमसे हुई बातचीत में बताया कि लड़कियां आईएएस आईपीएस बन रही है तो मेरी बेटी भी किसी से काम नहीं है अगर मेरी बेटी को जादू की दुनिया में आगे बढ़ने का शौक है तो उसका यह जज्बा हम कम नहीं होने देंगे पूरी लग्न और मेहनत से इसका सहयोग करेंगे और इसको जादू की दुनिया में आगे एक पहचान दिलाएंगे। इतना ही नहीं बीते दोनों में राजस्थान के ही बयाना मैं जादूगर का शो हुआ जहां पर जादूगर भावना ने ट्रायल के रूप में जादूगर शो दिखाया अब धौलपुर में अपना शो दिखाने जा रही है।

### शाम 6 बजे होगा शुभारंभ:

जादूगर भावना ने बताया कि इस जादू के शो का शुभारंभ कल शाम 6 बजे पहले शो के साथ होगा जादूगर भावना को बचपन से ही जादू सीखने का शौक था और जादू की दुनिया में आगे बढ़ना चाहती हैं जिसमें उनके माता-पिता उनका भरपूर सहयोग और साथ दे रहे हैं।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री शीशराम ओला को विद्यार्थियों ने दी श्रद्धांजलि

**मण्डावा(निस)।** राजस्थान पब्लिक स्कूल, मण्डावा में कृषक नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शीशराम ओला की पुण्यतिथि के अवसर पर स्कूल प्रांगण मे सोमवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में स्कूल प्रबंध समिति के सचिव सुभाष चन्द्र मोगा, मोहर सिंह, विजेन्द्र, रोहिताश, रामावतार मौजास, महेश, शंकर सिंह, नरेश अशोक कालेर, निशा, हेमलता, जुगह किशोर, मूल चन्द, नदीम अली, तयूब अली, दीनदयाल, महिपाल, विजेन्द्र पूनियां, शशिकांत सहित विद्यार्थियों ने सबसे पहले शीशराम ओला के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर नमन किया और ओला के जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिक्षक शंकर सिंह पाटोदा ने ओला के जीवन चरित्र को रेखा किंत किया। अन्त में प्रधानाचार्य अशोक मोगा ने सभी का आभार जताया।

## खाटूश्याम जागरण आज

**धौलपुर(निस)।** शहर में भी हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा के जयकारे गूंजे हर वर्ष की भांति इस बार भी खाटू नरेश ग्रुप मंडल धौलपुर द्वारा खाटू श्याम बाबा के जन्मदिवस के उपलक्ष में तृतीय श्याम बाबा का जागरण दिन बुधवार शाम 6:00 बजे स्थान मित्तल कॉलोनी बाड़ी रोड धौलपुर में होगा जिसमें श्याम बाबा के छपन भोग प्रसादी वितरण इत्र वर्षा पुष्प वर्षा और बाहर से आए हुए कलाकारों बृजराज सिंह लक्खा रश्मि चौहान डीके राजा रॉकी नागर गुनगुन गुंजन की ओर से श्याम बाबा के प्यारे प्यारे भजनों का गायन होगा मित्तल कॉलोनी धौलपुर मे खाटू नगरी के दर्शन होंगे। सभी श्याम प्रेमी तोरण द्वार से प्रवेश करेंगे खाटू श्याम बाबा के दरबार में दरबार में भव्य दर्शन करेंगे बाबा का आशीर्वाद लेंगे। सभी श्याम प्रेमी व समस्त खाटू नरेश ग्रुप मंडल के सदस्यों ने नीरज अग्रवाल, महावीर गर्ग, कमल मित्तल, विजय मित्तल, बंटी मित्तल, रुपेश सिंघल, हिमांशु सिंघल, मनीष गोयल, अतुल मित्तल, श्रीनिवास बंसल, आशीष मंगल, मुकेश कुशवाहा, सागर गर्ग, लवकुश शर्मा, महावीर कुशवाहा अंकित ने व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील चाकसू जिला जयपुर**

कमांक / रीडर / 2025 / 245 — दिनांक :- 21/11/25

**आपत्ति नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में प्रार्थी हेमराज बैद पुत्र चन्दनमल बैद जाति जैन निवासी 12 ए-1 पृथ्वी अपार्टमेन्ट- 21 एल रामाउन्ट रोड मुम्बई ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर ग्राम चन्दलाई तहसील चाकसू के साबिक खसरा 1514 हाल खसरा 1513/7. 1514/3 कुल किता 2 कुल रकबा 0.09 हैक्ट0 के खातेदार चन्दनमल बैद पुत्र सोहनलाल बैद जाति जैन निवासी मुम्बई द्वारा दिनांक 02.05.2023 को सम्पादित अपंजीकृत वसीयत के आधार पर नामान्तरकरण खुलवाने हेतु प्रार्थना पत्र जैरकार है, जिसके संबंध में प्रक्रिया न्यायालय में विचाराधीन चल रही है।

अतः हर आम व खास एवं सम्पत्ति में हितबद्ध रखने वाले पक्षकार को सूचित किया जाता है कि इसमें यदि किसी को भी कोई उज्र या आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर इस न्यायालय में कार्य दिवस को व्यक्तिशः अथवा जरिये अभिभाषक उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दस्तावेज प्रस्तुत करे। निर्धारित अवधि के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी और विचाराधीन प्रकरण में निर्णय पारित कर पत्रावली निर्णित कर दी जावेगी । यह आपत्ति नोटिस आज दिनांक 21.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुद्रांक से जारी किया गया है।

**तहसीलदार**
**तहसील चाकसू**

**कार्यालय ग्राम पंचायत पाथरेड़ी, पंचायत समिति पावटा (कोटपूतली बहरोड़)**

क्रमांक :- ग्रा.पं.पा/निविदा/2025-26/74 — दिनांक :16/12/2025

**ई-निविदा सूचना 2025-26**

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति पावटा के अधिनस्थ ग्राम पंचायत पाथरेड़ी में नियम 181 के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम, एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ए,बी एवं सी तथा डी व ई श्रेणी के संवेदकों से खुली निविदा के माध्यम से (डिफेक्ट लाइबिलिटि पिरीयड दो वर्ष) एक कार्य के लिए मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्ते एवं जी-शिड्यूल एवं अन्य सूचनाओं विस्तृत जानकारी http//sppp.rajasthan.gov.in/ व www. eproc. rajasthan. gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN- ZJP2526WSRC02023, UBN- ZJP2526WSRC02024
UBN- ZJP2526WSRC02022, UBN- ZJP2526WSRC02021
UBN- ZJP2526WSRC02020, UBN- ZJP2526WSRC02019

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्रा.पं पाथरेड़ी**

**प्रशासक**
**ग्रा.पं पाथरेड़ी**

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, फुलेरा जिला जयपुर**

क्रमांक :-न.पा.फु/2025-26 /2421 — दिनांक- 15/12/2025

**-: आपत्ति सूचना :-**

एतद् द्वारा हितबद्ध, व्यक्ति विशेष, आम खास को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्तियों ने उपविभाजन हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

| क्र. स. | प्रार्थी का नाम | आवंटी का नाम | स्थान | क्षेत्रफल वर्गगज | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती संजू कुमावत पत्नि श्री ओम प्रकाश कुमावत | श्री दिनेश सेठी पुत्र श्री कैलाश चन्द सेठी | आवासीय भूखण्ड न. 16 (उत्तर-पूर्वी हिस्सा) वाके शान्ति कुंज खसरा न. 449 व 450 जोबनेर रोड फुलेरा | 91.66 | उपविभाजन |
| 2. | श्री बलवीर सिंह गुर्जर पुत्र श्री रोडु सिंह गुर्जर | श्री दिनेश सेठी पुत्र श्री कैलाश चन्द सेठी | आवासीय भूखण्ड न. 16 (पश्चिमी हिस्सा) वाके शान्ति कुंज खसरा न. 449 व 450 जोबनेर रोड फुलेरा | 91.66 | उपविभाजन |

किसी भी व्यक्ति को उपरोक्तानुसार उपविभाजन के अन्तर्गत आवासीय पट्टा / ईजाजत बाबत आपत्ति हो तो आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मयाद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षकर्त्ता को प्रस्तुत करावे। बाद मयाद गुजरने आपत्ति मान्य नही होगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका मण्डल, फुलेरा**

# कलेक्टर सुराणा ने किया बीनासर में पुस्तकालय का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** ग्राम बीनासर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भारत पेट्रोलियम के सौजन्य से तथा प्रभा खेतान फाउण्डेशन की ओर से मंगलवार को नव स्थापित पुस्तकालय का शुभारंभ जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने किया। बीपीसीएल के सामाजिक सरोकार अभियान के अन्तर्गत चूरू जिले के 30 राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूलों में प्रभा खेतान फाउण्डेशन कोलकाता की ओर से स्थापित 30 पुस्तकालयों का सोमवार को दोनां संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने निरीक्षण किया। वहीं मंगलवार को जिला कलक्टर सुराणा ने बीनासर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में नव सृजित पुस्तकालय का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान कलक्टर सुराणा ने बीपीसील और प्रभा खेतान फाउण्डेशन की ओर से जिले की स्कूलों में नव सृजित पुस्तकालयों के विकास के लिए किए प्रयासों को अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि जिले की 30 स्कूलों में सृजित पुस्तकालयों में फर्नीचर सहित 700 पुस्तकें, बच्चों



के लिए शिक्षण, लेखन और चित्र सृजन सामग्री उपलब्ध करवाने से इन पुस्तकालयों की ओर विद्यार्थियों के कदम बढ़ेंगे। उन्होंने बालिकाओं से संवाद कर उनसे सवाल पूछे और उनके जिज्ञासा भरे सवालों का जवाब दिया। जिस पर छात्राओं ने अपने लिए इसे नया अनुभव बताया। भारत पेट्रोलियम के क्षेत्रीय मैनेजर शास्वत शर्मा ने संस्था के सामाजिक सरोकार के अन्तर्गत देशभर में चलने वाली गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शिक्षण संस्थानों में पुस्तकालय और उनमें समाज की दशा और दिशा बदलने वाला साहित्य जब विद्यार्थी पढ़ेगा तो उनके मन में नए विचार आएंगे। प्रभा खेतान फाउंडेशन कोलकाता की प्रतिनिधि मनीषा जैन ने बताया कि शिक्षा प्रत्येक समाज की सबसे मजबूत नींव होती है। चूरू के 30 सरकारी स्कूलों में शुरू की गई यह पहल बच्चों को किताबों से जोड़ने और सीखने के प्रति रुचि जागृत करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि संस्था को विश्वास है कि इससे विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों को लाभ मिलेगा और पढ़ने की संस्कृति को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी संतोष महर्षि, शिक्षक जगदीश शर्मा, प्राचार्य मुकेश कंवर, सरोज बुड़ानिया, संतोष चौधरी, दीपिका चुंडावत, मखनलाल जांगिड़, नरेश गोदारा, स्नेहलता, विजयलक्ष्मी, सुमन राठौड़ बीएलओ मनीष तनाण व संजय सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## एसआईआर को लेकर बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर ड्राफ्ट मतदाता सूची-2026 तथा एएसडी (विशेष श्रेणी) मतदाताओं से संबंधित सूचनाओं के संदर्भ में मंगलवार को उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को एक-एक पेन ड्राइव उपलब्ध करवाई गई, जिसमें एसआईआर ड्राफ्ट मतदाता सूची-2026 (ड्राफ्ट रॉल) व एएसडी मतदाताओं से संबंधित सूची सम्मिलित थी, ताकि सभी दलों की ओर से मतदाता सूचियों का सूक्ष्म परीक्षण कर आवश्यक सुझाव एवं आपत्तियाँ समयबद्ध रूप से प्रस्तुत की जा सकें। एसडीएम राजेंद्र कुमार बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची की पारदर्शिता, शुद्धता व व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करना रहा, जिससे आगामी निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी व सुचारू रूप से संपन्न किया जा सके। इस मोके पर नायब तहसीलदार बजरंग सिंह, एसआईआर प्रभारी भागचंद किरोड़ीवाल, कनिष्ठ सहायक राजेश कुमार मनोज कुमार सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत पखवाड़े का शुभारंभ




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की ओर से मंगलवार को ग्राहक जागरण पखवाड़ा का शुभारम्भ सम्यक कम्प्यूटर सेंटर में शिक्षाविद डा पीके पाण्डिया की ओर से भारत माता व विवेकानंद जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष वैद्य महेन्द्र शर्मा, प्रान्त सह मंत्री डॉ प्रभा पारीक, तहसील अध्यक्ष घनश्याम भोजक, रोजगार आयाम प्रान्त प्रमुख गिरधारीलाल सैनी, विजयलक्ष्मी तंवर, देवेश जोशी, विनीत जांगिड़, मनोज सैनी, अरविंद सैनी आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर वैद्य महेन्द्र शर्मा ने बताया की पूरे जिले में ग्राहक पंचायत की ओर से 15 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। केन्द्र की योजना अनुसार अनेक विद्यालयों व महाविद्यालयों में उपभोक्ता अधिकार व ग्राहक पंचायत की रीति नीति संगठन से संबंधित जानकारी प्रदान कर जागरण का कार्य किया जाएगा।


## कोर्ट परिसर में सादगीपूर्ण समारोह में राजेन्द्र राजपुरोहित ने अध्यक्ष पद की ली शपथ



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** सरदारशहर बार एसोसिएशन के निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष अधिवक्ता राजेन्द्र राजपुरोहित को अध्यक्ष पद की शपथ अतिरिक्त जिला न्यायाधीश नरेन्द्र सिंह राठौड़ की ओर से दिलाई गई। जबकि बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी को अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवदीप गोदारा ने शपथ दिलाई। समारोह में न्यायिक मजिस्ट्रेट निधि बेनीवाल एवं उपखंड मजिस्ट्रेट रामकुमार वर्मा भी विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। शपथ लेते हुए अध्यक्ष राजेंद्र राजपुरोहित ने बार एसोसिएशन की गरिमा बनाए रखने, अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा करने तथा न्यायिक कार्य प्रणाली को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि राजेन्द्र राजपुरोहित का लंबा अनुभव और कुशल नेतृत्व बार एसोसिएशन को नई दिशा देगा। अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान, आपसी समन्वय तथा न्यायालयीन कार्यों में सकारात्मक वातावरण निर्माण की दिशा में उनके नेतृत्व में प्रभावी कार्य होने की उम्मीद जताई गई। समारोह के अंत में नवनिर्वाचित अध्यक्ष का फूलमालाएं पहनाकर सम्मान किया गया तथा बार एसोसिएशन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## सरदारशहर सेवा समिति के गौ सेवा संकल्प माह का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के सरदारशहर सेवा समिति की ओर से गौ सेवा संकल्प माह का भव्य शुभारंभ गायत्री परिवार की ओर से यज्ञ के साथ करवाया गया। यज्ञ में मुख्य यजमान गिरधारीलाल सैनी, किशन मोयल, मनोज सांखला सपत्नीक रहे। हवन से अग्नि प्रज्वलित करके भट्टी का पूजन छगनलाल सेवदा, सुखाराम पारीक, बनवारीलाल जांगिड़, ओमप्रकाश पारीक की ओर से किया गया। उद्घाटन समारोह में जितेंद्र शर्मा ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गौ सेवा संकल्प माह का शुभारंभ समाज के जनसहयोग से किया जा रहा है। समिति संरक्षक राजेंद्र सोनी ने सभी ने तन मन धन से सहयोग करके गौ सेवा संकल्प माह को सफल बनाने का आह्वान किया। मधुसूदन राजपुरोहित ने कहा आजकल पाश्चात्य संस्कृति से परिवार में समस्या उत्पन्न हो रही है। इससे बच्चों में सेवा भाव की कमी हो रही है। गौ सेवा संकल्प से जुड़कर युवा पीढ़ी संस्कारवान बन सकती है। कार्यक्रम में शोभाकांत स्वामी, गौरीशंकर शर्मा, बालकिशन कौशिक, राधेश्याम सोनी राजकरण सोनी, दुनीचंद जोशी, विकास पारीक, विनोद चौहान, संपत डोसी, रामप्रसाद बोहरा, सुशील प्रजापत, मुकेश भामा, गोपीराम शर्मा, अभिषेक भोजक, राकेश टाक, मनोज दर्जी, बाबूलाल प्रजापत, सुखराम सेन, नारायण माली, लालचंद मुंड, ईश्वरराम डूडी, श्यामलाल जोशी, अमरचंद मीणा, विनोद बगड़िया, दयाल सिंह राजपुरोहित, गजानंद सोनगरा, धनाराम सेन, कन्हैयालाल बागड़ी, देवाराम सोनगरा, नेमचंद चांडक, विकास लखोटिया, राजकरण मोयल, रोहित मोयल, हर्षित मोयल सहित सैकड़ों सेवा समिति के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गोपालपुरा की हरितिमा ढाणी में बांटी कपड़े की थैलियां



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती ग्राम गोपालपुरा की हरितिमा ढाणी में मंगलवार को पॉलीथिन थैलियों के उपयोग को बंद करने के लिए प्रतीकात्मक रूप से कपड़े की थैलियां वितरित की गई। गोपालपुरा ग्राम पंचायत की प्रशासक सविता राठी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पीपुल फॉर एनीमल्स संगठन के राजस्थान प्रभारी बाबूलाल जाजू के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मरूदेश संस्थान सुजानगढ़ के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा, नेचर एनवायरमेंट एण्ड वाइल्डलाइफ सोसायटी, ताल छापर के अध्यक्ष कन्हैयालाल स्वामी और भीलवाड़ा के प्रकृति प्रेमी रामपाल दरक ने सहयोगी भूमिका निभाई। इस अवसर मुख्य अतिथि बाबूलाल जाजू ने कहा कि पॉलीथिन का प्रयोग बंद करने का समय आ गया है। प्रशासक सविता राठी ने पॉलीथिन अपशिष्ट को नष्ट करने और इसका उपयोग ग्राम पंचायत क्षेत्र में कम करने के लिए पॉलीथिन अपशिष्ट के बदले चीनी देने के नवाचार के सम्बन्ध में बताया जिससे गांव में स्वच्छता का वातावरण निर्माण हुआ हैं। मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने कहा कि पॉलीथिन थैलियों का चलन बंद करने के लिए सामुहिक प्रयास व जन जाग्रति की आवश्यकता हैं। संस्था के अध्यक्ष कन्हैयालाल स्वामी ने बताया कि गांवों से ज्यादा कस्बों में पॉलीथिन का कचरा नित्य प्रतिदिन बढ़ रहा है जिसे रोकने के प्रयास नहीं किये गये, तो बड़े संकट का सामना करना पड़ सकता है। भीलवाड़ा के रामपाल दरक, पुष्पा दरक और सुशीला जाजू ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर भारत सरकार के वाइल्डलाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो के सदस्य बाबूलाल जाजू ने हरितिमा ढाणी का अवलोकन किया। महत्वपूर्ण सुझाव दिए और ग्रामीण महिलाओं को कपड़े के थैले बांटे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत की ओर से कनिष्ठ सहायक ज्योति तंवर, तिलोकाराम, नेचर गाइड़ जितेन्द्र स्वामी, बाबू लाल, भंवरलाल, खेताराम आदि ने किया। ग्रामीण महिलाओं ने भी लोक गीत गाकर पारम्परिक रूप से अतिथियों का स्वागत किया।

## शारीरिक साक्षरता प्रशिक्षण में श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय डाइट में चल रहे शारीरिक साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन श्रमदान किया गया। प्रशिक्षण का शुभारम्भ प्रभागाध्यक्ष उमा सारस्वत के निर्देशन में अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। सारस्वत ने बताया कि राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मिशन लाइफ स्कीम के तहत स्वच्छता कार्यक्रम के तहत श्रमदान किया गया। इस अवसर पर डाइट के स्टाफ सदस्य और प्रशिक्षण संभागियों ने श्रमदान किया। इस अवसर पर सारस्वत ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है। व्यक्ति का विकास तन के साथ मन का भी होना चाहिए। पतंजलि योग समिति सदस्य विजय गोठवाल ने योगाभ्यास करवाया और योग से होने वाले लाभों की जानकारी दी। कजोड़ मल सोनी ने योग की प्रकिया को बताया। सुनील शर्मा ने शारीरिक साक्षरता बालकों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाता है। ई.टी. प्रभागाध्यक्ष नरेंद्र उपाध्याय ने बताया कि योग से व्यक्ति की अंतःनिहित शक्तियों का विकास होता हैं। इस अवसर पर ओमप्रकाश बारूपाल, भंवरसिंह, दिनेश, सविता आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। संभागी सुरेश बुंदेला ने बताया कि शारीरिक साक्षरता व्यक्ति में आत्मविश्वास और दक्षता प्रकट करती है। इस अवसर पर तारालक्ष्मी शर्मा, रंजू कंवर, दशरथ नैन, भंवर सिंह गुर्जर, दिनेश ने भी संभागियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रशिक्षण में जिलेभर के 40 संभागीयों ने भाग लिया।

## राजनीतिक दलों को दी गई ड्राफ्ट मतदाता सूची की प्रति



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** एसआईआर के कार्य के बाद अब मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित कर दिया गया है। निवार्चक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। ओमप्रकाश वर्मा ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद राजनीतिक दलों को हार्ड और सोफ्ट कोपी मतदाता सूची की प्रदान की गई है। ताकि वो अच्छी तरीके से देखकर अगर कोई संशोधन है, तो बता सके। दूसरी ओर कुल 6 प्रतिशत मतदाताओं के नाम करीब 18 हजार 646 एएसडी के तहत कटे हैं। वहीं 3349 मतदाताओं के नाम मैपिंग नहीं हो पाए हैं, जिनके नाम से अब नोटिस जारी किया जाए केगा। अगर कोई दस्तावेज जमा करवाता है, तो उसका नाम मतदाता सूची में होगा। मतदाता सूची का फाइनल ड्राफ्ट 14 फरवरी को प्रकाशित होगा। ओमप्रकाश वर्मा ने राजनीतिक दलों से बकाया 3349 मतदाताओं की मेपिंग करवाने या दस्तावेज जमा करवाने में सहयोग की अपील की। बता दें कि कुल 3 लाख 1 हजार 438 वोटों में से 2 लाख 82 हजार 792 मतदाताओं के वोट सत्यापित हो पाए हैं। बैठक के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप तोदी, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया, कॉमरेड रामनारायण रूलाणिया, ओंकाराराम, प्रियांशु लड़ा, मनीष गोठड़िया, हड़मानाराम ढ़ाका, पुरूषोतम चौहान आदि मौजूद रहे।

## तारानगर उप जिला अस्पताल का शिलान्यास 23 को

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के इंदिरा गांधी नहर परियोजना कार्यालय में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में 23 दिसम्बर को सुबह 11 बजे उप जिला अस्पताल शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित होगा। शहर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल ने बताया राजस्थान सरकार के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। अध्यक्ष खंडेलवाल ने बताया कि शिलान्यास समारोह की तैयारियों को लेकर मंगलवार को कस्बे के भाजपा कार्यालय चौधरी गेस्ट हाउस में बैठक आयोजित की गई, जिसमें आवश्यक निर्णय लेते हुए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में यह भी तय किया गया कि 19 दिसंबर को दोपहर 12 बजे चौधरी गेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें समारोह को सफल बनाने हेतु दायित्व सौंपे जाएंगे। उल्लेखनीय है कि उप जिला अस्पताल का विस्तार लगभग 46 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। इसके पूर्ण होने पर क्षेत्र के आमजन को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।

## मनीष रूहेला वीर तेजा सेना के लक्ष्मणगढ़ तहसील अध्यक्ष मनोनित



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** वीर तेजा सेना की प्रदेश कार्यकारिणी की सहमति से मनीष रूहेला पुत्र श्री वीर सिंह, निवासी बैरास तहसील लक्ष्मणगढ़ को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। 35 वर्षीय जाट समाज के युवा कार्यकर्ता मनीष रूहेला को जिलाध्यक्ष रामस्वरूप जाखड़ की ओर से वीर तेजा सेना का लक्ष्मणगढ़ तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिलाध्यक्ष ने मनीष रूहेला को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संगठन पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की कि वे तहसील अध्यक्ष के रूप में संगठन को मजबूत करने के लिए निःस्वार्थ भावना से कार्य करेंगे और समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। मनोनयन की खबर से क्षेत्र में उनके समर्थकों व संगठन कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है।

# राजस्थान नाथ समाज प्रदेश अध्यक्ष चुनाव को लेकर पाटन मे बैठक

जयपुर टाइम्स

**पाटन(निस)।** राजस्थान नाथ समाज के प्रदेश अध्यक्ष पद के चुनाव आगामी 28 दिसंबर को संपन्न होने जा रहे हैं। इसको लेकर पाटन कस्बे के डाबला रोड स्थित शिव मंदिर में राजस्थान नाथ समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पाटन व नीमकाथाना तहसील के समाज के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष ईश्वर नाथ, वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष प्रत्याशी सत्यम योगी (मोहनपुरा, जोधपुरा, कोटपूतली) विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ डॉ. माखनलाल, पूर्व अध्यक्ष बनवारी लाल चिताणु, पूर्व महामंत्री भेरूलाल भूदोली, सीकर जिला अध्यक्ष प्रहलाद योगी जुगलपुरा, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पाटन



के पूर्व सरपंच प्रहलाद योगी, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी राधेश्याम योगी कांथली, मोठूका सरपंच लीलाराम योगी, शिवराम योगी, रेखा नाथ, यादराम, गिरधारी योगी, भगवान सहाय चौकड़ी, वैध कालूराम योगी, लालचंद मोयल, विक्रम गांवड़ी, बनवारी भूदोली, सुरेश योगी सिरोही, श्रीराम नाथ, राधेश्याम व्यवस्थापक, बुधराम योगी, हरिराम योगी, रामचंद्र योगी, शुशील कुमार, हवा सिंह, इंद्राज, महेश, गणेश, भूपेंद्र, मास्टर मुरारी लाल पाटन, सुरेश पाटन, शिवदान मास्टर सहित समाज के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक से पूर्व पटवार घर से पूर्व अध्यक्ष ईश्वर नाथ व प्रदेश अध्यक्ष प्रत्याशी सत्यम योगी को घोड़ी पर बैठाकर बैंड-बाजे के साथ सम्मान जुलूस निकाला गया। जुलूस डाबला रोड स्थित शिव मंदिर पहुंचा, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया।कार्यक्रम का संचालन बजरंग लाल मास्टर (कोषाध्यक्ष) ने किया। बैठक की व्यवस्था पाटन-नीमकाथाना अध्यक्ष लालचंद योगी रावडा के नेतृत्व में की गई। प्रदेश अध्यक्ष प्रत्याशी सत्यम योगी ने अपने संबोधन में कहा कि 28 दिसंबर को होने वाले चुनाव में समाज के सभी मतदाता बढ़-चढ़कर मतदान करें और समाज को एक मजबूत नेतृत्व प्रदान करें। उन्होंने समाज की एकता, संगठन की मजबूती और सामाजिक विकास को अपनी प्राथमिकता बताया। सत्यम योगी ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों व समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में सैकड़ों की संख्या में समाज के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम अत्यंत सफल व उत्साहपूर्ण रहा।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# भजनलाल सरकार के प्रयासों से नई बुलंदियां छू रहा राजस्थान : सहारण

## सूचना केंद्र में आयोजित जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी का विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा व बसंत शर्मा ने किया उद्घाटन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राज्य सरकार के दो वर्ष के सफलतम कार्यकाल के उपलक्ष्य में चल रहे कार्यक्रमों के सिलसिले में मंगलवार को सूचना केंद्र में जिला प्रशासन तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से लगी तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा व बसंत शर्मा ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस दौरान अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रदर्शनी में दशाई गई प्रदेश व जिले की विकास यात्रा सबंधी सामग्री की सराहना की। इस मौके पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि पिछले दो वर्ष में राज्य सरकार ने प्रदेश के विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। डबल इंजन सरकार के प्रयासों से राजस्थान विकास की नई बुलंदियों को छू रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य में विकास की गंगा बह रही है। गांव-गांव, ढाणी-ढाणी तक सरकार ने अपनी पहुंच सुनिश्चित कर अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभान्वित किया है। यमुना जल समझौते से चूरू में वर्षपर्यंत यमुना का मीठा पानी मिलने की राह खुली है। इस दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। श्रमिक, युवा, महिला और किसान सहित सभी वर्गो के कल्याण के लिए राज्य सरकार ने उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। प्रदेश में किसानों को सशक्त बनाने और कृषि क्षेत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए व्यापक और दूरदर्शी कदम उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार ने आम-अवाम से किए अपने हर वायदे को पूरा करने का प्रयास



किया है। यही वजह है कि आज राज्य सरकार को लेकर हर वर्ग में उत्साह का माहौल है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने पांच साल में जितना काम किया, उससे भी अधिक काम सरकार के इस दो साल के इस कार्यकाल में हुए हैं। विधायक ने कहा कि दो वर्ष की राजस्थान की इस विकास यात्रा में चूरू जिला भी कहीं पीछे नहीं रहा है और यहां उल्लेखनीय विकास कार्य हुए हैं। एक तरफ जिले में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए अभूतपूर्व काम हो रहा है, वहीं विभिन्न योजनाओं के सुचारू संचालन से अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रदर्शनी आमजन के लिए उपयोगी साबित होगी। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि राज्य सरकार के संकल्प और मंशा के अनुरूप जिले में विकास कार्यक्रमों और जन कल्याणकारी योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन किया जा रहा है। शासन-प्रशासन की ओर से जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय से आमजन को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। राज्य सरकार की बजट घोषणाओं और फ्लैगशिप योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए सतत एवं सघन मॉनीटरिंग की जा रही है। सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जा रहा है। शासन-प्रशासन के समन्वित प्रयासों से जिला प्रगति की अेर अग्रसर है। बसंत शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अंतिम छोर के व्यक्ति के कल्याण को दृष्टिगत रखते हुए इस तरह से सुव्यवस्थित काम कर रही है कि योजनाओं का अधिकतम लाभ पात्र एवं जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर प्रगति कर रहा है। प्रधानमंत्री के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए चूरू जिले में भी समुचित प्रयास किए जा रहे हैं तथा पिछले दो वर्ष में भारी संख्या में विकास कार्य कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ग और प्रत्येक क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखकर योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद राज्य सरकार के संकल्प और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से जिला विकास के पथ पर अग्रसर है। उपनिदेशक (जनसंपर्क) कुमार अजय ने अतिथियों का स्वागत किया और बताया कि प्रदर्शनी तीन दिन तक आमजन के निःशुल्क अवलोकनार्थ खुली रहेगी। प्रदर्शनी में राज्य सरकार की उपलब्धियों के साथ-साथ जिले में विभिन्न विभागों की ओर से अर्जित उपलब्धियों को दर्शाया गया है। सहायक जन संपर्क अधिकारी मनीष कुमार ने प्रदर्शनी के बारे में अतिथियों को जानकारी दी। इस दौरान निवर्तमान उप जिला प्रमुख महेंद्र सिंह न्यौल, सीईओ श्वेता कोचर, अभिषेक चोटिया, सुरेश सारस्वत, भास्कर शर्मा, अख्तर खान, नरेंद्र काछवाल, सत्तार खान, रचना कोठारी, सुरेश मिश्रा, महेश मिश्रा, राजीव शर्मा, किशन उपाध्याय, सीपीओ भागचंद खारिया, सांख्यिकी उप निदेशक आरजी सेपट, रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू, उद्योग महाप्रबंधक उजाला, विक्रम गुर्जर, रामचंद्र गोयल, मंगेज सिंह, दुलीचंद सोनी, अक्षेता, प्रदीप, संजय गोयल, विजय रक्षक, जितेंद्र, अजय चांवरिया सहित अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, आमजन व मीडियाकर्मी मौजूद रहे। इस दौरान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से राज्य स्तर से प्रकाशित योजनाओं एवं उपलब्धियों से जुड़े साहित्य का वितरण किया गया।

### जिला विकास पुस्तिका का विमोचन:

इस दौरान विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, बसंत शर्मा सहित अतिथियों ने जिला प्रशासन तथा सूचना व जनसंपर्क विभाग की ओर से दो वर्ष की उपलब्धियों को लेकर प्रकाशित की गई जिला विकास पुस्तिका का विमोचन किया। विधायक सहारण ने जिला विकास पुस्तिका में समाहित सामग्री का अवलोकन किया और कहा कि पुस्तिका में समग्र ढंग से जिले के विकास को शामिल करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि पुस्तिका आमजन को जिले के विकास एवं योजनाओं को लेकर जागरूक करने की दिशा में उपयोगी साबित होगी। पुस्तिका में जिले में बजट घोषणाओं, फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ-साथ विभिन्न विभागों की ओर से किए गए विकास कार्यों व अर्जित उपलब्धियों को शामिल किया गया है।

## बीदासर नगर पालिका के ईओ बदले, भरत गौड़ ने संभाला पदभार



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** नगर पालिका में प्रशासनिक बदलाव किया गया है। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी विकास मीणा को हटाकर राजलदेसर नगर पालिका में एईएन के पद पर कार्यरत भरत गौड़ को बीदासर नगर पालिका का अधिशासी अधिकारी नियुक्त किया है। मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष सीताराम भोभारिया ने भरत गौड़ को पदभार ग्रहण कराया। इस दौरान पार्षद बाबूलाल करड़वाला, बेगराज नाई और बाबूलाल गुसाईवाल उपस्थित रहे।

## जिला बनाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ को जिला बनाए जाने की मांग को लेकर लगातार 1424 दिनों से उपखंड अधिकारी कार्यालय के समक्ष जनहित संघर्ष मोर्चा का धरना चल रहा है। मोर्चा अध्यक्ष एडवोकेट रामकुमार मेघवाल के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय पर नारेबाजी कर सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा गया और सुजानगढ़ को जिला बनाए जाने सहित 6 सूत्री मांगों को पूरा करने की मांग की गई। इस अवसर पर पूर्व पार्षद सिराज खान कायमखानी, साबिर अली चौहान, सत्यनारायण माली, सुमेरसिंह, पूनमचंद मेघवाल, गंगाधर मूंड, कमल टेलर, महेंद्र सिंह गुलेरिया सहित अनेक लोग मौजूद रहे। ज्ञापन नायब तहसीलदार असलम खान को सौंपा गया।

## अध्यक्ष बनने पर सूरजमल यादव का स्वागत



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अभिभाषक संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सूरजमल यादव का सम्मान समारोह सूर्य भगवान मंदिर में आयोजित किया गया। जिसमें अध्यक्ष विक्रम सिंह चोबदार, सागरमल सैनी, आदुराम सैनी ने यादव को शॉल ओढ़ाकर, माला पहनाकर और एक प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। विक्रम सिंह चोबदार ने न्यायपालिका और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके आगामी कार्यकाल की सफलता के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। एडवोकेट बुद्धि प्रकाश प्रजापत, मधु चोबदार एडवोकेट, सागरमल सैनी, आदुराम सैनी, शुभम सिगोदिया एडवोकेट, मुरारी प्रजापत एडवोकेट आदि कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## जिला स्पेशल पुलिस ने आदतन बकरी चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के सवाई बड़ी फांटा के पास जिला स्पेशल पुलिस टीम के प्रभारी हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा और हेडकांस्टेबल मंगलसिंह ने लगातार अपनी कार्रवाई को जारी रखते हुए 5 साल से फरार चल रहे आदतन बकरी चोरी के आरोपी आसासर निवासी 33 वर्षीय नैना उर्फ नानूराम बणजारा भाट को सवाई बड़ी



फांटा के पास से गिरफ्तार किया है। जिला स्पेशल पुलिस टीम के प्रभारी हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि चूरू जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशन पर हेड कांस्टेबल मंगलसिंह के साथ मिलकर लगातार लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में कार्रवाई करते हुए आदतन बकरी चोरी के आरोपी नैना उर्फ नानूराम बणजारा भाट को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ नागौर, जयपुर सहित कई जिलों में बकरी चोरी के कई मामले दर्ज हैं। आरोपी रात्रि के समय में अंधेरे का फायदा उठाकर बकरियां चोरी करता है। उन्होंने बताया कि अब आरोपी को सरदारशहर न्यायालय में पेश कर न्यायालय के आदेश के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## गिरधर शर्मा को मिलेगा एवरग्रीन अवार्ड

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** एवरग्रीन पब्लिक स्कूल की ओर से हर वर्ष दिए जाने वाला एवरग्रीन अवार्ड इस बार लम्बे समय से समाज से जुड़े यंग्स क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा को दिया जाएगा। निदेशक रतन सेन ने बताया कि शहर में सामाजिक, साहित्य व धार्मिक सेवा में निरंतर काम कर रहे एक व्यक्ति को प्रतिवर्ष एवरग्रीन अवार्ड दिया जाता हैन अवार्ड चयन समिति के सयोंजक सुमनेश शर्मा ने बताया कि 24 दिसम्बर को इस बार ये अवार्ड कई सामाजिक क्षेत्रो में काम कर रहे गिरधर शर्मा को मिलेगा।

## ग्रामीण समस्या समाधान शिविर में परिवादों का मौके पर ही निस्तारण

जयपुर टाइम्स

**पाटन(निस)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार मंगलवार को ग्रामीण सेवा शिविर के फॉलोअप कैम्प के रूप में ग्रामीण समस्या समाधान शिविर का आयोजन भू-अ-नि वृत्त मुख्यालय स्थित अटल सेवा केन्द्र, ग्राम पंचायत पाटन में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक किया गया। शिविर प्रभारी तहसीलदार पाटन सुभाष चन्द्र व सहायक शिविर प्रभारी विकास अधिकारी पंचायत समिति पाटन श्रीमती शशीबाला रहीं। शिविर में ग्राम पंचायत पाटन, डूंगा की नांगल, श्यामपुरा, राजपुरा व धांधेला के ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर में राजस्व, पंचायत राज, जल संसाधन, विद्युत, सार्वजनिक निर्माण, महिला व बाल विकास, कृषि सहित कुल 16 विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। शिविर के दौरान आमजन के परिवादों का मौके पर निस्तारण किया गया। राजस्व विभाग की ओर से लम्बित फार्मर रजिस्ट्री, आपसी सहमति से खाता विभाजन, आय व जाति प्रमाण पत्र जारी किए गए। साथ ही प्रचलित रास्तों को राजस्व अभिलेखों में दर्ज करने एवं खोलने की कार्यवाही की गई। स्वामित्व योजना के अंतर्गत पट्टों का वितरण भी किया गया। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, बीज मिनी किट का वितरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पालनहार योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण जैसे कार्य संपादित किए गए। प्रशासन की ओर से बताया गया कि बुधवार को भू-अ-नि वृत्त मुख्यालय के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत घासीपुरा, रायपुर पाटन, डोकन, न्यौराणा व लादी का बास के लिए अटल सेवा केन्द्र, ग्राम पंचायत रायपुर पाटन में ग्रामीण सेवा शिविर के फॉलोअप कैम्प के रूप में ग्रामीण समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## 180 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरण

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** रोटरी क्लब की ओर से सामाजिक सरोकार की भावना को साकार करते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मेहरासर चाचेरा, बरडासर तथा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अड़मालसर में अध्ययनरत जरूरतमंद 180 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए। कड़ाके की ठंड में बच्चों को स्वेटर उपलब्ध कराना न केवल मानवीय संवेदना का परिचायक रहा बल्कि शिक्षा के प्रति उन्हें प्रोत्साहित करने का भी सशक्त माध्यम बना। कार्यक्रम के दौरान हुलासमल व्यास की ओर से विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए भविष्य में शिक्षा के माध्यम से जीवन में ऊंचाइयां छूने व अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त साधन है जो समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखती है। इस अवसर पर मेहरासर चाचेरा विद्यालय के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार पारीक, अड़मालसर विद्यालय के प्रधानाचार्य इलियास खान तथा बरडासर विद्यालय के प्रधानाचार्य रूपाराम मेघवाल ने रोटरी क्लब की प्रशंसा करते हुए कहा कि आवश्यकता के समय विद्यार्थियों को स्वेटर उपलब्ध करवाकर क्लब ने अत्यंत सराहनीय व प्रेरणादायी कार्य किया है। उन्होंने क्लब के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब की ओर से डॉ अशोक गुप्ता, डॉ किशोरसिंह राठौड़, रवि अग्रवाल व देवकीनंदन अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## अपराधिक प्रवृति की महिला को नौकरी देने का आरोप

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** मध्यप्रदेश से आए अमिताभ प्रताप सिंह ने उपखंड कार्यालय में उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि एक निजी स्कूल में अपराधिक प्रवृति की महिला को नौकरी दे दी गई है, जिससे बच्चों के भविष्य पर बुरा असर पड़ेगा। ज्ञापन में एपी सिंह ने आरोप लगाया है कि फर्जी डिग्री के आधार पर नौकरी हासिल कर स्कूल प्रबंधन के साथ धोखाधड़ी की गई है। एपीसिंह ने बताया कि मुझ पर इस महिला ने बलात्कार का झूठा मुकदमा दर्ज करवाया और अपने पुरूष मित्र के साथ मिलकर अभियोग चलाया। जो सुप्रीम कोर्ट तक मोशन में ही खारिज कर दिया गया है। इसके बाद मैने इस महिला पर ब्लेकमेलिंग का मुकदमा दर्ज करवाया गया है, जो विचाराधीन है। ज्ञापन के साथ मुकदमों की लिस्ट भी प्रशासन को सौंपते हुए तत्काल कार्यवाही करने की मांग की गई है। दूसरी ओर इस प्रकरण में स्कूल मैनेजमेंट से बात करने पर बताया



कि स्कूल प्रशासन ने सारे दस्तावेज देखकर ही नौकरी दी है। फिलहाल यह महिला सात दिनों से चिकित्सकीय अवकाश पर है। अगर आरोपों में कोई भी सच्चाई है, तो स्कूल प्रशासन सख्त एक्शन लेगा। वहीं स्कूल मैनेजमेंट से बात करने के बाद आरोपी महिला ने खुद मीडिया को फोन करके बताया कि मैं बेकसूर हूं और ये व्यक्ति मुझे ब्लेकमेल कर रहा है। आप कृपा करके खबर मत छापिये, इससे स्कूल की छवि खराब होगी। महिला ने कहा कि कोई अमाउंट चाहिए, तो आप मिलकर ले लेना, लेकिन खबर मत लगाईए।

## यमुना जल समझोता लागू करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** अखिल भारतीय किसान सभा के कार्यकर्ताओ ने यमुना जल समझौता 1994 लागू करने की माँग को लेकर हेतमसर में विधायक रीटा चौधरी के निवास पर अपनी मांग को लेकर धरना देते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। 1जनवरी 2024 से किसानों का अनिश्चितकालीन धरना लाल चौक चिड़ावा खेतड़ी रोड पर चल



रहा है। लाल चौक पर जारी धरने के समर्थन में व किसान सभा के आहान पर प्रत्येक महिने की 16 तारीख को जिले के एक विधायक के आवास पर धरना देकर ज्ञापन सौपा जाता है। अखिल भारतीय किसान सभा के जिला सयुंक्त सचिव अरविन्द गढ़वाल ने बताया कि इसी क्रम में हेतमसर गाँव में किसान नेता देवकीनंदन बसेरा व किसान नेता कर्मवीर चाहर के नेतृत्व में धरना दिया गया तथा मंड़ावा विधायक के नाम ज्ञापन वहाँ पर ड्यूटी पर मौजूद रहे थाने के प्रतिनिधि सुरेन्द्र नेहरा को ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन में किसान सभा के जिलाध्यक्ष गिरधारीलाल महला, जिला महामंत्री मदनसिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष बजरंगलाल बराला, किसान नेता कर्मवीर चाहर, किसान नेता देवकीनंदन बसेरा, जिला सयुंक्त सचिव अरविन्द गढ़वाल, किसान नेता रणधीर ओला,गोहर खान नुआ, प्रत्यक्ष चाहर, मूलचंद झाझड़िया, नरेश राहड़,राजेश बिजारणिया, बिलाल कुरैशी, ताराचंद तानान, जयसिंह भास्कर, प्रताप भास्कर,राजेंद्र जांगिड़, रामकुमार पायल समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

## सालासर में होगा 62 वां प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन

जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) का 62वां प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन आगामी 19 व 20 दिसंबर 2025 को सालासर में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन स्थल बालाजी गौशाला के सामने, सुजानगढ़ रोड स्थित रहेगा। सम्मेलन में शिक्षकों से जुड़े प्रमुख मुद्दों—स्थानांतरण, डीपीसी, गैर-शैक्षणिक कार्यों का बोझ, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, पुरानी पेंशन योजना सहित विभिन्न शैक्षिक व शिक्षक हितों के विषयों पर गंभीर विचार-विमर्श किया जाएगा तथा महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर स्थानीय गौशाला परिसर में प्रदेशाध्यक्ष महावीर सिहाग, महामंत्री उपेंद्र शर्मा एवं प्रांतीय संघर्ष समिति संयोजक पोखरमल के सान्निध्य में एक तैयारी बैठक आयोजित की गई। संगठन के वरिष्ठ शिक्षक नेता बनवारी कुलहरि व ब्लॉक मंत्री इमरान, शिक्षक नेता शिवपाल थालौड़ ने बताया कि बैठक में अब तक की तैयारियों की समीक्षा की गई तथा सम्मेलन की सफल क्रियान्विति के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया। बैठक में गजानद शर्मा खोतडी प्रांतीय संयुक्त मंत्री शुभकरण नैण, प्रांतीय कमेटी सदस्य श्रवण थालौड़, जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र सीगड़, जिला प्रवक्ता महेंद्र शर्मा, बीदासर अध्यक्ष भागीरथ दुसाद, मंत्री कुलदीप सिंहमार, सुगनाराम चौधरी,सुखाराम गोदारा, लक्ष्मण नायक, मघाराम मांडिया, समाजसेवी सांवरमल ढाका,डीवाईएफआई जिला अध्यक्ष दीनदयाल गुलेरिया, एसएफआई अध्यक्ष ओमप्रकाश डूडी एवं सागर मेघवाल सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीबीईओ पवन कुमार का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मंडावा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंडावा डेडराज ढ़ाढ़णिया राजकीय विद्यालय के प्रधानाचार्य पवन कुमार का आज विद्यालय परिसर में सम्मान किया गया। राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम ब्लॉक कार्यकारिणी ओर विद्यालय स्टाफ की ओर से शिक्षा अधिकारी पवन कुमार का साफा ओर शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर विजेन्द्र बुडाणिया, रणवीर सिंह,सुमेर सिंह,विरेन्द्र कुमार, संगीता, बबीता, निकिता, सुनिता, माया, रामकरण, दिनेश कुमार शर्मा, संजय महला, सहजाद अली सुधीर कुमार, राजेन्द्र कुमार, संदीप कुमार, रविकांत, आशिष कुमार, विकास उपस्थित रहें। संचालन सहजाद अली ने किया।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
17 दिसम्बर, 2025

## बीदासर नगर पालिका के ईओ बदले, भरत गौड़ ने संभाला पदभार



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** नगर पालिका में प्रशासनिक बदलाव किया गया है। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी विकास मीणा को हटाकर राजलदेसर नगर पालिका में एईएन के पद पर कार्यरत भरत गौड़ को बीदासर नगर पालिका का अधिशासी अधिकारी नियुक्त किया है। मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष सीताराम भोभारिया ने भरत गौड़ को पदभार ग्रहण कराया। इस दौरान पार्षद बाबूलाल करड़वाला, बेगराज नाई और बाबूलाल गुसाईवाल उपस्थित रहे।

## जिला बनाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ को जिला बनाए जाने की मांग को लेकर लगातार 1424 दिनों से उपखंड अधिकारी कार्यालय के समक्ष जनहित संघर्ष मोर्चा का धरना चल रहा है। मोर्चा अध्यक्ष एडवोकेट रामकुमार मेघवाल के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय पर नारेबाजी कर सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा गया और सुजानगढ़ को जिला बनाए जाने सहित 6 सूत्री मांगों को पूरा करने की मांग की गई। इस अवसर पर पूर्व पार्षद सिराज खान कायमखानी, साबिर अली चौहान, सत्यनारायण माली, सुमेरसिंह, पूनमचंद मेघवाल, गंगाधर मूंड, कमल टेलर, महेंद्र सिंह गुलेरिया सहित अनेक लोग मौजूद रहे। ज्ञापन नायब तहसीलदार असलम खान को सौंपा गया।

## अध्यक्ष बनने पर सूरजमल यादव का स्वागत



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अभिभाषक संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सूरजमल यादव का सम्मान समारोह सूर्य भगवान मंदिर में आयोजित किया गया। जिसमें अध्यक्ष विक्रम सिंह चोबदार, सागरमल सैनी, आदुराम सैनी ने यादव को शॉल ओढ़ाकर, माला पहनाकर और एक प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। विक्रम सिंह चोबदार ने न्यायपालिका और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके आगामी कार्यकाल की सफलता के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। एडवोकेट बुद्धि प्रकाश प्रजापत, मधु चोबदार एडवोकेट, सागरमल सैनी, आदुराम सैनी, शुभम सिगोदिया एडवोकेट, मुरारी प्रजापत एडवोकेट आदि कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## जिला स्पेशल पुलिस ने आदतन बकरी चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के सवाई बड़ी फांटा के पास जिला स्पेशल पुलिस टीम के प्रभारी हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा और हेडकांस्टेबल मंगलसिंह ने लगातार अपनी कार्रवाई को जारी रखते हुए 5 साल से फरार चल रहे आदतन बकरी चोरी के आरोपी आसासर निवासी 33 वर्षीय नैना उर्फ नानूराम बणजारा भाट को सवाई बड़ी फांटा के पास से गिरफ्तार किया है। जिला स्पेशल पुलिस टीम के प्रभारी हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि चूरू जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशन पर हेड कांस्टेबल मंगलसिंह के साथ मिलकर लगातार लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में कार्रवाई करते हुए आदतन बकरी चोरी के आरोपी नैना उर्फ नानूराम बणजारा भाट को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ नागौर, जयपुर सहित कई जिलों में बकरी चोरी के कई मामले दर्ज हैं। आरोपी रात्रि के समय में अंधेरे का फायदा उठाकर बकरियां चोरी करता है। उन्होंने बताया कि अब आरोपी को सरदारशहर न्यायालय में पेश कर न्यायालय के आदेश के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## गिरधर शर्मा को मिलेगा एवरग्रीन अवार्ड

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** एवरग्रीन पब्लिक स्कूल की ओर से हर वर्ष दिए जाने वाला एवरग्रीन अवार्ड इस बार लम्बे समय से समाज से जुड़े यंग्स क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा को दिया जाएगा। निदेशक रतन सेन ने बताया कि शहर में सामाजिक, साहित्य व धार्मिक सेवा में निरंतर काम कर रहे एक व्यक्ति को प्रतिवर्ष एवरग्रीन अवार्ड दिया जाता हैन अवार्ड चयन समिति के सयोंजक सुमनेश शर्मा ने बताया कि 24 दिसम्बर को इस बार ये अवार्ड कई सामाजिक क्षेत्रो में काम कर रहे गिरधर शर्मा को मिलेगा।

# भजनलाल सरकार के प्रयासों से नई बुलंदियां छू रहा राजस्थान : सहारण

### सूचना केंद्र में आयोजित जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी का विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा व बसंत शर्मा ने किया उद्घाटन

जयपुर टाइम्स





**चूरू(निस)।** राज्य सरकार के दो वर्ष के सफलतम कार्यकाल के उपलक्ष्य में चल रहे कार्यक्रमों के सिलसिले में मंगलवार को सूचना केंद्र में जिला प्रशासन तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से लगी तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा व बसंत शर्मा ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस दौरान अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रदर्शनी में दशाई गई प्रदेश व जिले की विकास यात्रा सबंधी सामग्री की सराहना की। इस मौके पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि पिछले दो वर्ष में राज्य सरकार ने प्रदेश के विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। डबल इंजन सरकार के प्रयासों से राजस्थान विकास की नई बुलंदियों को छू रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य में विकास की गंगा बह रही है। गांव-गांव, ढाणी-ढाणी तक सरकार ने अपनी पहुंच सुनिश्चित कर अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभान्वित किया है। यमुना जल समझौते से चूरू में वर्षपर्यंत यमुना का मीठा पानी मिलने की राह खुली है। इस दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। श्रमिक, युवा, महिला और किसान सहित सभी वर्गो के कल्याण के लिए राज्य सरकार ने उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। प्रदेश में किसानों को सशक्त बनाने और कृषि क्षेत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए व्यापक और दूरदर्शी कदम उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार ने आम-अवाम से किए अपने हर वायदे को पूरा करने का प्रयास किया है। यही वजह है कि आज राज्य सरकार को लेकर हर वर्ग में उत्साह का माहौल है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने पांच साल में जितना काम किया, उससे भी अधिक काम सरकार के इस दो साल के इस कार्यकाल में हुए हैं। विधायक ने कहा कि दो वर्ष की राजस्थान की इस विकास यात्रा में चूरू जिला भी कहीं पीछे नहीं रहा है और यहां उल्लेखनीय विकास कार्य हुए हैं। एक तरफ जिले में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए अभूतपूर्व काम हो रहा है, वहीं विभिन्न योजनाओं के सुचारू संचालन से अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रदर्शनी आमजन के लिए उपयोगी साबित होगी। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि राज्य सरकार के संकल्प और मंशा के अनुरूप जिले में विकास कार्यक्रमों और जन कल्याणकारी योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन किया जा रहा है। शासन-प्रशासन की ओर से जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय से आमजन को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। राज्य सरकार की बजट घोषणाओं और फ्लैगशिप योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए सतत एवं सघन मॉनीटरिंग की जा रही है। सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जा रहा है। शासन-प्रशासन के समन्वित प्रयासों से जिला प्रगति की अेर अग्रसर है। बसंत शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अंतिम छोर के व्यक्ति के कल्याण को दृष्टिगत रखते हुए इस तरह से सुव्यवस्थित काम कर रही है कि योजनाओं का अधिकतम लाभ पात्र एवं जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर प्रगति कर रहा है। प्रधानमंत्री के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए चूरू जिले में भी समुचित प्रयास किए जा रहे हैं तथा पिछले दो वर्ष में भारी संख्या में विकास कार्य कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ग और प्रत्येक क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखकर योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद राज्य सरकार के संकल्प और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से जिला विकास के पथ पर अग्रसर है। उपनिदेशक (जनसंपर्क) कुमार अजय ने अतिथियों का स्वागत किया और बताया कि प्रदर्शनी तीन दिन तक आमजन के निःशुल्क अवलोकनार्थ खुली रहेगी। प्रदर्शनी में राज्य सरकार की उपलब्धियों के साथ-साथ जिले में विभिन्न विभागों की ओर से अर्जित उपलब्धियों को दर्शाया गया है। सहायक जन संपर्क अधिकारी मनीष कुमार ने प्रदर्शनी के बारे में अतिथियों को जानकारी दी। इस दौरान निवर्तमान उप जिला प्रमुख महेंद्र सिंह न्यौल, सीईओ श्वेता कोचर, अभिषेक चोटिया, सुरेश सारस्वत, भास्कर शर्मा, अख्तर खान, नरेंद्र काछवाल, सत्तार खान, रचना कोठारी, सुरेश मिश्रा, महेश मिश्रा, राजीव शर्मा, किशन उपाध्याय, सीपीओ भागचंद खारिया, सांख्यिकी उप निदेशक आरजी सेपट, रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू, उद्योग महाप्रबंधक उजाला, विक्रम गुर्जर, रामचंद्र गोयल, मंगेज सिंह, दुलीचंद सोनी, अक्षेता, प्रदीप, संजय गोयल, विजय रक्षक, जितेंद्र, अजय चांवरिया सहित अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, आमजन व मीडियाकर्मी मौजूद रहे। इस दौरान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से राज्य स्तर से प्रकाशित योजनाओं एवं उपलब्धियों से जुड़े साहित्य का वितरण किया गया।

### जिला विकास पुस्तिका का विमोचन:

इस दौरान विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, बसंत शर्मा सहित अतिथियों ने जिला प्रशासन तथा सूचना व जनसंपर्क विभाग की ओर से दो वर्ष की उपलब्धियों को लेकर प्रकाशित की गई जिला विकास पुस्तिका का विमोचन किया। विधायक सहारण ने जिला विकास पुस्तिका में समाहित सामग्री का अवलोकन किया और कहा कि पुस्तिका में समग्र ढंग से जिले के विकास को शामिल करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि पुस्तिका आमजन को जिले के विकास एवं योजनाओं को लेकर जागरुक करने की दिशा में उपयोगी साबित होगी। पुस्तिका में जिले में बजट घोषणाओं, फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ-साथ विभिन्न विभागों की ओर से किए गए विकास कार्यों व अर्जित उपलब्धियों को शामिल किया गया है।

## ग्रामीण समस्या समाधान शिविर में परिवादों का मौके पर ही निस्तारण

जयपुर टाइम्स

**पाटन(निस)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार मंगलवार को ग्रामीण सेवा शिविर के फॉलोअप कैम्प के रूप में ग्रामीण समस्या समाधान शिविर का आयोजन भू-अ-नि वृत्त मुख्यालय स्थित अटल सेवा केन्द्र, ग्राम पंचायत पाटन में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक किया गया। शिविर प्रभारी तहसीलदार पाटन सुभाष चन्द्र व सहायक शिविर प्रभारी विकास अधिकारी पंचायत समिति पाटन श्रीमती शशीबाला रहीं। शिविर में ग्राम पंचायत पाटन, डूंगा की नांगल, श्यामपुरा, राजपुरा व धांधेला के ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर में राजस्व, पंचायत राज, जल संसाधन, विद्युत, सार्वजनिक निर्माण, महिला व बाल विकास, कृषि सहित कुल 16 विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। शिविर के दौरान आमजन के परिवादों का मौके पर निस्तारण किया गया। राजस्व विभाग की ओर से लम्बित फार्मर रजिस्ट्री, आपसी सहमति से खाता विभाजन, आय व जाति प्रमाण पत्र जारी किए गए। साथ ही प्रचलित रास्तों को राजस्व अभिलेखों में दर्ज करने एवं खोलने की कार्यवाही की गई। स्वामित्व योजना के अंतर्गत पट्टों का वितरण भी किया गया। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, बीज मिनी किट का वितरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पालनहार योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण जैसे कार्य संपादित किए गए। प्रशासन की ओर से बताया गया कि बुधवार को भू-अ-नि वृत्त मुख्यालय के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत घासीपुरा, रायपुर पाटन, डोकन, न्यौराणा व लादी का बास के लिए अटल सेवा केन्द्र, ग्राम पंचायत रायपुर पाटन में ग्रामीण सेवा शिविर के फॉलोअप कैम्प के रूप में ग्रामीण समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## 180 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरण

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** रोटरी क्लब की ओर से सामाजिक सरोकार की भावना को साकार करते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मेहरासर चाचेरा, बरडासर तथा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अड़मालसर में अध्ययनरत जरूरतमंद 180 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए। कड़ाके की ठंड में बच्चों को स्वेटर उपलब्ध कराना न केवल मानवीय संवेदना का परिचायक रहा बल्कि शिक्षा के प्रति उन्हें प्रोत्साहित करने का भी सशक्त माध्यम बना। कार्यक्रम के दौरान हुलासमल व्यास की ओर से विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए भविष्य में शिक्षा के माध्यम से जीवन में ऊंचाइयां छूने व अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त साधन है जो समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखती है। इस अवसर पर मेहरासर चाचेरा विद्यालय के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार पारीक, अड़मालसर विद्यालय के प्रधानाचार्य इलियास खान तथा बरडासर विद्यालय के प्रधानाचार्य रूपाराम मेघवाल ने रोटरी क्लब की प्रशंसा करते हुए कहा कि आवश्यकता के समय विद्यार्थियों को स्वेटर उपलब्ध करवाकर क्लब ने अत्यंत सराहनीय व प्रेरणादायी कार्य किया है। उन्होंने क्लब के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब की ओर से डॉ अशोक गुप्ता, डॉ किशोरसिंह राठौड़, रवि अग्रवाल व देवकीनंदन अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## अपराधिक प्रवृति की महिला को नौकरी देने का आरोप

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ(नि.सं.)।** मध्यप्रदेश से आए अमिताभ प्रताप सिंह ने उपखंड कार्यालय में उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि एक निजी स्कूल में अपराधिक प्रवृति की महिला को नौकरी दे दी गई है, जिससे बच्चों के भविष्य पर बुरा असर पड़ेगा। ज्ञापन में एपी सिंह ने आरोप लगाया है कि फर्जी डिग्री के आधार पर नौकरी हासिल कर स्कूल प्रबंधन के साथ धोखाधड़ी की गई है। एपीसिंह ने बताया कि मुझ पर इस महिला ने बलात्कार का झूठा मुकदमा दर्ज करवाया और अपने पुरूष मित्र के साथ मिलकर अभियोग चलाया। जो सुप्रीम कोर्ट तक मोशन में ही खारिज कर दिया गया है। इसके बाद मैने इस महिला पर ब्लेकमेलिंग का मुकदमा दर्ज करवाया गया है, जो विचाराधीन है। ज्ञापन के साथ मुकदमों की लिस्ट भी प्रशासन को सौंपते हुए तत्काल कार्यवाही करने की मांग की गई है। दूसरी ओर इस प्रकरण में स्कूल मैनेजमेंट से बात करने पर बताया कि स्कूल प्रशासन ने सारे दस्तावेज देखकर ही नौकरी दी है। फिलहाल यह महिला सात दिनों से चिकित्सकीय अवकाश पर है। अगर आरोपों में कोई भी सच्चाई है, तो स्कूल प्रशासन सख्त एक्शन लेगा। वहीं स्कूल मैनेजमेंट से बात करने के बाद आरोपी महिला ने खुद मीडिया को फोन करके बताया कि मैं बेकसूर हूं और ये व्यक्ति मुझे ब्लेकमेल कर रहा है। आप कृपा करके खबर मत छापिये, इससे स्कूल की छवि खराब होगी। महिला ने कहा कि कोई अमाउंट चाहिए, तो आप मिलकर ले लेना, लेकिन खबर मत लगाईए।

## यमुना जल समझोता लागू करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**मंडावा(निस)।** अखिल भारतीय किसान सभा के कार्यकर्ताओ ने यमुना जल समझौता 1994 लागू करने की माँग को लेकर हेतमसर में विधायक रीटा चौधरी के निवास पर अपनी मांग को लेकर धरना देते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। 1जनवरी 2024 से किसानों का अनिश्चितकालीन धरना लाल चौक चिड़ावा खेतड़ी रोड पर चल रहा है। लाल चौक पर जारी धरने के समर्थन में व किसान सभा के आहान पर प्रत्येक महिने की 16 तारीख को जिले के एक विधायक के आवास पर धरना देकर ज्ञापन सौपा जाता है। अखिल भारतीय किसान सभा के जिला सयुंक्त सचिव अरविन्द गढ़वाल ने बताया कि इसी क्रम में हेतमसर गाँव में किसान नेता देवकीनंदन बसेरा व किसान नेता कर्मवीर चाहर के नेतृत्व में धरना दिया गया तथा मंड़ावा विधायक के नाम ज्ञापन वहाँ पर ड्यूटी पर मौजूद रहे थाने के प्रतिनिधि सुरेन्द्र नेहरा को ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन में किसान सभा के जिलाध्यक्ष गिरधारीलाल महला, जिला महामंत्री मदनसिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष बजरंगलाल बराला, किसान नेता कर्मवीर चाहर, किसान नेता देवकीनंदन बसेरा, जिला सयुंक्त सचिव अरविन्द गढ़वाल, किसान नेता रणधीर ओला,गोहर खान नुआ, प्रत्यक्ष चाहर, मूलचंद झाझड़िया, नरेश राहड़,राजेश बिजारणिया, बिलाल कुरैशी, ताराचंद तानान, जयसिंह भास्कर, प्रताप भास्कर,राजेंद्र जांगिड़, रामकुमार पायल समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

## सालासर में होगा 62 वां प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन

जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) का 62वां प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन आगामी 19 व 20 दिसंबर 2025 को सालासर में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन स्थल बालाजी गौशाला के सामने, सुजानगढ़ रोड स्थित रहेगा। सम्मेलन में शिक्षकों से जुड़े प्रमुख मुद्दों–स्थानांतरण, डीपीसी, गैर-शैक्षणिक कार्यों का बोझ, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, पुरानी पेंशन योजना सहित विभिन्न शैक्षिक व शिक्षक हितों के विषयों पर गंभीर विचार-विमर्श किया जाएगा तथा महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर स्थानीय गौशाला परिसर में प्रदेशाध्यक्ष महावीर सिहाग, महामंत्री उपेंद्र शर्मा एवं प्रांतीय संघर्ष समिति संयोजक पोखरमल के सान्निध्य में एक तैयारी बैठक आयोजित की गई। संगठन के वरिष्ठ शिक्षक नेता बनवारी कुलहरि व ब्लॉक मंत्री इमरान, शिक्षक नेता शिवपाल थालौड़ ने बताया कि बैठक में अब तक की तैयारियों की समीक्षा की गई तथा सम्मेलन की सफल क्रियान्विति के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया। बैठक में गजानद शर्मा खोतडी प्रांतीय संयुक्त मंत्री शुभकरण नैण, प्रांतीय कमेटी सदस्य श्रवण थालौड़, जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र सीगड़, जिला प्रवक्ता महेंद्र शर्मा, बीदासर अध्यक्ष भागीरथ दुसाद, मंत्री कुलदीप सिंहमार, सुगनाराम चौधरी,सुखाराम गोदारा, लक्ष्मण नायक, मघाराम मांडिया, समाजसेवी सांवरमल ढाका,डीवाईएफआई जिला अध्यक्ष दीनदयाल गुलेरिया, एसएफआई अध्यक्ष ओमप्रकाश डूडी एवं सागर मेघवाल सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीबीईओ पवन कुमार का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मंडावा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंडावा डेडराज ढ़ाढ़णिया राजकीय विद्यालय के प्रधानाचार्य पवन कुमार का आज विद्यालय परिसर में सम्मान किया गया। राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम ब्लॉक कार्यकारिणी ओर विद्यालय स्टाफ की ओर से शिक्षा अधिकारी पवन कुमार का साफा ओर शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर विजेन्द्र बुडाणिया, रणवीर सिंह,सुमेर सिंह,विरेन्द्र कुमार, संगीता, बबीता, निकिता, सुनिता, माया, रामकरण, दिनेश कुमार शर्मा, संजय महला, सहजाद अली सुधीर कुमार, राजेन्द्र कुमार, संदीप कुमार, रविकांत, आशिष कुमार, विकास उपस्थित रहें। संचालन सहजाद अली ने किया।